चैत्र कृष्ण पक्ष 11, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, मंगलवार
25 मार्च 2025
वर्ष-26, अंक- 52, पृष्ठ-12




**रांची का तापमान**

| कांके | | रांची | |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 30.0° | अधिक. | 31.2° |
| न्यून. | 16.5° | न्यून. | 15.6° |

₹ 81600 (10 ग्राम)

₹ 100000 (01 किलो)

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 77,984.38 | 85.628 |
| +1,078.88 | -0.362 |

**माह-ए-रमजान**

| इफ्तार | सेहरी |
|---|---|
| 6:04 | 4:29 |
| 25 मार्च | 26 मार्च |

## मुख्यमंत्री आवास में दावत ए इफ्तार का आयोजन, बड़ी संख्या में रोजेदार हुए शामिल

# सीएम सोरेन ने की राज्य की उन्नति, बरकत और रहमत की दुआ



**नवीन मेल डेस्क/रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से माह ए रमजान के मुबारक मौके पर सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में दावत ए इफ्तार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएम ने सभी रोजेदारों को रमजान की दिली मुबारकबाद दी। मौके पर सभी धर्म के लोगों ने एक साथ रोजा इफ्तारी की। दावत ए इफ्तार में मुख्यमंत्री सोरेन के साथ सभी ने राज्य की उन्नति, सुख-समृद्धि, विकास और अमन-चैन के साथ-साथ प्रेम-भाईचारा, खुशहाली, बरकत और रहमत की दुआ की। दावत ए इफ्तार में मंत्री दीपक बिरुवा, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव, रामदास सोरेन, इरफान अंसारी, हफीजुल हसन अंसारी, दीपिका पांडेय, सुदिव्य कुमार, विधायक कल्पना सोरेन सहित कई विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, वरीय पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में रोजेदार शामिल हुए।

- मुख्यमंत्री ने सभी रोजेदारों को रमजान की दी दिली मुबारकबाद
- दावत ए इफ्तार में मंत्री, विधायक व सभी धर्मों के लोग हुए शामिल

## एक नजर

### सांसदों के वेतन, भत्ते और पेंशन में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने संसद सदस्यों के वेतन, दैनिक भत्ते, पेंशन और अतिरिक्त पेंशन में बढ़ोतरी की है। सोमवार को इस संबंध में संसदीय कार्य मंत्रालय की ओर से गजट नोटिफिकेशन जारी की दिया गया। इसके तहत सांसदों को प्रतिमाह एक लाख रुपए के स्थान पर अब 1.24 लाख रुपए वेतन मिलेगा। यह वृद्धि 1 अप्रैल 2023 से लागू होगी। संसदीय कार्य मंत्रालय के एडिशन सचिव डॉ सत्य प्रकाश की ओर से जारी गजट नोटिफिकेशन के अनुसार 1 अप्रैल 2023 से लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों का वेतन 1 लाख रुपए से बढ़कर 1.24 लाख रुपए प्रति माह कर दिया गया है।

### मेनिंजाइटिस का टीका हज यात्रियों के लिए अनिवार्य

**जेद्दा।** सऊदी अरब के हज और उमराह मंत्रालय ने घोषणा की है कि इस साल हज यात्रा में हिस्सा लेने वाले सभी लोगों के लिए मेनिंजाइटिस का टीका अनिवार्य होगा। यह महत्वपूर्ण निर्णय लाखों तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के उद्देश्य से लिया गया है। यह सऊदी नागरिकों और विदेशी नागरिकों दोनों पर लागू होगा। पाकिस्तान के जियो न्यूज चैनल की खबर के अनुसार मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया है कि संभावित जानलेवा बीमारी से व्यापक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हज में भाग लेने के लिए टीकाकरण को अनिवार्य किया गया है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

## नगर निकाय चुनाव को लेकर जमकर हुई बहस, मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा

# सरकार ओबीसी आरक्षण देने के लिए है संकल्पित

**विधानसभा का बजट सत्र**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में सोमवार को नगर निकाय चुनाव को लेकर जमकर बहस हुई। विधायक सरयू राय ने अपने अनूपूरक सवाल में मुद्दा उठाया कि हाईकोर्ट के आदेशानुसार चार महीने के भीतर चुनाव कराए जाने थे, लेकिन 16 मई की समय सीमा के अंदर चुनाव कराना मुश्किल नजर आता है। इस पर मंत्री दीपक बिरुआ ने बताया कि 21 जिलों में ओबीसी सर्वेक्षण का कार्य पूरा हो चुका है, तीन जिलों में यह कार्य अभी बाकी है।
वहीं, विधायक नवीन जयसवाल ने सवाल किया कि राज्य में मुखिया और जिला पंचायत का चुनाव बिना ओबीसी आरक्षण के कराया गया था, तो क्या इस बार चुनाव 16 मई से पहले कराए जा सकते हैं। नगर विकास मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि ट्रिपल टेस्ट केवल तीन जिलों में बाकी है और सरकार ओबीसी को आरक्षण देने के लिए संकल्पित है। उन्होंने यह भी कहा कि ओबीसी वर्ग के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित किया जाएगा और फिर चुनाव आयोजित कराए जाएंगे। विदित हो कि झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व वार्ड पार्षद रोशनी खलखो की दायर अवमानना शेष पेज 11 पर

### पुलिस में 4919 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू

- आठ घंटे की जगह 18 घंटे पुलिस से करवाई जाती है ड्यूटी : शत्रुघ्न

बाघमारा से भाजपा के विधायक शत्रुघ्न महतो ने तारांकित प्रश्न के जरिए सदन के माध्यम से सरकार को बताया कि राज्य में पुलिस बल की काफी कमी है। इस कारण आपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। राज्य में पुलिस बल की कमी के कारण 8 घंटे के जगह 18 घंटे पुलिस से ड्यूटी कराई जाती है। शत्रुघ्न महतो ने जल्द से जल्द पुलिस की भर्ती और नियम के हिसाब से सेवा लेने की मांग की। सदन में जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री योगेंद्र महतो ने कहा कि शेष पेज 11 पर

### प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर जुर्माना

- ध्यानाकर्षण के माध्यम से विधायक रागिनी सिंह ने उठाया था मामला

विस में ध्यानाकर्षण के माध्यम से भाजपा की झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि प्राइवेट स्कूल में री-एडमिशन के नाम पर हर साल 10 से 20 प्रतिशत तक फीस बढ़ा दी जाती है। किताबों में भी कमीशन वसूलने का काम होता है। स्कूल की ओर से किसी खास दुकान से ही किताब और ड्रेस खरीदने के लिए कहा जाता है। रागिनी सिंह ने कहा कि प्राइवेट स्कूल गरीब का खून चूसने का काम कर रहे हैं। शेष पेज 11 पर



**मंत्री ने कहा**

- **03** जिलों में ट्रिपल टेस्ट बाकी समय सीमा के अंदर चुनाव कराना मुश्किल
- **16** मई तक ट्रिपल टेस्ट की रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने पर हाईकोर्ट जाएगी सरकार
- ओबीसी वर्ग के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के बाद होंगे चुनाव

### सदन में ₹1 लाख 45 हजार 400 करोड़ का बजट पास

रांची। विधानसभा के बजट सत्र के 17वें दिन सोमवार को सदन में एक लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपए का बजट ध्वनिमत से पास हो गया। ज्ञात हो कि विगत तीन मार्च को वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सदन में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एक लाख 45 हजार 400 करोड़ का बजट पेश किया था। सोमवार को सत्र में बतला गया कि कृषि में 242108.16 लाख रुपए, पशुपालन में 62023.32 लाख रुपए, भवन निर्माण में 86157.31 लाख रुपए, मंत्रिमंडल सचिवालय 8237.42 लाख रुपए, निर्वाचन में 13159.58 लाख रुपए, राज्यपाल सचिवालय में 1962.07 लाख रुपए, निगरानी प्रभाग 5197.00 लाख रुपए, नागर विमानन 11519.37 लाख रुपए, सहकारिता में 93679.07 लाख रुपए शेष पेज 11 पर

### शैक्षणिक संस्थानों में जातिगत प्रताड़ना की जांच की जाएगी

- सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में किया टास्क फोर्स का गठन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश के शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों के बीच बढ़ रही आत्महत्याओं के मुद्दे पर विचार करने के लिए पूर्व न्यायाधीश जस्टिस एस. रवींद्र भट की अध्यक्षता में एक टास्क फोर्स का गठन किया है। टास्क फोर्स शैक्षणिक संस्थानों आईआईएम, एम्स, आईआईटी, एनआईटी और अन्य विश्वविद्यालयों में जातिगत प्रताड़ना के आरोपों की जांच करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश वर्ष 2023 में दिल्ली आईआईटी के दो छात्रों की मौत की जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को वर्ष 2023 में आईआईटी-दिल्ली के दो दलित छात्रों की मौत की जांच का निर्देश दिया है। शेष पेज 11 पर

## डीजीपी नियुक्ति मामले में राज्य सरकार व यूपीएससी को नोटिस

**नवीन मेल डेस्क**




- अवमानना याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में हुई सुनवाई, अगली तिथि 16 जून निर्धारित

**रांची।** राज्य में डीजीपी के पद पर अनुराग गुप्ता की नियुक्ति के मामले में भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी की ओर से दायर अवमानना याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार और यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) सहित सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया।

बाबूलाल मरांडी की याचिका में कहा गया है कि पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के पद पर अनुराग गुप्ता की नियुक्ति में यूपीएससी की गाइडलाइंस और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अवहेलना की गई है। याचिका में झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, डीजीपी चयन समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश रत्नाकर भेंगरा, समिति के सदस्य पूर्व डीजीपी नीरज सिन्हा को प्रतिवादी बनाया गया है। सोमवार को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की बेंच ने याचिका पर सुनवाई की। याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार ने बिना किसी गंभीर आरोप के आईपीएस अधिकारी अजय कुमार सिंह को कार्यकाल पूरा किए बगैर डीजीपी के पद से हटाकर इस पद पर अनुराग गुप्ता को नियुक्त कर दिया शेष पेज 11 पर

## एनटीपीसी के डीजीएम हत्याकांड का हुआ खुलासा

# अमन के गुर्गों ने की थी हत्या, 4 गिरफ्तार

- खनन कंपनियों के कर्मियों में खौफ पैदा करने के लिए वारदात को दिया गया था अंजाम

**नवीन मेल डेस्क**



**हजारीबाग।** एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की हजारीबाग में हत्या के 15 दिनों बाद पुलिस ने मामले का पर्दाफाश करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गैंगस्टर अमन साहू (अब मृत) के गैंग ने इस वारदात को अंजाम दिया था। हजारीबाग के डीआईजी संजीव कुमार ने सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अमन साहू के गैंग ने नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) के अलावा हजारीबाग-चतरा इलाके में खनन कार्य करने वाली कंपनियों बीजीआर, ऋत्विक और त्रिवेणी सैनिक के अफसरों-कर्मियों में खौफ पैदा करने के लिए इस वारदात की प्लानिंग की थी। डीजीएम हत्याकांड की जांच के लिए गठित एसआईटी ने तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जिन चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है, वे अमन साहू गैंग के लिए काम करते थे। इन अपराधियों में मिंटू कुमार पासवान, राहुल मुंडा, मनोज माली और अजय यादव शामिल हैं।

ज्ञात हो कि इस वारदात के तीन दिन बाद 11 मार्च को गैंगस्टर अमन साहू मुठभेड़ में मारा गया था। वह रायपुर जेल से रांची लाए जाने के दौरान उस वक्त मुठभेड़ में मारा गया था, जब उसके गैंग ने रास्ते में पुलिस की गाड़ी पर बमों से हमला कर दिया था और इसका फायदा उठाकर शेष पेज 11 पर

## इंडिया

# जातीय आधार पर दिखावे के आरक्षण की राजनीति


**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

वोट की राजनीति में दिखावे की सहानुभूति का इतिहास पुराना है जिसे सभी दल आजमाते रहे हैं पर कांग्रेस के कथित मुस्लिम प्रेम ने भारतीय जनता पार्टी का सत्ता का रास्ता आसान कर दिया और भारत के मुसलमानों को कई बार देश के प्रति वफादारी जाहिर करने पर मजबूर होना पड़ा। कांग्रेस ने कर्नाटक में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण देकर फिर से विवाद खड़ा किया है क्योंकि संविधान के हिसाब से जातीय आधार पर आरक्षण संभव नहीं है जिस कारण इसे अनावश्यक विवाद कहा जा सकता है। लोग सवाल उठाते हैं कि कांग्रेस वाकई मुसलमानों का भला चाहती तो मुस्लिम आबादी का बड़ा तबका आज देश के विकास में आगे होता क्योंकि लंबे वक्त तक देश में कांग्रेस का शासन रहा है। कर्नाटक सरकार ने सरकारी टेंडर में अब टेंडर भरने वाले मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण दे दिया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कैबिनेट मीटिंग इस प्रस्ताव को मंजूर भी कर लिया। इससे एक करोड़ रुपये तक की निविदाओं में मुस्लिम ठेकेदारों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया। कांग्रेस के इस फैसले से राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कर्नाटक सरकार द्वारा मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव राहुल गांधी के पूर्ण संरक्षण में पारित किया गया है। हम यह पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता पर निशाना साधते हुए प्रसाद ने कहा कि कर्नाटक सरकार का कदम राहुल गांधी की मानसिकता को दर्शाता है। ऐसा नहीं है कि कर्नाटक के जरिए देशभर के मुसलमानों के प्रति मोहब्बत दर्शाने का कांग्रेस का यह पहला मौका है, इससे पहले भी कर्नाटक में मुस्लिमों के आरक्षण को लेकर विवाद रहा है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने आरक्षण का लाभ देने के लिए मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग की लिस्ट में शामिल किया था। सरकार ने मुसलमानों को ओबीसी लिस्ट में जगह दी। हालांकि, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने सरकार के



इस फैसले की आलोचना की थी। आयोग ने कहा था कि इस फैसले ने सामाजिक न्याय के सिद्धांत को कमजोर कर दिया है। साल 2011 की जनगणना के मुताबिक, कर्नाटक राज्य में मुस्लिम की जनसंख्या 12.32 फीसदी है और उसे राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय का दर्जा हासिल है। मध्य प्रदेश की चुनावी रैली के दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस को ओबीसी समुदाय का सबसे बड़ा दुश्मन करार देते हुए कहा था कि एक बार फिर कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से ओबीसी के साथ सभी मुस्लिम जातियों को शामिल करके कर्नाटक में धार्मिक आधार पर आरक्षण दिया है। विवाद बढ़ा तो कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि यह दावा करना कि कांग्रेस ने पिछड़े वर्गों से मुसलमानों को आरक्षण ट्रांसफर कर दिया, एक सरासर झूठ है। उल्लेखनीय है कि यह आरक्षण पहली बार 1995 में एचडी देवेगौड़ा की जनता दल ने कर्नाटक में लागू किया था। दिलचस्प बात यह है कि देवगौड़ा की जद (एस) अब बीजेपी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सहयोगी है। कर्नाटक सरकार के 14 फरवरी, 1995 के एक आदेश में जिक्र किया गया जिसमें बताया गया कि यह निर्णय चिन्नप्पा रेड्डी आयोग की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है और आरक्षण को 50 प्रतिशत तक सीमित करने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन करता है। कांग्रेस ही नहीं किसी न किसी बहाने मुस्लिम वोट बैंक पर गैरभाजपा दलों की भी खीचतान रही है। विपक्षी दलों का प्रयास रहा है कि किसी भी तरह यह अल्पसंख्यक वोट बैंक छिटकना नहीं चाहिए, यही वजह है कि साफ तौर पर धर्म के आधार पर आरक्षण को राजनीति का मोहरा बनाया गया। केरल में ओबीसी को 30 प्रतिशत आरक्षण मिलता है, जिसमें मुस्लिम समुदाय को नौकरियों में 8 प्रतिशत और उच्च शिक्षा में 10 प्रतिशत कोटा प्रदान किया गया। तमिलनाडु में पिछड़े वर्ग के मुसलमानों को 3.5 प्रतिशत आरक्षण मिलता है, जिसमें मुस्लिम समुदाय की 95 प्रतिशत जातियां शामिल हैं। इसी तरह बिहार में ओबीसी को 32 प्रतिशत आरक्षण मिलता है, जिसमें मुस्लिम समुदाय को 4 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया है। आंध्र प्रदेश में मुस्लिम समुदाय को आरक्षण देने की कोशिश की गई थी, लेकिन कोर्ट ने इसे रद्द कर दिया। मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। पश्चिम बंगाल में कुछ मुस्लिम जातियों को शामिल किया गया लेकिन अलग से कोटा नहीं दिया गया। उत्तर प्रदेश में भी 2005 में मायावती सरकार ने 18 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण का प्रस्ताव रखा, लेकिन कोर्ट ने रोक दिया। सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन के कारण आरक्षण का प्रावधान कानूनी है। इसकी भी सीमा है। सुप्रीम कोर्ट ने 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण के मामलों को पूर्व में ही खारिज किया है। कई बार असंभव या असंवैधानिक मांगों को विधानसभा में पास कर केंद्र को भेज दर्शाया जाता है कि हम तो आपके साथ हैं आमजन को इस फेंकाफेंकी राजनीति को समझना चाहिए।

## सीबीआई दिल्ली की टीम ने की कार्रवाई

# 15 लाख रुपए रिश्वत लेने व देने के मामले में 4 गिरफ्तार

- बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड में छापेमारी भी 1.18 करोड़ रु नकद जब्त

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**रांची/पटना।** सीबीआई दिल्ली की टीम ने झारखंड-बिहार की चर्चित कंस्ट्रक्शन कंपनी राम कृपाल कंस्ट्रक्शन के तीन अधिकारियों और नेशनल हाईवे अथॉरिटी (एनएचएआई) के जेनरल मैनेजर को 15 लाख रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सीबीआई दिल्ली की टीम ने जिन्हें गिरफ्तार किया है, उनमें रामप्रीत पासवान, जीएम, एनएचएआई, पटना, बरुण कुमार सिंह, राम कृपाल सिंह कंस्ट्रक्शन, चेतन शर्मा, राम कृपाल कंस्ट्रक्शन का कर्मचारी तथा सुरेश महापात्रा, जेनरल मैनेजर, राम कृपाल कंस्ट्रक्शन शामिल हैं। रिश्वत लेने व देने के दौरान चार लोगों को गिरफ्तार करने के बाद सीबीआई ने बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड में मामले से जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी में सीबीआई ने एक करोड़ 18 लाख 85 हजार रुपए नकद जब्त किए हैं। इस मामले में सीबीआई ने एक प्राथमिकी दर्ज की है। इसमें 12 लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। इनमें छह पब्लिक सर्वेंट हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राम कृपाल कंस्ट्रक्शन कंपनी के जेनरल मैनेजर सुरेश महापात्रा जब एनएचएआई के जेनरल मैनेजर रामप्रीत पासवान को रिश्वत की रकम दे रहे थे, उसी समय सीबीआई ने रिश्वत की रकम के आदान-प्रदान होते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया। शेष पेज 11 पर

### जातिगत सर्वेक्षण का मुद्दा सदन में गरमाया

# जनगणना शब्द के जगह सर्वेक्षण शब्द का हो प्रयोग : दीपक बिरूआ

*जातिगत जनगणना समाज का एक्स रे : प्रदीप यादव*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को विधानसभा में



विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि 17 फरवरी 2024 को कैबिनेट में जातिगत जनगणना करने का निर्णय लिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि एक साल, एक महीना हो गया है लेकिन अब तक क्या स्थिति है, इसे बताएं। जातिगत जनगणना समाज का एक्स रे है। मंत्री दीपक बिरूआ ने बताया कि जनगणना शब्द के जगह सर्वेक्षण शब्द का प्रयोग किया जाना चाहिए क्योंकि जनगणना शब्द में केंद्र सरकार की शक्ति नीहित है। अगले वित्तीय वर्ष में जाति सर्वेक्षण होगा। भारत सरकार ने हाथ पीछे खींच लिया है। 17 फरवरी 2024 को कैबिनेट में जाति सर्वे का फैसला लिया जा चुका है। एक साल एक महीना हो गया।

तेलंगाना में जाति सर्वे हो चुका है। इस पर मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि जाति सर्वेक्षण का कार्य आवंटित होने के पश्चात कार्मिक, प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग के द्वारा इस संबंध में अग्रतर कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। इसमें वित्तीय प्रबंधन सहित अन्य प्रबंधनों की जरूरत है।

### पुलिस पैसे मांगती है : सीपी सिंह



झारखंड विधानसभा में सोमवार को विधायक सीपी सिंह ने डोरंडा पुलिस से जुड़ा एक मामला उठाया। सीपी सिंह ने सदन में बताया कि रांची विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले दो युवकों को डोरंडा थाना की पुलिस तीन दिन तक थाने में रखी। उसके बाद थाना प्रभारी एक दारोगा के माध्यम से पैसे की मांग की। सीपी सिंह ने बताया कि दोनों लड़के का दोष सिर्फ.इतना था कि नदी के उस पार उनका घर बन रहा है। निर्माणाधीन घर में दोनों हर दिन पानी पटाने जाते थे। इस दौरान बगल के घर में चोरी हुई तो शक के आधार पर दोनों युवकों को पकड़कर 72 घंटे तक थाना में रखा गया। सीपी सिंह ने कहा कि मैं भी लॉ का स्नातक हूँ अध्यक्ष महोदय। मुझे पता है कि पुलिस पूछताछ के लिए किसी को थाना बुला सकती है लेकिन 72 घंटे तक थाना में नहीं बैठा सकती है। सीपी सिंह ने सरकार को मामले का संज्ञान में लेने का अनुरोध किया।


### गलत नीति से सरकारी स्कूलों में घट रही छात्रों की संख्या : राफिया



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने झारखंड में शिक्षा के स्तर में निरंतर गिरावट और सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या में कमी को लेकर राज्य सरकार की नीतियों पर कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में लगभग नौ लाख छात्रों की संख्या घटने से राज्य के भविष्य पर गहरा संकट आ खड़ा हुआ है। यू-डायस रिपोर्ट के अनुसार, 2021-2022 में जहां 79,70,050 बच्चे नामांकित थे, वहीं 2022-23 में यह घटकर 72,09,261 और 2023-24 में केवल 70,97,545 रह गए हैं। इस गिरावट के पीछे कई कारण हैं, जिनमें शिक्षकों की कमी, स्कूलों में सुविधाओं का अभाव और शिक्षा के लिए बजट में की गई कटौती प्रमुख कारण हैं। राफिया नाज ने कहा कि झारखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। राज्य के 7,642 स्कूलों में से कई स्कूलों में केवल एक शिक्षक के भरोसे पूरे स्कूल की पढ़ाई चल रही है।

### विस के समक्ष भाकपा का प्रदर्शन, बोले डी राजा

# जनता से किए वादों को पूरा करे सरकार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने झारखंड विधानसभा के समक्ष आक्रोषपूर्ण प्रदर्शन किया, जिसका नेतृत्व पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने किया। सभा की अध्यक्षता एटक के महासचिव अशोक यादव ने किया व संचालन जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने किया। पार्टी के महासचिव डी राजा ने कहा कि झारखंड कॉर्पोरेट घरानों का हब बनता जा रहा है। झारखंड के जल जंगल जमीन की लूट के लिए कॉर्पोरेट घराने के लोग बेताब हैं। केंद्र एवं राज्य की सरकार ने झारखंड की खनिज संपदा को दोहन करने में लगी हुई है। झारखंड बनने के बाद भी बाबा भीमराव अंबेडकर एवं जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा झारखंड विधानसभा में नहीं है।

झारखंड बनने के बाद भी आज तक ना तो स्थानीय नीति बनी और ना ही नियोजन नीति। राज्य में सारे मिनरल्स है, खदानें कॉरपोरेट हाउसों को दिया जा रहा है। दलित अधिकार मंच के प्रदेश अध्यक्ष भंते जैनेंद्र कुमार ने कहा कि राज्य में अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन अभी तक नहीं होना, अनुसूचित जाति का अपमान है। पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने झारखंड के जनता से किए गए वादे को पूरा करने की मांग किया। राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे ने मजदूरों से संबंधित ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि सरकार असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों को 26000 रुपए न्यूनतम मजदूरी निर्धारण करें।

# पिछड़ों का हक छीनकर मुस्लिम समाज को आरक्षण दे रही कांग्रेस : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व नेता



प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पार्टी पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास पिछड़ा विरोधी है। आज भी कांग्रेस पार्टी इसी परंपरा को आगे बढ़ा रही है। कभी पिछड़ा वर्ग आयोग को यही कांग्रेस पार्टी ने संवैधानिक मान्यता नहीं दी थी। कहा कर्नाटक की कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण की राजनीति में इस कदर अंधी हो गई है कि उसने ओबीसी समुदाय के आरक्षण में सेंध लगाकर सरकारी ठेकों में मुस्लिम समुदाय को 4% आरक्षण प्रदान कर दिया है। कहा कि जो राहुल गांधी संविधान की लाल किताब लेकर पूरे देश में घूमते हैं और ओबीसी समुदाय के प्रति घड़ियाली आँसू बहाते हैं, उनके नेतृत्व में यह निर्णय न केवल अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है, बल्कि ओबीसी, एससी और एसटी समुदायों के संवैधानिक अधिकारों पर एक खुला हमला भी है। कहा कि कांग्रेस सरकार ने ओबीसी कोटे से 4% आरक्षण काटकर मुस्लिम ठेकेदारों को दे दिया है। यह निर्णय सामाजिक न्याय की भावना के विपरीत है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से पूछा कि क्या कांग्रेस का यही तथाकथित सामाजिक न्याय है – जिसमें बहुसंख्यक वंचित वर्गों के अधिकारों को छीनकर तुष्टिकरण की राजनीति की जाती है?

### प्रेरणा पुरस्कार के लिए कलकत्ता पब्लिक स्कूल की 3 छात्राएं चयनित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग छात्रों को प्रतिभा संपन्न बनाने के लिए प्रत्येक वर्ष प्रेरणा पुरस्कार योजना के तहत विभिन्न प्रोजेक्ट को स्वीकृत किया जाता है। इसी के तहत ओरमांझी स्थित कलकत्ता पब्लिक स्कूल की तीन छात्राओं का चयन प्रेरणा पुरस्कार योजना 2024-25 के लिए किया गया है। 7 वीं की ये तीनों छात्राएं मान्या





ठाकुर को नेत्रहीनों के लिए विशेष प्रकार की छड़ी एवं जूता के प्रोजेक्ट के लिए। अदिति शर्मा को सड़क किनारे फुटपाथ पर पीजो इलेक्ट्रिक वस्तुओं का इस्तेमाल कर घर्षण से विद्युत ऊर्जा की उत्पत्ति के लिए। वहीं साक्षी कुमारी को रसोई गैस रिसाव की दशा में अलार्म बजने से संबंधित विभिन्न प्रोजेक्ट हेतु राज्य स्तर पर चयनित किया गया है। उच्चतर स्तर पर प्रोजेक्ट समर्पित करने के लिए मार्गदर्शक के रूप में विद्यालय के विज्ञान शिक्षक श्याम कुमार, शंकर झा तथा भारती मिश्रा रहेंगे। कलकत्ता पब्लिक स्कूल ओरमांझी के उपाध्यक्ष, प्राचार्य, रेक्टर सहित सभी शिक्षकों ने अपने सभी प्रतिभावान छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भाजपा मणिपुर व परिसीमन पर अपनी राय साफ करे : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के



महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आरएसएस के शताब्दी वर्ष और मणिपुर के हालात को लेकर कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि 2025 में आरएसएस का शताब्दी वर्ष मनाया जाएगा, जिसे पहले आनंदमई वर्ष के रूप में घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में तीन दिनों तक चली विचार-विमर्श बैठक में यह बात सामने आई कि यह वर्ष आरएसएस के विस्तार का होगा, न कि किसी उत्सव का। उन्होंने मणिपुर और परिसीमन पर भाजपा को अपनी राय साफ करने की मांग उठाई है।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने मणिपुर की स्थिति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि आरएसएस और भाजपा दोनों का यह मानना है कि मणिपुर में 20 महीने से हिंसा जारी है और इसे सुधारने में कई साल लगेंगे। जब सरकार से इस बारे में सवाल किया गया, तो कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। भट्टाचार्य ने कहा कि इस्कॉन और चिन्मय मिशन जैसे संगठन मणिपुर में काम कर रहे हैं, लेकिन आरएसएस और भाजपा के कोई ठोस कदम नहीं दिख रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा मणिपुर के जनजातीय समुदाय के साथ भेदभाव कर रही है और उनके अधिकारों की अनदेखी कर रही है।

### भाजपा परिसीमन के मुद्दों को क्यों नहीं समझ रही

भट्टाचार्य ने परिसीमन के मुद्दे पर भी आरएसएस और भाजपा की नीतियों को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आरएसएस ने परिसीमन को लेकर चेतावनी दी थी कि यह राज्यों के बीच खाई पैदा करेगा, खासकर दक्षिण भारतीय राज्यों में। उनका कहना था कि परिसीमन दलित, आदिवासी और मूलवासी समुदायों के खिलाफ होगा, जिससे उनकी आवाज दब जाएगी। भट्टाचार्य ने यह भी कहा कि आरएसएस ने 2011 की जनगणना के आधार पर 2025 में परिसीमन की प्रक्रिया शुरू करने का विरोध किया था, क्योंकि इससे राष्ट्रीय संतुलन बिगड़ेगा और बहुसंख्यक समुदायों का प्रभुत्व बढ़ेगा। सुप्रियो ने आगे यह भी सवाल उठाया कि अगर आरएसएस इन मुद्दों को समझती है, तो भाजपा क्यों नहीं समझ रही है। उन्होंने यह सुझाव दिया कि नेता प्रतिपक्ष, जो खुद आदिवासी समुदाय से हैं और आरएसएस से जुड़े रहे हैं, उन्हें इन मुद्दों को सदन में उठाना चाहिए।

### झामुमो ने वक्फ संशोधन विधेयक का करेंगा विरोध

सुप्रियो ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक का झामुमो ने विरोध का फैसला लिया है। वह 26 मार्च को पटना में आयोजित धरना में झामुमो की ओर से शामिल होंगे। उन्होंने जदयू, तेलगुदेशम पार्टी से वक्फ संशोधन विधेयक पर अपनी राय स्पष्ट करने की मांग की है।

# आजसू ने रांची विवि कुलपति का किया घेराव



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति का घेराव किया। आजसू ने घेराव कर बीपीएड एवं एमपीएड कोर्स इसी सत्र से शुरू करने, पीएचडी एग्जाम की तिथि अभिलंब घोषित करने, छात्र संघ चुनाव करवाने को लेकर उच्च स्तरीय समिति बनाने, विवि में पढ़ने वाले सभी छात्रों का सामूहिक बीमा कराने, सरकार से आग्रह कर स्थाई शिक्षकों की कमी को अविलंब दूर करने सहित अन्य मांग शामिल है। कुलपति ने सभी छात्र हित के जायज मागों पर सहमति दी और सभी मांगों को पूरा करने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि छात्र हित में अविलंब मांगों को पूरा किया जाए।

ऐसा नहीं होने पर आजसू बाध्य हो विश्वविद्यालय में तालाबंदी करेगी। घेराव कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, रोशन नायक, सक्षम झा, राजेश सिंह, चेतन प्रकाश, अजित कुमार, रोहन यादव, विक्रम बड़ाइक, दुर्गेश, राज यादव, राज पहरी, संदीप सिंह, विनय, जमाल गद्दी आदि उपस्थित थे।

### रिश्वत लेने का आरोपी ट्रेजरी ऑफिसर दोषी करार

**रांची।** डोरंडा कोषागार के तत्कालीन ट्रेजरी ऑफिसर पवन कुमार केडिया को एसीबी की विशेष अदालत ने 30 हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोप में सोमवार को दोषी करार दिया है। विशेष अदालत ने पवन कुमार केडिया की सजा के बिंदु पर 29 मार्च को सुनवाई करेगी। अदालत की ओर से दोषी करार दिए जाने के बाद आरोपित को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। इस मामले को जेल विभाग में कार्यरत लिपिक प्रशांत कुमार दास ने ट्रेजरी ऑफिसर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता डोरंडा कोषागार में बिल पास करने का काम करता था। शिकायतकर्ता ट्रेजरी ऑफिसर से लंबे समय से काम करने की वजह दूसरा काम एलॉट करने की गुहार लगा रहे थे, जबकि दूसरा काम एलॉट करने के एवज में ट्रेजरी ऑफिसर पवन कुमार केडिया 30 हजार घूस की मांग कर रहा था।

### ट्रेनी आईएएस को डीजीपी ने सेवा में आनेवाली चुनौतियों के बारे में बताया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पुलिस मुख्यालय आए ट्रेनी आईएएस को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सेवा के दौरान आनेवाली चुनौतियों और उनके समाधान को लेकर जानकारी दिए। उल्लेखनीय है कि सोमवार को पुलिस मुख्यालय सभागार में ट्रेनी आईएएस लोकेश वारंगे, आदित्य पाण्डेय, कुमार रजत, अर्नव मिश्रा और अभिनव प्रभाश डीजीपी ने स्वागत किया और पुलिस विभाग के कार्यों के बारे में संक्षिप्त रूप से चर्चा किया। डीजीपी ने ट्रेनी अधिकारियों को अपने संबोधन में प्रशासनिक समन्वय, पुलिस कार्यप्रणाली, नक्सल, साईबर क्राईम, पुलिस आसूचना तंत्र, महिला उत्पीडन, आपदा प्रबंधन, कानून, विधि व्यवस्था प्रबंधन और आन्तरिक सुरक्षा के बारे में संक्षिप्त रूप से जानकारी दी। उन्होंने परीक्ष्यमान अधिकारियो को सेवा के दौरान आनेवाली चुनौतियों तथा उनके प्रभावी समाधान के विषयों में मागदर्शन दिया। साथ ही सभागार में उपस्थित सभी वरीय पुलिस पदाधिकारियों द्वारा भी ट्रेनी आईएएस के साथ अपने-अपने विभागों के कार्यों के संबंध में संक्षिप्त रूप से जानकारी साझा किया गया। इस अवसर पर झारखंड पुलिस के कई अधिकारी उपस्थित थे।

### श्री राम कथा के आठवें दिन श्री राम के राज्याभिषेक का प्रसंग हुआ , बोली किशोरी जी

# राज्याभिषेक सत्य, धर्म, नीति और आदर्शों का प्रतीक था

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हूटूप गौशाला धाम ओरमांझी में आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा के आठवें दिन सुप्रसिद्ध कथा वाचक संगीता किशोरी जी ने श्री राम के राज्याभिषेक प्रसंग पर मार्मिक एवं बहुत सुंदर कथा का वाचन किया। इस दिन कथा के साथ-साथ विशेष झांकियां भी प्रस्तुत की गईं, जो श्रद्धालुओं के बीच अत्यधिक सराही गईं। संगीता किशोरी जी ने राम के राज्याभिषेक प्रसंग को अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक तरीके से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि श्री राम का राज्याभिषेक न केवल एक ऐतिहासिक घटना थी, बल्कि यह धर्म, नीति और आदर्शों का प्रतीक था। जब श्री राम




के जीवन में वनवास समाप्त हुआ और उन्हें अयोध्या लौटने का अवसर मिला, तो उनके स्वागत के लिए पूरी अयोध्या नगरी सज गई थी। उनके राज्याभिषेक के अवसर पर राजा दशरथ की तपस्या और माता कौशल्या की आशीर्वाद की महिमा भी स्पष्ट रूप से दर्शाई गई। कथा वाचन के दौरान संगीता किशोरी जी ने यह भी बताया कि श्री राम का राज्याभिषेक केवल एक राजनीतिक घटना नहीं थी, बल्कि यह आदर्श शासक बनने की प्रेरणा देने वाला अवसर था। उनके जीवन में हमेशा सत्य, धर्म और न्याय की प्रतिष्ठा रही, और उनके शासनकाल में अयोध्या एक आदर्श राज्य के रूप में उभरी। उन्होंने बताया कि राम के राज्याभिषेक के समय अयोध्यावासियों ने उनके लौटने को एक नवजीवन के रूप में देखा और पूरा वातावरण उल्लासित हो गया। कथा के बाद झांकियों की प्रस्तुति भी की गई, जिसमें श्री राम के राज्याभिषेक, अयोध्या के स्वागत समारोह और श्री राम के जीवन के अन्य प्रमुख प्रसंगों को जीवंत रूप में दर्शाया गया।

मौके पर श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, प्रवक्ता संजय सर्राफ एवं सदस्य विष्णु सोनी ने संगीता किशोरी जी को अंगवस्त्र ओढ़ाकर, साफा व माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन एवं सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक वासुदेव भाला एवं मुकेश काबरा, चंद्रकांत रायपत, सोहन दारूका, रवि नारसरिया, राम साबू, मनोज काबरा, राजेश पोद्दार, विपिन भाला, किशन नारसरिया, बनवारी भाला, प्रमोद बजाज, मुकेश पोद्दार, बसंत मुरारका नटवर सिसवाल, मुन्ना शर्मा अशोक सुंधानी, राजेंद्र अग्रवाल, संजय सर्राफ, विष्णु सोनी, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। उक्त जानकारी कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

# नमो बुक बैंक में सिंहभूम चैंबर ने दी पुस्तकें



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नमो बुक बैंक को समाज का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इसी कड़ी में सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा बड़ी संख्या में पुस्तकें बुक बैंक को भेजी गई है। भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने चेंबर ऑफ कॉमर्स परिवार के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। श्री सेठ ने कहा कि स्थापना काल से ही इस बुक बैंक को समाज का सहयोग मिल रहा है। मुझे खुशी है कि जन सरोकार के लिए शुरू हुई इस पहल को अब रांची से बाहर के लोग भी सहयोग कर रहे हैं। यह बुक बैंक सिर्फ रांची ही नहीं बल्कि झारखंड के कई जिलों के विद्यार्थियों के अध्ययन-अध्यापन में सहयोगी सिद्ध हुआ है। इस बुक बैंक की स्थापना से कई ऐसे बच्चे जो ग्रामीण परिवेश में रहते हैं या फिर शहर में जिनको पढ़ाई में रुचि है और वह किताब नहीं ले पाते हैं ऐसे बच्चे हमारे बुक बैंक से किताब लेकर अपने पढ़ाई को आगे बढ़ा रहे हैं। इस पुनीत कार्य में रांची के जो भी लोग अपनी पुराने पुस्तक देना चाहते हैं वह हमारे कार्यालय से संपर्क कर अपनी किताबें दे सकते हैं ताकि जरूरतमंद बच्चों इसका लाभ ले सके।

### अभियान निदेशक ने साहिबगंज सिविल सर्जन से की बात, कहा

# मास सर्वे कराकर मलेरिया के मरीजों की पहचान कराएं : अबु इमरान

*साहिबगंज में संभावित मलेरिया पर अभियान निदेशक ने वर्चुअल मोड से लिया जायजा*

*आवश्यक सहयोग के लिए राज्य स्तरीय विशेषज्ञों का दल साहिबगंज रवाना*




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** साहिबगंज जिले के मंडरो प्रखंड में संभावित मलेरिया को रोकने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक अबु इमरान ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग से साहेबगंज के सिविल सर्जन को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मास सर्वे कराकर मलेरिया के मरीजों की पहचान कराएं और मलेरिया के प्रसार को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं।

संभावित इलाके में कीटनाशी से उपचारित मच्छरदानी का वितरण कराने, मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए कीटनाशकों के छिड़काव कराने, मलेरियारोधी दवाओं का वितरण कराने और समुदाय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। अभियान निदेशक ने जिले की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी ली और प्रतिदिन कृत कार्रवाई से अवगत कराने को कहा । सिविल सर्जन ने अभियान निदेशक को बताया कि मंडरो प्रखंड के बसहा पंचायत के नगरभिठा गांव में टीम कैंप कर रही है। जांच में मलेरिया के 18 पॉजिटिव केस मिले हैं, जिसमें 4 ए सिमटोमेटिक पॉजिटिव केस है। संभावित क्षेत्र में लगातार फॉलोअप किया जा रहा है, स्थिति नियंत्रण में है। पर राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डा. बी.के. सिंह ने संभावित क्षेत्र के साथ-साथ पूरे प्रखंड क्षेत्र में काला जार और मास फीवर सर्वे कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि पॉजिटिव पाए गए सभी व्यक्तियों का पूर्ण उपचार कराएं। सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में दवाओं और जांच कीट की उपलब्धता है और स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।

अभियान निदेशक के निर्देश पर राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डा. बीके सिंह के नेतृत्व में राज्य स्तरीय दल साहेबगंज के लिए रवाना हो गया। टीम को अभियान निदेशक ने कहा कि मलेरिया रोधी अभियान में आवश्यक सहयोग प्रदान करें, उन्होंने टीम को अपने साथ आवश्यक दवाएं और जांच कीट भी ले जाने की सलाह दी।

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सीसीएल के जन आरोग्य केंद्र, गांधीनगर द्वारा निशुल्क खुन की कमी स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सोमवार को सोदाग गांव में किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 102 लोगों की निशुल्क जांच की गई और डॉक्टरी सलाह दिया। शिविर में विशेषकर हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन इत्यादि की निशुल्क जांच की गई। सभी को निशुल्क दवा भी दिया गया।

ज्ञात हो कि सीसीएल ने अपने हितधारकों तथा समाज के सभी जरूरतमंदों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समय-समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। बड़ी संख्या में लोग इसका लाभ उठाते हैं।

शिविर के सफल आयोजन में डॉ रत्नेश जैन, सीएमएस, सीसीएल, डॉ प्रीति तिग्गा, सीएमओ, सीएसआर, इंचार्ज, डॉ दीपाली, डॉ आशीमा, डॉ शिल्पी झा, डॉ वीणा सिंह, डॉ बेंजामिन, डॉ शिम्पी, मुन्ना कुमार सिंह, कमलेश पंडित, हरमन एवं सभी पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## उत्पाद विभाग की मिली बड़ी सफलता



# कई ब्रांड के अवैध शराब बरामद, 4 गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ओरमांझी थाना क्षेत्र से उत्पाद विभाग को एक बड़ी सफलता मिली। सहायक आयुक्त उत्पाद अरुण कुमार मिश्रा के निर्देश पर चलाए गए अभियान में भारी मात्रा में नकली शराब जब्ती हुई। वहीं, एक अवैध शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। इस कार्रवाई में चार तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है, जो लंबे समय से इस अवैध कारोबार में शामिल थे। वहीं, एक डुप्लेक्स से 250 पेटी अवैध विदेश शराब जब्त किया गया। यहां से शराब बिहार सप्लाई किया जाता था और रांची जिले में भी सप्लाई किया जाता था। इसमें ब्रांड नाइट क्वीन, मैजिक मोमेंट, ब्लेंडर आरसी 8पीएम, 9ढट, फउ जैसी कई और ब्रांड शामिल है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह अवैध शराब का कारोबार एक किराए के मकान में चल रहा था, जहां तस्कर नकली शराब का निर्माण कर उसे सस्ते शराब की बोतलों में भरकर महंगी शराब की बोतलों में रिफिल करते थे। इस तरीके से नकली शराब को असली शराब के रूप में बाजार में बेचा जा रहा था। यह कारोबार पिछले कई महीनों से चल रहा था और इसमें कई लोगों की संलिप्तता थी। गिरफ्तार आरोपियों में पंकज शर्मा, अभिषेक कुमार, अभिषेक कुमार और आकाश कुमार शामिल है। उत्पाद विभाग की टीम ने विशेष रूप से इस शराब माफिया के खिलाफ कार्रवाई की और तस्करों के नेटवर्क को तोड़ने में सफलता प्राप्त की। इस ऑपरेशन में इंस्पेक्टर रजनीश कुमार, एसआई प्रकाश मिश्रा, दिलीप शर्मा, पंकज कुमार और स्नेह आशीष सहित अन्य अधिकारियों ने अहम भूमिका निभाई। सहायक आयुक्त अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि अवैध शराब कारोबार पर पूरी तरह से काबू पाया जा सके।

## सार्वजनिक इंश्योरेंस कंपनियों के पदाधिकारी 27 को हड़ताल पर

**रांची।** ज्वाइंट फोरम ऑफ ट्रेड यूनियन के आह्वान पर सार्वजनिक इंश्योरेंस कंपनियों के पदाधिकारियों ने गुरुवार को हड़ताल की घोषणा की है। इसका नेशनल, ओरिएंटल, यूनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस के साथ न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के पदाधिकारी संघों ने हड़ताल का समर्थन किया है। न्यू इंडिया एश्योरेंस ऑफिसर्स एसोसिएशन के मुताबिक चार सूत्री मांगों को लेकर यह हड़ताल बुलाई गई है। इसमें मुख्य रूप से वेज रिवीजन का सेटलमेंट, 30% प्रतिशत फैमिली पेंशन, इंश्योरेंस सेक्टर में शत-प्रतिशत एफडीआई का विरोध सहित अन्य मांगें शामिल हैं।

## बीएयू के संविदा कर्मियों का आमरण अनशन समाप्त

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के अंतर्गत विभिन्न कृषि विज्ञान केंद्रों में कार्यरत डिग्रीधारी संविदा कर्मियों व दैनिक वेतनभोगी कर्मियों का आमरण अनशन सोमवार को कुलपति से वार्ता के बाद समाप्त हो गया। ये सेवा समायोजन की मांग को लेकर विश्वविद्यालय मुख्यालय के मुख्य द्वार पर बीते 20 मार्च से आमरण अनशन पर थे। सोमवार को कुलपति ने अनशन खत्म करने को कहा। साथ ही, आश्वस्त किया कि उनकी मांग के संबंध में अटारी, पटना को विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से लिखा जाएगा।

# नवसाक्षरों की साक्षरता और संख्यात्मक परीक्षा संपन्न

## 20 हजार परीक्षार्थी हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक आकलन परीक्षा का आयोजन रांची जिला में रविवार को किया गया। यह परीक्षा जिले के 2000 से अधिक परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई, जिसमें करीब 20,000 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षण संस्थान द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों को शिक्षित करना और उन्हें प्रमाणित साक्षर बनाना है। यह परीक्षा साल में दो बार मार्च और सितंबर में आयोजित की जाती है। परीक्षा में पढ़ना, लिखना और संख्यात्मकता से जुड़े प्रश्न पूछे जाते हैं और न्यूनतम 33% अंक प्राप्त करने पर अभ्यर्थियों को एनआईओएस द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।



### परीक्षा का सफल आयोजन और अनुश्रवण

परीक्षा के दौरान जिला प्रशासन की टीम पूरी तरह सक्रिय रही। जिला शिक्षा अधीक्षक सह सदस्य सचिव, जिला नव भारत साक्षरता समिति, श्री बादल राज के साथ-साथ विभिन्न प्रखंडों के शिक्षा पदाधिकारी, बीआरपी, सीआरपी और शिक्षक परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित रहे और अनुश्रवण किया। इसके अलावा, क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक (दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रांची) श्रीमती नीलम आयलिन टोप्पो ने भी विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा कर परीक्षा की गुणवत्ता और सुचारु संचालन का निरीक्षण किया।

### साक्षरता अभियान को जन आंदोलन बनाने की पहल

जन-जन साक्षर के नारे के साथ इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय आंदोलन का रूप देने के लिए राज्य, जिला, प्रखंड, संकुल और विद्यालय स्तर पर समितियां सक्रिय हैं। इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को साक्षर बनाना और उन्हें सतत शिक्षा से जोड़ना है। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम रांची जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव लाने की दिशा में कार्य कर रहा है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की प्रतिबद्धता से यह कार्यक्रम समाज के हर तबके को साक्षरता से जोड़ने में सफल हो रहा है।

# संत कुलदीप उच्च विद्यालय में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




आकाशवाणी द्वारा सामाजिक जागरूकता का निर्वहन करने के क्रम में सोमवार को स्थानीय हरमू के सहजानंद चौक स्थित संत कुलदीप उच्च विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं के बीच स्वास्थ्य जागरूकता, प्रश्न मंच एवं आशुभाषण प्रतियोगिता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन से की गई। इसके बाद रांची आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रमुख जेवियर कंडुलना ने छात्र-छात्राओं के बीच ऐसे कार्यक्रमों की महत्त्व की जानकारी दी। इस सत्र के पहले कार्यक्रम में योग प्रशिक्षिका अर्चना कुमारी ने छात्र एवं छात्राओं को संक्षिप्त योग प्रशिक्षण दिया गया और परीक्षा के तनाव के दौरान योग से मिलने वाले लाभों की जानकारी दी गई। विद्यालय की शिक्षिका अर्चना दास ने प्रश्नमंच का संचालन किया, और अभय संतोष तिर्की ने स्कोरर की भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसके निर्णायक मंडल में प्रकाश देवकुलिश, डॉ. निवास चन्द्र ठाकुर और नौमी शांति हेंब्रम थे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सभी प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की सचिव सिस्टर माशेर्ला तिग्गा, प्राचार्या सिस्टर इमिलिया भेंगरा, सचिव अगस्टिन तिर्की की महती भूमिका रही। अंत में आकाशवाणी राँची की ओर से कार्यक्रम अधिशासी प्रभु शरण के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। यह कार्यक्रम मनोज कुमार एवं संजीव कुमार लाल के प्रभार में सम्पन्न हुआ, तथा इसके क्रियान्वयन में कार्यक्रम अधिशासी नूतन प्रसाद, पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी राजेश करमहे, प्रसारण अधिशासी प्रदीप कुमार ने अपना अपना योगदान दिया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उद्घोषक दिनेश कुमार ने किया।

## नाबालिग से जबरन यौन संबंध मामले में युवक दोषी करार

**रांची।** नाबालिग से जबरन शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में ट्रायल फेस कर रहा अभियुक्त विवेक कुमार उर्फ सोनू कुमार (33 वर्ष) को पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने सोमवार को दोषी करार दिया है। साथ ही सजा की बिंदु पर सुनवाई के लिए 29 मार्च की तारीख निर्धारित की है। अभियुक्त सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के सरोवर नगर, देव मंडप रोड निवासी है। अभियुक्त ने घटना को अंजाम अक्तूबर 2019 के पहले सप्ताह में दिया था। अभियुक्त उन दिनों ओडिशा में भूषण स्टील अंगुल में ऑपरेटर के रूप में कार्यरत था। मामले को लेकर पीड़िता ने सुखदेव नगर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके आधार पर पुलिस ने अभियुक्त को 9 अक्तूबर 2019 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पीड़िता समेत 7 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

# बीआईटी मेसरा में पर्यटन को बढ़ावा देने पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



पर्यटन को बढ़ावा देने पर दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन बीआईटी मेसरा के डिपार्टमेन्ट ऑफ मैनेजमेंट व झारखंड सरकार के पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य उद्योग जगत के विशेषज्ञों, अकादमिकज्ञों एवं नीति निमार्ताओं को एक मंच पर लाना था, ताकि वे पर्यटन के सस्टेनेबल एवं रीजनरेटिव मॉडल्स पर विचार-विमर्श कर सकें। सम्मेलन की शुरूआत गणमान्य अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। मौके पर हेड ऑफ डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट डॉ सुप्रियो रॉय ने सम्मेलन के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में बताया। इसके बाद डॉ राजू पोद्दार, डीन ऑफ रीसर्च, इनोवेशन एण्ड एंटरेप्रेन्योरशिप सैल बीआईटी मेसरा ने स्वागत सम्बोधन दिया। उन्होंने अकादमिक एवं पर्यटन उद्योग के बीच आपसी सहयोग के महत्व पर जोर दिया। मुख्य अतिथि झारखंड पर्यटन एवं विकास परिषद के डिप्टी डायरेक्टर राजीव कुमार ने झारखंड की पर्यटन क्षमता तथा क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने में परिषद द्वारा की गई पहलों पर रोशनी डाली।

सत्र के दौरान तशकेंट स्टेट युनिवर्सिटी ऑफ ओरिएंटल स्टडीज, उजबेकिस्तान से डॉ नोदिर कारिमो अतिथि रहे। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय पर्यटन पर अपने विचार साझा किए। सम्मेलन का समापन आयोजक सचिव डॉ निशिकांत कुमार, डॉ आनंद कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। अन्य फैकल्टी सदस्यों डॉ आनंद प्रसाद सिन्हा, डॉ सुजाता प्रियंबदा दाश, फैकल्टी सदस्य डॉ मंजु भगत, डॉ आरएन भगत, डॉ एएन झा, डॉ श्रद्धा शिवानी, डॉ प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ पीसी झा, डॉ रोहिणी झा, श्री गौतम शाडिल्य, डॉ शैली श्रीवास्तव, डॉ सत्यजीत महातो, डॉ प्रांजल कुमार, श्री संजीव कुमार श्रीवास्तव ने मेहमानों, प्रतिभागियों एवं आयोजनकतार्ओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## ब्राउन शुगर के साथ पुलिस ने एक तस्कर को किया गिरफ्तार

**रांची।** सुखदेवनगर थाने की पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अभिषेक कुमार शर्मा मधुकम देवी मंडप का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के न्यू लायंस क्लब के पास नशीले पदार्थ की खरीद-बिक्री की जानकारी मिली। एसएसपी ने कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। गठित टीम ने रविवार को न्यू लायंस क्लब के समीप छापेमारी कर एक आरोपी को पकड़ा। उसके पास से पुलिस ने 1.8 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह रांची के विभिन्न इलाकों में ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री किया करता है।

### आज / कल




# पाप मोचनी एकादशी आज, श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में होगी पूजा-अर्चना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में मंगलवार को चैत्र कृष्ण पक्ष की पाप मोचनी एकादशी का व्रत पूरे विधि- विधान के साथ मनाया जाएगा। इस पुण्य अवसर पर परात्पर ब्रह्म परमात्मा अखिललोक के स्वामी भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का उद्यास्तमन सेवा के अंतर्गत महाभिषेक होगा। फिर श्रृंगार - अलंकार के बाद महाआरती महास्तुति और नैवैद्य भोग लगेगा। सुबह 7:00 बजे से 12:00 बजे तक और सायं 4:00 बजे से 7:00 बजे तक आम श्रद्धालु दर्शन, पूजा और अर्चना करा सकेंगे।



एकादशी व्रत के प्रभाव से वैकुंठ की प्राप्ति हो सकती है। धरणीधर भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर भक्ति से ही वश में होते हैं। भक्ति भाव से पूजित होने पर श्रीविष्णु -तिरुपति बालाजी सब मनोरथ पूर्ण कर देते हैं। चक्रसुदर्शनधारी भगवान श्रीहरि बालाजी की सदा भक्ति करनी चाहिए। आज एकादशी तिथि है। आज के दिन 8 वर्ष से अधिक और 85 वर्ष से कम आयु वाले मनुष्य को भोजन नहीं करना चाहिए। पृथ्वी के लोग सर्वपापनाशक एकादशी के दिन भोजन नहीं करते हैं तो उसके प्रभाव से भगवान विष्णु के धाम में चले जाते हैं। वह भी अकेले नहीं पितरों और पितामहों को भी साथ ले लेते हैं। इस लोक में व्रत करने वालों के पितर तो बैकुंठ लोक में जाते ही हैं उनके पितरों के पितर तथा माता के पिता- मातामह आदि भी विष्णु धाम को चले जाते हैं। फिर उन सब के भी जो पिता- माता आदि है उनके पूर्वज भी बैकुंठवासी हो जाते हैं। वैष्णवव्रत एकादशी का पालन करनेवाले भक्तों की जैसी उत्तम गति होती है ,वैसी गति और किसी को नहीं मिलती।

# शहर की खूबसूरती अतिक्रमण से हो जाती है गुम

- अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार अभियान चलाया गया फिर भी शहर में अतिक्रमण का कब्जा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के आधे से अधिक हिस्से में अतिक्रमण का कब्जा है। आए दिन निगम और इन्फोर्समेंट के द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान भी चलाया जाता है लेकिन बावजूद इसके राजधानी में अतिक्रमण का कब्जा कायम है। हाल ही में डोरंडा में अतिक्रमण हटाया गया था। वहीं हिनू और डेली मार्केट सहित कई क्षेत्रों में अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है।

शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक और कचहरी क्षेत्र में फुटपाथ पर दुकान लगने से अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। झारखंड का पहला और देश का सबसे बड़ा अटल स्मृति वेंडर्स मार्केट की सौगात रांची वासियों को मिली। 31 जुलाई 2016 को मार्केट का शिलान्यास भी हुआ और 16 नवंबर 2018 में उद्घाटन कर दुकानदारों को आवंटित किया गया। वहीं, नागाबाबा खटाल में सब्जी दुकानदारों के लिए वेंडर बनाया गया। लालपुर डिस्लरी पुल में भी वेंडर बनाया गया। बावजूद इसके अतिक्रमण कम नहीं हुआ। नतीजन इन्फोर्समेंट और निगम के द्वारा आए दिन अतिक्रमण हटाया जाता है।



### राजनेताओं के दखल से अतिक्रमण को मिलता है बढ़ावा

इन्फोर्समेंट अधिकारियों का कहना है कि राजधानी के किसी भी हिस्से में यदि अतिक्रमण बढ़ता दिखाई दे तो उस क्षेत्र के थाना पुलिस के द्वारा डिपार्टमेंट को जानकारी देना है ताकि अतिक्रमण बढ़ने से पहले ही रोका जा सके। वहीं अधिकारियों का यह भी कहना है कि अतिक्रमण मुक्त करने के लिए राजधानी वासियों को सरकार को व्यस्था मजबूत करने के साथ रोजगार देना चाहिए। अक्सर अतिक्रमण हटाने के दौरान राजनीतिक दखल के कारण लोगों में हौसला आ जाता हैं। अतिक्रमण को खदेड़ने के दौरान कई बार राजनीतिक लोगों के द्वारा रोका जाता है जिसका खामियाजा राजधानी के आम लोगों को झेलना पड़ता है। सरकार और विभाग को इसका स्थाई उपाय निकाले। अतिक्रमण पर राजधानी वासियों की प्रतिक्रिया ऑफिस से लौट रही मुस्कान ने कहा कि रांची में लोग रोजगार की तलाश में आते हैं लेकिन रोजगार ना मिलने के कारण सड़कों पर छोटी मोती दुकाने लगा कर जीवन बिताने लगते हैं। वहीं झारखंड सरकार को रोजगार के उपाए निकलने चाहिए। उन्होंने कहा कि मेन रोड और डेली मार्केट में जाम का सबसे बड़ा कारण है अतिक्रमण और फुटपाथ पर लगाए जाने वाले दुकानदार। ऐसे में पुलिस और निगम को सख्ती से पेश आने की जरुरत है। हिनू से मेन रोड कपड़े खरीदने आई अफरीन ने कहा कि घंटों जाम में फंसना पड़ता है। पार्किंग की कोई सुविधा नहीं है। जहां पार्किंग की सुविधा होनी चाहिए वहां ठेले खुमचे लगा कर लोग कमा रहे हैं।



## एक नजर

### झारखंड जूनियर हैंडबॉल टीम के लिए तीन खिलाड़ियों का हुआ चयन

**रांची।** हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 26- 30 मार्च 2025 तक जहानाबाद बिहार, में आयोजित हो है। 46 राष्ट्रीय जूनियर बॉयज हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए रातु से तीन खिलाड़ियों रोशन उरांव, रिकी जूलियन गोप, ओर सौरभ उरांव का चयन झारखंड जूनियर हैंडबॉल टीम में किया गया जो झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन तीनों खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता एवं खुली चयन प्रक्रिया में प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। तीनों खिलाड़ी रातु हैंडबॉल ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षक विष्णु कुमार के देखरेख प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। रातु प्रखंड के प्रमुख संगीता तिर्की ने रांची से चयनित खिलाड़ियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किए और खेल संघ के पदाधिकारियों ने उनके उज्जवल भविष्य कामना की।

### रांची विवि के अतिथि शिक्षकों के समायोजन को लेकर विस में उठी मांग

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में 8 वर्षों से अधिक समय से काम कर रहे अतिथि शिक्षक के आवश्यकता आधारित शिक्षकों के साथ समायोजन को लेकर खिजरी विधायक राजेश कच्छप विधानसभा में मांग रखी। जिसको लेकर संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने धन्यवाद देते हुए कहा कि हम सभी अतिथि शिक्षक सदैव राजेश दादा का आभारी रहेंगे जिन्होंने हमारी समस्याओं को विधानसभा पटल पर रखा। संघ के संयोजक डॉ धीरज सिंह सूर्यवंशी ने कहा कि विधायक ने शिक्षा को लेकर कितने गंभीर एवं सजग हैं, उनके इस साहसिक कदम से झलकता है।

### अदानी फाउंडेशन ने आयुष्मान कार्ड को लेकर चलाया विशेष अभियान

गोड्डा। अदाणी फाउंडेशन की ओर से पावर प्लांट परिसर के निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अब तक 1700 से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। यह अभियान गोड्डा जिले मोतिया और बक्सरा पंचायत के विभिन्न गांवों में चलाया गया, जिसमें पेटवी, बक्सरा, छोटी बक्सरा, बलियाकित्ता आदि गांव शामिल हैं। इसके अलावा ठाकुरगंगटी और महागामा प्रखंड के गांवों में भी अभियान चलाकर ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनाने में मदद किया गया। इस अभियान में ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड की सुविधा और इसके लाभों के बारे में जागरूक भी किया गया, ताकि सभी पात्र लाभार्थी इस योजना का लाभ उठा सकें।

# 26 स्वर्ण पदकों के साथ रांची ओवरऑल चैंपियन




### लड़कियों के वर्ग में चैंपियन का खिताब आन्या ट्विंकल कुजूर और लड़कों में चैंपियन का किताब एरोन शीतल खाखा को मिला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के संयुक्त तत्वाधान में इमा कप झारखंड इंटर स्कूल एंड कॉलेज कराटे चैंपियनशिप संपन्न हुई। रांची के खिलाड़ियों ने दुसरे दिन भी अपना दबदबा बनाए रखा। कुल 26 स्वर्ण पदक जीत कर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। रांची का खाता 6 वर्षीय कैथरीन लूसिया खेस ने स्वर्ण पदक जीतकर खोला और पदक जीतने का सिलसिला शुरू हुआ। वहीं लड़कियों के वर्ग में चैंपियन का खिताब रांची की आन्या ट्विंकल कुजूर को और लड़कों में चैंपियन का किताब रांची के एरोन शीतल खाखा ने जीता। अनुशासित टीम का खिताब बंगाल की टीम को मिला। प्रतियोगिता के दूसरे दिन टीम स्पधाएं भी हुई जिसमें टीम काता और टीम कुमिते शामिल रही। सभी पदक विजेताओं को कराटे इंडिया ऑगेर्नाइजेशन के ट्राईबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेयरमैन सह इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने पदक देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में मोहिनी रितिका टोप्पो, अनिल किस्पोट्टा, राकेश तिर्की, कुंदन उरांव, उमाशंकर महतो, पीटर कच्छप, स्वस्तिका तरफदार, देवंती कुमारी, दीपा विनीता लिंडा, सुदेश कुमार महतो, आरती टोप्पो, रितिका तिग्गा, प्रतिभा तिग्गा, दीपशिखा तिग्गा, आयुष सांगा आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### सरमाटांड से गझंडी तक कवच स्पेशल का किया गया सफल ट्रायल

**कोडरमा।** सरमाटांड से गझंडी तक कवच स्पेशल का सोमवार को सफल ट्रायल किया गया, जो सफल रहा है। पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के सीपीआरओ सरस्वती चंद ने बताया कि यह परियोजना लगभग 408 रूट किलोमीटर लंबे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-मानपुर-कोडरमा-प्रधानखांटा रेलखंड भारतीय रेल के दिल्ली-हावड़ा रेलखंड के व्यस्तम मार्ग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह रेलखंड उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड राज्य से होकर गुजरता है। इस रेलखंड पर 8 जंक्शन स्टेशन सहित कुल 77 स्टेशन, 79 लेवल क्रॉसिंग गेट और 7 इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग्नल हैं। उन्होंने बताया कि 'कवच' एक टक्कर रोधी तकनीक है।

### नागरी सीए ने 12 रन से जीता

**रांची।** लिटिल विंग्स बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंअ पीटी ग्राउंड में यंग मोनार्क बनाम नागरी सीए के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी नागरी सीए की टीम ने 28 ओवर में नौ विकेट पर 152 रन बनाया। अरबाज ने 50, रीति ने 25 व विकास ने 21 रन बनाया। अमित लोहरा ने 22 रन देकर 3 विकेट, हर्ष ने 30 रन देकर 3 विकेट व अमित ने 23 रन देकर 2 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी यंग मोनार्क की टीम ने 28 ओवर में नौ विकेट पर 140 रन बनाया। कौशल ने 45 व अमन ने 25 रन बनाया। विकास ने 31 रन देकर 3 विकेट व अमृत ने 17 रन देकर 2 विकेट लिया। नागरी सीए ने 12 रन से जीता।

### यंग तरूण संगम ने 39 रन से जीत दर्ज की

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल 'बी' डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट ओटीसी ग्राउंड में यंग तरूण संगम बनाम हेहल क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। युवा तरूण संगम ने 30 ओवर में सात विकेट पर 220 रन बनाया। सिद्धार्थ राज ने 57 रन, प्रशांत ने 46 रन व पंकज कुमार ने 22 रन बनाया। सागर कुमार ने 23 रन देकर 2 विकेट व हर्षवर्द्धन ने 37 रन देकर 2 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी हेहल क्रिकेट अकादमी ने 27.3 ओवर में 10 विकेट पर 181 रन बनाया। नीतीश कुमार ने 39 रन, हर्षवर्द्धन ने 24 रन व सुशांत कुमार ने 23 रन बनाया। चिरंजीव मिश्रा ने 30 रन देकर 3 विकेट, नीरज प्रधान ने 16 रन देकर 2 विकेट, विकाश कुमार ने 29 रन देकर 2 विकेट, प्रशांत कुमार ने 40 रन देकर 2 विकेट लिया। यंग तरूण संगम ने 39 रन से जीत दर्ज की।

### पंकज के शानदार शतक से जीता रांची

**रांची।** रांची में खेले जा रहे एच पी बोधन वाला ट्रॉफी 2024-25 में रांची ने जामताड़ा को 93 रनों के अंतर से हरा पहले बल्लेबाजी करते हुए रांची ने निर्धारित 50 ओवरों में 8 विकेट खोकर 308 रन बनाए पंकज ने शानदार शतक 119 रन की पारी खेली नाजिम सिद्दीकी 65 मोहित कुमार ने 61 रन की पारी खेली सोनू और मुकेश को 2-2 विकेट प्राप्त हुआ। जवाब में जामताड़ा की टीम 50 ओवरों में 6 विकेट खोकर 215 रन ही बना पाई विल्फ्रेड बैंग ने 60 रन कृष्ण पटेल ने 43 रन बनाए संकट मोचन और पंकज को 2-2 विकेट प्राप्त हुआ। पंकज कुमार को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।

### जमशेदपुर से हार कर रांची टीम बाहर

**रांची।** बोकारो में खेले जा रहे जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 विमेंस क्रिकेट टूर्नामेंट में आज जमशेदपुर ने रांची को 79 रन से हरा दिया इस हार से रांची की टीम टूटूर्नामेंट से बाहर हो गई। पहले बल्लेबाजी करते हुए जमशेदपुर ने 40 ओवरों में 9 विकेट खोकर 142 रन बनाए प्राची ने 36 नदिया अली ने 31 रन का योगदान दिया।

**प्रतीक्षा को 2 विकेट प्राप्त हुआ :** जवाब में रांची की पूरी टीम 22.2 ओवरों में 63 बनाकर सिमट गई। रागिनी ने 9 रन बनाए। पलवजीत ने 4 विकेट प्राप्त की। पल्लवजीत को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### रांची के युवक की रेमता डैम में डूबने से मौत

**खूंटी।** खूंटी थाना क्षेत्र के रेमता डैम में सोमवार को डूबने से सचिन डांग (19) की मौत हो गई। सचिन अपने दो मित्रों गुलशन और राजा के साथ सोमवार घूमने के लिए रैमता डैम आया था। नहाने के दौरान सचिन डैम के गहरे पानी में चला गया जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। रांची के डिबडीह में वह अपने माता पिता के साथ रहता था और डोरंडा में हार्डवेयर की दुकान में काम करता था। सचिन के पिता ड्राइवर हैं। पुलिस ने सचिन के शव को जलाशय से निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### तीन दिवसीय रामचरितमानस पाठ आज से



**सिल्ली।** रांची पुरूलिया पथ पर तुलसी पोखर के समीप निमार्णाधीन राम मन्दिर प्रॉगन में मुरी कासीडीह की महिलाओं द्वारा आयोजित होने वाले तीन दिवसीय रामचरितमानस पाठ की सारी तैयारियां पुरी कर ली गयी है।यह आयोजन 25,26 और 27 मार्च को होगा। जिसके लिये भव्य पडाल का निर्माण किया गया है। वही मदिर को फूलों और विद्युत बल्बों से सजाया गया है। 25 मार्च मंगलवार को सुबह स्वर्णरिखा नदी से कलश में जल लेकर महिलायें राम मन्दिर पहुँचेगी। समिति की सदस्यों ने आसपास की महिलाओं और बुजुर्गों से इस कलश यात्रा में शामिल होने की अपील की है। नित शाम को सिल्ली के जाने माने पुरोहित मनोरंजन उपाध्याय व दीनबंधु उपाध्याय द्वारा राम कथा का पाठ किया जायेगा।

### रोहिणी के कामगारों ने पदोन्नति की मांग को लेकर दिया धरना

# दो घंटे बंद रहा परियोजना का कार्य



### कार्मिक अधिकारी दीपक गिरि धरनास्थल पर पहुंचकर कामगारों के साथ की वार्ता

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

रोहिणी परियोजना के कामगारो के पदोन्नति की मांग को लेकर दिए गए धरना के कारण परियोजना का काम दो घण्टे बंद रहा। कामगारों ने खदान जाने वाली बीच सड़क पर ही धरना दे दिया था। श्रमिक नेता ध्वजाराम धोबी ने कहा कि वर्ष 2024-25 में काफी कामगारो का प्रमोशन नहीं हुआ। जबकि पद रिक्त आया था। कहा कि परियोजना के कामगार दिन रात मेहनत कर उत्पादन में लगे हुए हैं। लेकिन प्रबंधन उनके प्रोन्नति के मामले में उदासीन बना हुआ है। जिससे कामगारों में काफी आक्रोश व्याप्त है। आंदोलन की सूचना मिलने पर परियोजना पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद, खान प्रबंधक दीपक कुमार, कार्मिक अधिकारी दीपक गिरि धरनास्थल पर पहुंचकर कामगारों के साथ वार्ता किए। वहीं एनके एरिया के महाप्रबंधक व एसओपी ने श्रमिक नेता ध्वजाराम धोबी से बात किया व सकारात्मक आश्वासन दिया। प्रबंधन द्वारा रिक्त पदों पर 27 मार्च तक प्रमोशन देने का आश्वासन दिए जाने के बाद कामगारो ने धरना समाप्त कर दिया। इस मौके पर संजय प्रसाद, राकेश कुमार, मोहन पांडेय, गुलाब राजभर, गोपाल सिंह, प्रधान मुंडा, रूपलाल गंझु, बिरमल कुमार, राजू घांसी, सुखदेव सहित कई कामगार मौजूद थे।

# कमेटी के अध्यक्ष बने रंजन सिंह बिट्टू व सचिव धीरज बहादुर



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

केडी हिन्दूगढ़ी चौक में रामनवमी के पूर्व संध्या 5 अप्रैल को अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसे लेकर केडी बाजार में स्थानीय लोगों की एक बैठक हुई। अध्यक्षता अरविन्द सिंह ने किया। मालूम हो कि विगत 34 वर्षों से खलारी के केडी हिन्दुगढ़ी चौक पर रामनवमी के पूर्व संध्या पर अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन होता आ रहा है। वर्ष 1991 में हिन्दुगढ़ी चौक पर इस आयोजन की शुरूआत की गई थी। कोरोना महामारी के दौरान कुछ वर्षों तक इस आयोजन को बंद करना पड़ा। बीते वर्ष से प्रतियोगिता फिर शुरू हुई है। बैठक में इस वर्ष फिर से धूमधाम से इस आयोजन को करने का निर्णय लिया गया है। तय हुआ कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों को गांव गांव में जाकर आमंत्रण देना है। बैठक के अंत में स्थानीय पत्रकार मुक्तिनाथ गिरि के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। संचालन रतन मिश्रा ने किया। बैठक में आयोजन कमेटी का गठन किया गया।

### योग व कला संस्कृति से गूंजा बिरसा मुंडा फन पार्क

**रांची।** जेल मोड़ स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क में सोमवार को नटराज योग संस्थान एवं रिलेशंस के संयुक्त तत्वाधान में योग एवं कला संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से आए नटराज योग संस्थान के योगासन खिलाड़ियों ने योग नृत्य से दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। योग एवं कला संस्कृति कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नटराज योग संस्थान के संचालक आर्य प्रहलाद भगत एवं सह संचालिका सुषमा कुमारी तिग्गा का इस आयोजन में बहुमूल्य सहयोग के लिए बिरसा मुंडा फन पार्क के संचालक आर्यन चोपड़ा और आशुतोष द्विवेदी ने अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में नटराज योग संस्थान के रितेश कुमार, विजय कुमार, प्रिंस कुमार, मोहित कुमार, माही कुमारी, अंजलि कुमारी,कशक कच्छप सहित जेल पार्क के कुंदन सोनी, अभिषेक कुमार, मुन्ना सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सरहुल, रामनवमी और ईद को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**चान्हो।** सोमवार को थाना परिसर में सरहुल रामनवमी ईद के त्योहार को लेकर बैठक की गई । बैठक की अध्यक्षता डी एस पी आर एन चौधरी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस उपाधीक्षक आर एन चौधरी ने कहा कि सभी त्योहारों को मिलजुल कर आपसी सौहार्द के साथ मनाना हम सब की जिम्मेदारी है। किसी भी तरह की कोई अफवाह की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन को दें। मौके पर प्रखंड प्रमुख होलिका देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी बरुण कुमार, थाना प्रभारी चन्दन गुप्ता सहित कई स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं शांति समिति के सदस्य शामिल हुए।

## न्यूज | बॉक्स

### वैद्य ब्राह्मण समाज के वार्षिक अधिवेशन में कई प्रस्ताव पारित



**बेड़ो।** झारखंड वैद्य ब्राह्मण समाज का वार्षिक अधिवेशन बेड़ो प्रखंड के बारीडीह के पड़हा भवन में आयोजित किया गया। इस मौके पर समाज के राजनीतिक सामाजिक सांस्कृतिक और आर्थिक दशाओं में सुधार के लिए मैराथन मंथन किया गया। झारखंड वैद्य ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष वाणी कुमार रॉय के संचालन एवं धनंजय कुमार रॉय के संचालन में आयोजित अधिवेशन के दौरान वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें समाज के सर्वांगीण विकास और उत्थान के साथ साथ आय व्यय का लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया गया। सचिव नित्यानंद रॉय एवं कोषाध्यक्ष प्रताप कुमार रॉय ने अपने वार्षिक प्रतिवेदन में अपनी भूमिका एवं क्रियाकलापों के संदर्भ में विशेष एवं खुला चर्चा किया। इस मौके पर कई प्रस्ताव पारित किए गए। प्रताप कुमार रॉय ने कहा कि झारखंड वैद्य ब्राह्मण समाज को वार्षिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन करना चाहिए। इससे कई लोगों को लाभ प्राप्त होगा। वहीं धनंजय कुमार रॉय ने कहा कि वैद्य ब्राह्मण समाज में एक से बढ़कर एक लोक कलाकार, साहित्यकार, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हैं। हमें मिलजुलकर वार्षिक पत्रिका निकालने तथा समाज की जनगणना एवं वंशावली की पुस्तिका तैयार करने की जरूरत है। अध्यक्ष वाणी कुमार राय ने कहा कि वे बतौर अध्यक्ष समाज के उत्थान के लिए सदैव तत्पर एवं क्रियाशील हैं।

### चौथी राज्य महिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रांची बना चैंपियन, 31 गोल्ड रांची को मिला



**रांची।** झारखंड ताइक्वांडो संघ के द्वारा वाईबीएन पब्लिक स्कूल धुर्वा सेक्टर - 2 में चौथी झारखंड राज्य महिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2024- 25 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पुरे झारखंड से 360 महिला ताइक्वांडो खिलाड़ी ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में झारखंड ताइक्वांडो संघ के कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल कुमार उपस्थित थे इस प्रतियोगिता में आयोजन सचिव झारखंड ताइक्वांडो संघ के उपाध्यक्ष सह रांची जिला ताइक्वांडो संघ के महासचिव- मिथलेश कुमार सिंह थे। प्रतियोगिता में मेडल तालिका में रांची जिला ने 31 गोल्ड के साथ प्रथम स्थान, पूर्वी सिंहभूम दूसरे स्थान और तीसरे पर पश्चिमी सिंहभूम की टीम रही । इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल लाने वाले खिलाड़ी देहरादून में होने वाले आगामी नेशनल प्रतियोगिता 2025-26 में झारखंड टीम के तरफ से भाग लेंगे। गोल्ड मेडल लाने वाले सीनियर प्लेयर के नाम सखी बांगर, अंकिता कुमारी लाडली पांडे, आरोही आस्था मिंज, सिद्दीका राज, सिया शुक्ला, रिद्धिमा सिंह, श्रेया नंदी , संस्कृति गुरुंग, रितिका कुमारी अनुष्का खालको कृपलानी कच्छप, बबीता कुमति, संजना कुमारी , ईशा कुमारी, शिवानी कुमारी, धनमुनि कुमारी ,ईशा कुजूर बबीता कुमारी इस प्रतियोगिता में रांची जिला के विभिन्न महाविद्यालय, विद्यालय ओपन क्लब के बच्चों ने भाग लिया।

### एनएसएस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में ग्रामीण जुड़ाव पर जोर

### शहीद शेख भिखारी कॉलेज में हुआ एनएसएस स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन



**रांची।** शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, शुटियाम्बे, पिठोरिया में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. ब्रजेश कुमार ने स्वयंसेवकों को ग्रामीण जनता से जुड़ने की आवश्यकता पर बल दिया और जमीनी स्तर पर सर्वेक्षण की अहमियत पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सपना त्रिपाठी द्वारा स्वागत भाषण से हुई। संचालन का दायित्व डॉ अंजू शर्मा ने निभाया। डॉ पीके वर्मा ने 'ग्रेन बैंक' की अवधारणा पर विचार साझा किए, जबकि डॉ संजय मिश्रा ने एनएसएस स्वयंसेवकों की भूमिका पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की रिपोर्ट कॉलेज के एनएसएस समन्वयक प्रदीप सिंह ने प्रस्तुत की, और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मीरा प्रसाद ने दिया। कार्यक्रम में छात्रों को सामाजिक सेवा और जमीनी कार्यों के प्रति प्रेरित किया गया, जिससे वे समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकें।

### ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर बुढ़मू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक, कहा

# असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा



**नवीन मेल संवाददाता। बुढ़मू**

बुढ़मू थाना परिसर में ईद सरहुल और रामनवमी पर्व के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सोमवार को दोपहर तीन बजे शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो के नेतृत्व में सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक के बाद मांडर इंस्पेक्टर आर.एन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्व त्योहार के मौके पर पर्याप्त व्यवस्था रहेगी. पर्व के मौके पर असामाजिक तत्वों पर पुलिस की रहेगी कड़ी नजर। पर्व त्योहार में बदमाशी और उपद्रव करने वाले किसी भी धर्म के असामाजिक तत्व को बक्शा नहीं जायेगा. विकास पदाधिकारी धीरज कुमार ने कहा कि बदमाशी करने वाले असमाजिक तत्वों का इलाज करेंगे, साथ ही बुढ़मू पुलिस जुलूस में नजर रखेंगे. बैठक के बाद बुढ़मू अंचल अधिकारी सच्चिदानंद वर्मा ने कहा कि प्रखंड में एक आदर्श और भाईचारगी प्रखंड बने, प्रशासन का ये लक्ष्य है. बैठक में जो सुझाव मिले है उसमें वर्क किया जायेगा. जुलुश के रूट को लेकर भी वेरिफिकेशन किया जायेगा. जिला प्रशासन और पुलिस सोशल मीडिया पर नजर रखेगी. डीएसपी रामनारायण चौधरी ने कहा कि गड़बड़ी करने वाले सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं. सोशल मीडिया पर जानबूझ कर या अनजाने में आपत्तिजनक चीजों को फॉरवर्ड न करें, रितेश कुमार महतो ने कहा कि देर रात तक डीजे पर अश्लील गाना नहीं बजाना है और किसी भी धर्म को ठेस पहुंचे ऐसा गाना बजना सख्त मना है, अगर किसी प्रकार का धर्म को लेकर विवादित गाना बजाय तो उसके खिलाफ प्राथमिकता दर्ज किया जाएगा और कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। बैठक में प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उपप्रमुख हरदेव साहू,जिला परिषद मनोज बाजपाई, जिला परिषद रामजीत गंझु,पूर्व जिला परिषद पार्वती देवी सदन साहू, याकूब अंसारी, सरफराज अहमद रतन सिंह, सज्जाद अंसारी, अजीत प्रसाद, सोनू मुंडा, रामेश्वर पाहन, हरिश्चंद्र पाहन, रामेश्वर यादव, नसरुद्दीन अंसारी, चकमे मुखिया रामब्रित मुंडा, बुढ़मू मुखिया गोवर्धन लोहारा, परमानंद तिवारी, दिनेश यादव, अरुण यादव, शंकर साहू, मदन महतो, बैठक में शामिल थे।

# लापुंग में प्रखंड स्तरीय सरहुल शोभायात्रा का आयोजन कल

लापुंग। लापुंग प्रखंड में प्रखंड स्तरीय सरहुल मिलन समारोह सह भव्य शोभायात्रा का आयोजन 26 मार्च व ककरिया पंचायत में पंचायत स्तरीय सरहुल शोभायात्रा 30 मार्च को आयोजित किया जाएगा।? 26 मार्च को सापुकेरा बाजार टांड़ से मुख्य सड़क, थाना एवं प्रखंड मुख्यालय मुख्य द्वार होते हुए बिरसा चौक पहुंचेंगी जहां सरना धर्मावलंबी अपने पूर्वज धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का माल्यार्पण करेंगे। प्रखंड स्तरीय सरहुल मिलन सह शोभायात्रा संचालन समिति के अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया जयंत बरला, उपाध्यक्ष सह प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, सचिव सह उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा, कोषाध्यक्ष धनिया मुंडा, संरक्षक बिरसा मुंडा, महासचिव गांगी उरांव, संयोजक सह मुखिया सविता उरांव, उप सचिव बतिया उरांव, उप कोषाध्यक्ष पवन बरला सदस्य सुखराम मुंडा, बोने उरांव, सरोज गुड़िया, विकनु मुंडा, हेमंत मिंज, चामा उरांव, दयाल गुड़िया, कार्तिक उरांव, ऑस्कर होरो, एतवा मुंडा, करमा मुंडा, कृष्णा बडाईक, अनुज मुंडा सहित सभी पाहन-पुजार के सामुहिक नेतृत्व में सरहुल मिलन समारोह एवं शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर सभी मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करेंगे। वहीं दूसरी ओर ककरिया पंचायत स्तरीय सरहुल शोभायात्रा 30 मार्च को मुखिया बिरसमणी देवी सहित सभी पाहन पुजार के संयुक्त नेतृत्व में अम्बाटोली सरना से निकाला जाएगा। सरना स्थल से शोभायात्रा ककरिया मुख्य सड़क होते हुए हाई स्कूल मैदान पहुंचेगी जहां वह सरहुल सभा में परिणत हो जाएगी। यहां शोभायात्रा में सेमला, उनीकेल, सेमला डांड़ टोली, सेमला कुसुम टोली,चम्पाडीह, खटंगा, डुरु, सरनाटोली, जमनी टोली सहित अन्य गांवों के लोग परंपरागत वेशभूषा में शामिल होंगे।

# झारखंड की महिला टीम ने वालीबॉल चैंपियनशिप में जीता रजत पदक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

तमिलनाडु के इरोड में आयोजित 13वीं सीनियर नेशनल पारा वालीबॉल चैंपियनशिप में झारखंड महिला टीम ने बाजी मारी। इस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग ने लगातार सभी मैच जीते और इसी के साथ फाइनल में रजत हासिल किया है। झारखंड टीम के कोच मुकेश कंचन ने बताया पहला मैच कर्नाटक बनाम झारखंड के बीच हुआ जिसमें 18-25 से जीती दुर्सा मैच उत्तराखंड बनाम झारखंड के बीच खेला गया जिसमें 16-25 से जीत से मिली। वहीं, तीसरे राउंड का मैच झारखंड बनाम तेलंगाना के बीच खेला गया 15-25 से जीत और इसी तरह से लगातार मैच को जीते हुए सेमीफाइनल का मैच राजस्थान बनाम झारखंड के बीच खेला गया। उन्होंने कहा कि राजस्थान पिछले 12वीं सीनियर नेशनल में भी वालीबॉल चैंपियनशिप 2023 भी झारखंड की महिलाओं ने अपने नाम की थी। 2025 में हुए खेल में महिला वर्ग में प्रतिमा तिर्की(कप्तान), असुंता टोप्पो, तारामनी लकड़ा, पुष्पा मिंज, शकुंतला देवी, महिमा उरांव, अनीता तिर्की, सरिता भूटकुमरी, संजुक्ता एक्का सुनीता कुमारी शामिल थी। पारा ओलम्पिक कमेटी के अध्यक्ष कमल अग्रवाल, राहुल मेहता अध्यक्ष झारखंड डिसेबल क्रिकेट एसोसिएशन, पारा ओलम्पिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव सरिता सिन्हा, उपाध्यक्ष पतरस तिर्की, समाज सेवी जगदीश सिंह जग्गू, संजू कुमारी शिवरानी कुमारी, आर्यन एवं झारखण्ड वाशियों ने बधाई दिया।

## एक नजर

### कंजगी में पांच दिवसीय यज्ञ को लेकर भूमिपूजन किया गया

**गिद्दी।** कंजगी में श्रीराम चरित्र मानस सह हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा के पांच दिवसीय महायज्ञ को लेकर सोमवार को भूमिपूजन किया गया। आचार्य शंकर पांडेय ने विधिवत पूजा अर्चना कराई। जबकि डमरू बेदिया कमली देवी सहित 9 जोड़ी महिला पुरुष यजमान बने। इसके पहले महावीरी झंडा के साथ श्रद्धालुओं ने नगर भ्रमण किया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष ने बताया 9 अप्रैल से 13 अप्रैल तक पांच दिवसीय महायज्ञ किया जाएगा। भूमि पूजन के अवसर पर शेखर बेदिया, डेगन बेदिया, वीरेन्द्र गोप, गोपाल बेदिया, बालगोविंद बेदिया, मनोज गोप, छ्तु बेदिया, अनिल सोनी, तुलेश्वर गोप, संजीत गोप, सूचित गोप, देवानंद बेदिया, जयनंदन गोप, हीरू बेदिया, मुनिया देवी, शांति देवी, रीता देवी, आरती देवी, रीता देवी, सरिता देवी सहित गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

### मिनी मैराथन में शामिल हुए दर्जन भर राज्य के प्रतिभागी

**रामगढ़।** स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर दौड़ेगा रामगढ़ बढ़ेगा रामगढ़ के तहत मिनी मैराथन का आयोजन हुआ। इसमें झारखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, असम, ओड़िशा के सैंकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम से एक दिन पूर्व ही सभी प्रतिभागी रामगढ़ पहुंच गए थे। बारिश के कारण कार्यक्रम एक घंटा विलंब से 7 बजे शुरू हुआ। आयोजन समिति अध्यक्ष राजीव जायसवाल ने बताया कि इस तरह के आयोजन से स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा मिलने के साथ सकारात्मक उर्जा का संचार होती है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता जताई।

### सड़क के गड्ढे में अनियंत्रित बाइक के पलटने से युवक की मौत

**गोला।** गोला मुरी मुख्य मार्ग पर डभातु के पास सड़क पर उभर आए गड्ढे में बाइक पलटने से गंभीर रुप से घायल युवक की शनिवार की देर रात रिम्स रांची में मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। युवक बाइक से देर शाम को पुरबडीह की ओर जा रहा था। इसी दौरान बाइक सड़क के गड्ढ़े में चला गया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे सीउचसी गोला ले जाया गया। जहां पर प्राथमिक इलाज के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। यहां के डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गोला डीवीसी चौक काली मंदिर निवासी 21 वर्षीय निल पाठक पिता स्व सरोज पांडेय अपनी बाइक से देर शाम पुरबडीह की ओर जा रहा था।

---

सांसद ने अखाड़ा धारियों के बीच वितरित किए पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र

# बुद्धि व विवेक के साथ शांतिपूर्ण त्योहार मनाएं



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** रामनवमी की तैयारियां जोरों पर है. इस महापर्व रामभक्तों का उत्साह देखते ही बनता है. स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल भी रामभक्तों के उत्साह को बनाए रखने और हजारीबाग जिले के ऐतिहासिक महापर्व को यादगार बनाने में अपनी महत्ती भूमिका निभा रहे हैं. इसी क्रम में रविवार को धनबाद रोड स्थित नया दुर्गा मंदिर परिसर में 80 अखाड़ा धारियों के बीच रामनवमी के पारंपरिक शस्त्र लाठी और तलवार का वितरण किया. इस अवसर स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव भी मौजूद रहे. सांसद श्री जायसवाल ने कहा कि पुराने समय में जुलूस में विशाल पताका शामिल होते थे. जहां रामभक्तों की टोलियां लाठी और तलवार जैसे पारंपरिक हथियार से अपने करतब दिखाते थे. जो काफी मनोहारी होते थे. आज के रामभक्त भी उस परंपरा को आगे बढ़ाएं और हजारीबाग की पारंपरिक रामनवमी को शांतिपूर्ण तरीकों से हर्षोल्लास मनाए. ऐसी उनकी कामना है. उन्होने बताया कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में दो हजार से अधिक अखाड़ों के बीच यह शस्त्र वितरित करने का लक्ष्य है. कार्यक्रम में शामिल विधायक श्री यादव ने सांसद के प्रयास का सराहना करते हुए, सनातन के विकास में सराहनीय योगदान बताया. उन्होंने भी अखाड़े धारियों से शांति और सद्भाव के साथ महापर्व मनाने की अपील किया. कार्यक्रम का संचालन विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने किया. कार्यक्रम में को पताकाओ के जायसवाल ने 80 अखाड़ेधारियों के बीच पारंपरिक शस्त्र का वितरण किया. कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया विजय यादव, मोतीलाल चौधरी, पंसस विकास सिंह, पूर्व मुखिया छोटन ठाकुर, राज सिंह चौहान, कांति देवी, अकाश जायसवाल, नंदकिशोर साव आदि सहित दर्जनों रामभक्त मौजूद थे.

### पड़रिया के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में अनियमितता का किया विरोध

**गिद्दी।** बड़काचुंबा पंचायत के पड़रिया के ग्रामीणों ने रविवार को सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता बरते जाने का विरोध किया है। ग्रामीणों ने बताया लगभग 99 लाख रुपए की लागत से डीएमएफटी फंड से पड़रिया गांव के राजेंद्र सिंह के घर से अरगड्डा कांटा तक करीब एक किलोमीटर पीसीसी पथ का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया इसी वर्ष के 5 फरवरी को सड़क निर्माण कार्य शुरू किए जाने के लिए शिलान्यास किया गया है। सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी क्रम में सड़क के किनारा टूटने लगा है। जिससे गांव के ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया निर्माण कार्य में अनियमतता बरते जाने के कारण सड़क अभी से टूटने लगे है।

## न्यूज | बॉक्स

### आज कोडरमा खंड से गुजरने वाली सवारी गाड़ी रहेगी स्थगित



**बरही।** खुरहा गड्ढा और कटकम सांडी के बीच नए रेलवे लाईन शीघ्र प्रारंभ होंगे. इसे लेकर रेलवे की सीआरएस टीम मंगलवार को निरीक्षण करेगी. इस कारण कोडरमा और बरकाकाना स्टेशन के बीच सुबह और शाम चलने वाली कोडरमा-बरकाकाना सवारी ट्रेन (अप और डाउन) सिर्फ मंगलवार को स्थगित रहेगी. उक्त जानकारी स्टेशन प्रबंधक चंदन केसरी ने दी. उन्होंने बताया कि मंगलवार को वंदे भारत और इंटरसिटी दोनो गाड़ी बंद रहते हैं. माल गाड़ी भी बहुत कम चलेगी. इंस्पेक्शन के दौरान सीआरएस टीम में डीआरएम मौजूद रहेंगे. इस दौरान निमार्णाधीन नए ट्रैक की गुणवता इत्यादि विभिन्न पहलुओं के निरीक्षण किए जायेंगे.

### मध्य विद्यालय बेडोकला में एसएमसी का हुआ पुनर्गठन, चंपा देवी बनी अध्यक्ष



**बरकट्ठा।** प्रखंड के बेडोकला मध्य विद्यालय में मुखिया प्रतिनिधि देवेन्द्र पाण्डेय की अध्यक्षता में प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर प्रवेक्षक परमानंद पांडेय, फलजीत राणा, बिनोद कुमार शर्मा, पंसस समिति सदस्य रामचंद्र साव शामिल हुए। पर्यवेक्षकों ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन समिति पुनर्गठन में विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के माता पिता ही भाग लेंगे। छात्र-छात्राओं के माता पिता के बीच से 12 सदस्यों का चयन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष चंपा देवी, उपाध्यक्ष आनंद ठाकुर संयोजिका किरण देवी एंव उप संयोजिका नीलम देवी को चुना गया। सभी चयनित सदस्यों को स्कूल का सफल संचालन को लेकर शपथ दिलाया गया। सभी जनप्रतिनिधियों ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति विद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यालय संचालन के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति को बेहतर रूप से कार्य करने की अपील की। मौके पर विद्यालय के सचिव मनोज कुमार मंडल, भीम साव, देवीलाल यादव, युगल ठाकुर, यमुना बैठा, बालगोबिंद प्रसाद, दशरथ पंडित, समेत गांव के दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

### मईयां सम्मान योजना में उमड़ी लाभुकों की भीड़



**बरही।** प्रखंड परिसर में ई केवाईसी, एनपीसीआई मैपिंग और आधार सीडिंग को लेकर लगाए गए शिविर में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी. यह सभी वैसे महिला थे जिनके खाता में मईयां सम्मान योजना की राशि नही गए थे. राशि की आस में बीते दो सप्ताह से भीं अधिक दिन से महिलाएं भूखे प्यासे प्रखंड का चक्कर लगा रही थी. डपोक से आई रीना देवी ने बताया कि उनके खाता का दो बार एनपीसीआई मैपिंग और ई केवाईसी किया गया है, बाबजूद मैपिंग की समस्या बताई जा रही है. जबकि प्रज्ञा केंद्र वाले इसे पूर्ण बताते हैं. उन्होंने बताया कि शिविर में भीड़ होने के कारण काफी लाभुकों को परेशान होना पड़ रहा है. बीडीओ ने बताया कि यह शिविर आगामी 29 मार्च तक लगातार लगाए जायेगे. उन्होंने यह भी बताया कि सरकारी राशि का हस्तांतरण डीबीटी के माध्यम से ही होना है. ऐसे में खाता का आधार सीडिंग, एनपीसीआई मैपिंग और सक्रिय रहना अनिवार्य है. उन्होंने सभी लाभुकों को सरकारी राशि का लाभ लेने के लिए उक्त कार्य अपडेट करने की बात कही है.

---

विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

# जांच में 240 टीबी बीमारी से संक्रमित मरीज पाए गए




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** सिविल सर्जन कार्यालय रामगढ़ के सभागर कक्ष में 24 मार्च को सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद की अध्यक्षता में विश्व यक्ष्मा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी / उपाधीक्षक / सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी / सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/जिला कार्यक्रम प्रबंधक यूनिट सभी प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक / सीएसआर हेड, टाटा स्टील फाउंडेशन,वेस्ट बोकारो घाटो टांड़/सीएसआर हेड, जिंदल फाउंडेशन, बलकुदरा, पतरातू/ मुखिया, धर्मगुरू, पत्रकार, पिरामल स्वास्थ्य, स्वास्थ्य कर्मी एवं अन्य सभी गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस अवसर सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि टीबी बीमारी क्या है, कैसे फैलता है, इसका ईलाज एवं रोकथाम के लिए विस्तृत जानकारी देते हुए एक वर्ष में उपलब्धियों के बारे में बताया गया। सिविल सर्जन ने बताया कि पिछले वर्ष में कुल-26009 संभावित व्यक्तियों की बलगम जांच की गई। जिनमें कुल 1429 टीबी के मरीज पाये गये। इसके अतिरिक्त कुल-21 एमडीआर मरीज पाये गये। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले वर्ष में पंजीकृत मरीजों में 98.5 प्रतिशत सफल उपचार रहा। 100 दिवसीय निक्षय शिविर के तहत कुल 73051 अति उच्च जोखिम वालें व्यक्तियों को चिन्हित किया गया जिसमें कुल 62056 लोगों का स्क्रीनिंग किया गया। जिसमें कुल 11297 लोगों का एक्स-रे किया गया, जिसमें कुल 240 टीबी बीमारी से संक्रमित पाये गये उनका ईलाज भी प्रारंभ कर दिया गया। राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मुलन कार्यक्रम के तहत रामगढ़ जिलान्तर्गत कुल 14 पंचायत टीबी मुक्त घोषित किये गये। जिनमें पतरातु प्रखंड का एक, रामगढ़ के तीन, दुलमी के दो. चितरपुर का एक, गोला के चार और मांडू प्रखंड के तीन पंचायत शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन द्वारा राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मुलन अभियान एवं 100 दिवसीय निक्षय शिविर के तहत उत्कृष्ट एवं बेहतर कार्य तथा सरहानीय योगदान के लिए सीएसआर हेड, टाटा स्टील फाउंडेशन, वेस्ट बोकारो घाटो टांड़/सीएसआर हेड, जिंदल फाउंडेशन बलकुदरा पतरातु / मुखिया, धर्मगुरू, पत्रकार, पिरामल स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य कर्मी को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष ने उपायुक्त से की मुलाकात

## उपायुक्त ने शांतिपूर्ण रामनवमी मनाने का दिलाया भरोसा



**हजारीबाग।** रामनवमी 2025 को लेकर रामनवमी महासमिति के नए अध्यक्ष बसंत यादव ने उपायुक्त नैंसी सहाय से उपायुक्त कार्यालय कक्ष में बुके व शॉल देकर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान अपर समाहर्ता संतोष कुमार,सदर एसडीएम बैजनाथ कामती,पूर्व महासमिति के अध्यक्ष कुणाल यादव व अमरदीप यादव मौजूद थे। इस अवसर पर आगामी रामनवमी 2025 के सफल आयोजन को लेकर तमाम पदाधिकारियों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हजारीबाग में रामनवमी शांतिपूर्ण,सौहार्दपूर्ण तथा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पूर्व के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक बिंदुओं पर विचार कर हर आवश्यक कदम उठाएं जाएंगे। पर्व के दौरान विधि व्यवस्था कायम रखने को लेकर कई चरणों में विभिन्न शांति समिति के सदस्यों, महासमिति के सदस्यों आदि के साथ विचार विमर्श किए जाएंगे। उपायुक्त ने रामनवमी महासमिति के नए अध्यक्ष बसंत यादव को शुभकामनाएं दी तथा प्रशासन के साथ सहयोग करने की भी बात कही। डीसी ने कहा कि रामनवमी एक पवित्र पर्व हैं इसे शांतिपूर्ण और सौहार्द से मनाया जाए। इसके साथ ही हर समुदायों का भी ख्याल करना चाहिए ताकि एक मिसाल पैदा हो सके।

---

पर्यटन विकास के तहत हो रहे विकास कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

## अभियंताओं को योजनाओं का लगातार निरीक्षण करने दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में रामगढ़ जिले में अनाबद्ध निधि, पर्यटन विकास एवं डीएमएफटी के माध्यम से हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने डीएमएफटी के तहत संचालित विभिन्न कार्यकारी एजेंसीयों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं सभी कार्यकारी एजेंसियों को उनके तहत किए जा रहे हैं योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिला अनाबद्ध निधि एवं डीएमएफटी के माध्यम से संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अब तक हुए कार्यो की विस्तार से जानकारी ली एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया वहीं बैठक के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित सभी सहायक अभियंता को योजनाओं का समय-समय पर निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। पर्यटन विकास की दिशा में जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पर्यटन स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की एवं उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो, सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता, कार्यपालक अभियंताओं, सहायक अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

## 110 मरीजों को चिकित्सा परामर्श और निःशुल्क दवाएं प्रदान की गईं



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** पावर मेक प्रोजेक्ट्स लिमिटेड की सहायक कंपनी केबीपीएमपीएल ने अपने सीएसआर पहल के तहत केबीपी ओपन कास्ट कोल प्रोजेक्ट से जुड़े ग्रामों के निवासियों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से केदला ट्रेकर स्टैंड में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर का उदघाटन केबीपीएमपीएल के सीओओ एल. प्रणय, चित्रा दास, केदला मध्य पंचायत की मुखिया पूजा कुमारी और मंतोष सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में केबीपीएमपीएल की चिकित्सा टीम, सीएसआर प्रमुख विजय तिवारी, दीपक यादव, कार्तिक, सामु, स्वामी, मिथिलेश सिंह, स्थानीय ग्रामीणों और कंपनी अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मौके पर एल. प्रणय ने सामुदायिक कल्याण के प्रति केबीपीएमपीएल की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि परियोजना ग्रामों में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा, ताकि निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। व मुखिया पूजा कुमारी ने कंपनी की इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। शिविर में 110 मरीजों को चिकित्सा परामर्श और निःशुल्क दवाएं प्रदान की गईं। सीएसआर प्रमुख विजय तिवारी और उनकी टीम ने शिविर के सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

श्रीश्री रामनवमी पूजा महासमिति के सदस्यों ने गरीब परिवार को की आर्थिक सहयोग

## महासमिति की ओर से 11000 रुपए का चेक मृतक के परिजनों को सौंपा गया



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को श्राद्ध कर्म के लिए आर्थिक सहयोग किया। ज्ञात हो कि गोला प्रखंड क्षेत्र के कामता गांव में किराये के मकान में रहने वाले किशोर रजक उम्र 60 वर्ष का रविवार सुबह 6:00 बजे रांची रिम्स में इलाज के दौरान देहांत हो गया। किशोर रजक का अंतिम संस्कार रविवार को ही गोला प्रखंड के पटासुर मुक्तिधाम में किया गया। किशोर रजक कई महीनो से बीमार चल रहे थे। उनके परिवार का आर्थिक स्थिति अच्छी नही है। मृतक अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गये। परिवार की आर्थिक स्थिति की जानकारी श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली को मिली। उन्होंने रविवार को ही महासमिति की ओर से ग्यारह हजार रुपए का आर्थिक सहयोग करने की घोषणा की। सोमवार को महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली ने आर्थिक रूप से कमजोर मृतक के परिजनों को उनके आवास में जाकर श्राद्ध कर्म के लिए ग्यारह हजार रुपए का चेक मृतक के पुत्र प्रितम रजक को सौंपा। मृतक के परिजनों ने महासमिति का आभार प्रकट किया। मौके पर महा समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली ने कहा समाज के जरुरतमंदों की मदद करना ही नर सेवा और नारायण सेवा, महासमिति हर सुख-दुख में सनातन धर्म के लोगों के साथ खड़ी है। कहा कि महासमिति की ओर से गोला डीवीसी चौक निवासी मृतक नील पांडेय के परिजनों को भी आर्थिक सहयोग किया जायेगा। उनके परिजनों से मिलकर महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली ने मुलाकात कर हर संभव मदद का का आश्वासन दिया और मृतक किशोर रजक और मृतक नील पांडे के आवास में जाकर पुण्य आत्माओं की शांति के लिए महा समिति के लोगों ने मौन धारण करते हुए भगवान से प्रार्थन की।

श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति ने किया लकी ड्रॉ कूपन जारी

## लकी ड्रॉ मई को होगा संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ ने धार्मिक कार्यक्रमों में सहायतार्थ लकी ड्रॉप कूपन जारी किया। रविवार की देर शाम को गोला रोड स्थित श्री श्याम कॉम्पलेक्स के निकट कार्यक्रम का आयोजन कर महासमिति के अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने लकी ड्रॉ कूपन जारी किया। महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली, महासचिव विशाल जयसवाल, संरक्षक विमल बुधिया, विजय मेवाड़, कमल बगाड़िया, प्रो संजय सिंह, विजय जायसवाल, राजेश ठाकुर, महासचिव विशाल जायसवाल आदि ने लकी ड्रॉ कूपन को जारी किया। अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली ने बताया कि रामनवमी महापर्व के धार्मिक कार्यक्रम के सहायतार्थ हेतु लकी ड्रॉ कूपन जारी किया गया है। 25 मई को कूपन का ड्रा होगा। मौके पर संरक्षक अनमोल सिंह, अमित ठाकुर, विनोद दांगी, शुभम वर्मा, तरुण साव, शशि शेखर सिंह, संतोष सिंह, अंकित अग्रवाल, शौर्य प्रसाद, राजू मालाकार, रोहित सोनी, मनोज महतो, राहुल रजक आदि उपस्थित थे।

अनुमंडलीय अस्पताल में मनाया गया विश्व यक्ष्मा दिवस, दर्जनों कर्मी सम्मानित

## टीबी मुक्त अनुमंडल बनाने के लिए मिलकर करें काम, चलाएं जागरूकता अभियान : एसडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर अनुमंडलीय अस्पताल में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू और विशिष्ट अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो शामिल हुए. कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई. जिसका संचालन बीपीएम नारायण राम ने किया. जिसमें पदमा और बरही प्रखंड के दर्जनों सहिया और स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए. डीएस डॉ ज्ञानी ने अतिथियों का स्वागत किया. उन्होंने बताया कि यक्ष्मा कोई छुआछूत की बीमारी नही है. इसके नियमित इलाज से यक्ष्मा पूर्णतः ठीक होता है. उन्होंने बताया कि 2024-25 में अनुमंडलीय अस्पताल की निगरानी में दस लोग पूर्ण स्वस्थ होकर घर जा चुके हैं. बीडीओ श्री महतो ने भी सरकार के टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की चर्चा करते हुए अधिकाधिक जागरूकता चलाने पर जोर दिया. एसडीओ श्री टुडू ने प्रधानमंत्री के मन टीबी उन्मूलन कार्यक्रम और टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अनुमंडल को शत प्रतिशत टीबी मुक्त बनाने की बात कही. कार्यक्रम को भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री ठाकुर ने भी संबोधित करते हुए स्वास्थ्य कर्मियों का हौसलावर्द्धन किया. कार्यक्रम के अंत में बिजेंद्र कुमार, मो शाहिद अली, विष्णु शंकर महतो, रवि शंकर, श्रेया रंजन, पूर्णिमा गुरुंग, बीभा कुमारी, ज्योति कुमारी, कविता कुमारी, निशी कुमारी, संगीता कुमारी, बबिता कुमारी, सूरज दास, शैलेंद्र राम, निर्मला कुमारी और कांति कुमारी को बेहतर सेवा देने के लिए सम्मानित किया गया. कार्यक्रम सफल बनाने में सुधांशु कुमार, प्रमोद श्रीवास्तव आदि कर्मियो ने महती भूमिका निभाई.

### चैती दुर्गा पूजा समिति सलडेगा की हुई बैठक

# मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजन करने का हुआ निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सलडेगा श्रीदेवीगुड़ी मंदिर परिसर में चैती दुर्गा पूजा समिति की बैठक समिति के मुख्य सलाहकार अरुण सिंह की अध्यक्षता में हुई।बैठक में दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।बैठक में पूजा धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में प्रतिमा निर्माण,पंडाल निर्माण एवं आकर्षक विद्युत सजावट कराने पर चर्चा की गई।बताया गया कि इस वर्ष मां दुर्गा के नौ स्वरूप की प्रतिमा स्थापित कर भव्य रूप से पूजा का आयोजन किया जायेगा। 30 मार्च को कलश स्थापना के साथ नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान आरंभ होगी। बैठक में मुख्य रूप से मुरारी प्रसाद, जगदीश सिंह,मनोज चौबे,अशोक महतो,आनंद जयसवाल,प्रेमजीत महतो,लक्ष्मी प्रसाद,राकेश कुमार चंचल,मितेश सिंह, अजय वर्मा, दिलीप महतो, नागेंद्र पाठक, निरंजन प्रसाद, अरबिंद श्रीवास्तव, रंजीत महतो, राजेंद्र महतो, गणेश महतो, प्रदीप,अमित केसरी, पुष्पकान्त शर्मा, मिथुन सिंह,विक्रम महतो के अलावा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### रामनवमी प्रबंधक समिति महावीर मंडल की बैठक हुई

# मंगलवारी जुलूस आज, रामनवमी महोत्सव का होगा विधिवत शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** रामनवमी प्रबंधक समिति महावीर मंडल की बैठक रविवार संध्या महावीर मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक प्रदीप कुमार शर्मा के अध्यक्षता में आयोजित की हुई। इस दौरान रामनवमी प्रबंधक समिति के पदाधिकारीयों के अलावा सभी अखाड़ा के अध्यक्ष व सचिव मौजूद रहे। जिसमें मुख्य रूप से 6 दिवसीय रामनवमी महोत्सव को लेकर तैयार रूपरेखा की विस्तृत जानकारी सभी अखाड़ा को दी गई। साथ ही 3 तथा 4 अप्रैल को रात्रि 8:00 बजे तक सभी अखाड़ा से महावीर चौक आयोजन स्थल पहुंचने को कहा गया। निर्धारित समय 8:30 बजे पूजन कार्यक्रम प्रारंभ होगा, इसके पश्चात 9:00 बजे से अखाड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। इसके अलावा अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने प्रबंधक समिति के सभी पदाधिकारी व अखाड़ा समितियों से 25 अप्रैल मंगलवार को संध्या 7:30 बजे महावीर चौक में आयोजित झंडा पूजन कार्यक्रम में समय से पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी अखाड़ा पूजन प्रारंभ होने से पूर्व मंगलवारी जुलूस लेकर शहर के हृदय स्थली महावीर चौक पहुंचे। ताकि सभी लोगों की उपस्थिति में पूजन के पश्चात रामनवमी महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया जाए। इस दौरान संरक्षक, उपाध्यक्ष, अखाड़ा समिति के अध्यक्ष व सचिवों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर संरक्षक श्यामलाल शर्मा, संजय ठाकुर, सचिव संजय शर्मा, उपाध्यक्ष हरि सिंह, दीपक पुरी, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार बरनवाल, रवि चौधरी, रोहित शर्मा, विष्णु शर्मा, सुनील साहू, उदय प्रसाद, सुमित गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

# कोलेबिरा विधायक ने विधानसभा क्षेत्र में स्थित शैक्षणिक संस्थानों को लेकर की चिंता व्यक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में बहुतायत आर्थिक रूप से कमजोर लोग निवास करते हैं।उनका निवास जंगलों पहाड़ों के बीच है,उनका जीवन यापन जंगल के उत्पाद पर निर्भर करता है। फलस्वरूप वे लोग अपने बच्चों का पठन-पाठन का कार्य उक्त क्षेत्र में अवस्थित शिक्षण संस्थानों में ही करवाते हैं। ऐसी स्थिति में कुछ विद्यालय ऐसे हैं,जहां भवन तो है पर जर्जर हालत में है। जिसमें कभी भी दुर्घटना घट सकती है। जैसे राजकीयकृत कन्या उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय कोलेबिरा में केजी से 10वीं तक की पढ़ाई के लिए मात्र 6 कमरा है,उत्क्रमित उच्च विद्यालय ओड़गा में केजी से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई के लिए 7 कमरा है, उसमें भी 2 कमरा अति जर्जर हालत में है,वहीं ओड़गा विद्यालय घेरा विहिन है और महामना मालवीय उच्च विद्यालय कोनमेरला 6वी से लेकर 10वीं तक मात्र 6 कमरा है वो भी जीर्ण शीर्ण अवस्था में है।ऐसे में पठन पाठन कार्य में बहुत ही कठिनाई होती है और कभी भी कोई अप्रिय घटनाएं हो सकती है। इसलिए मैं सदन के माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि क्लास के अनुरूप उपरांकित विद्यालयों में कमरा बढ़ाई जाए।विधायक कोलेबिरा ने पेयजल आपूर्ति योजना पर सदन में आवाज उठाते हुए हर घर नल जल योजना पर सवाल खड़ा किए थे।जिसका जवाब सरकार ने कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में जो भी प्रखण्ड है, सभी प्रखंडों के हर घर नल जल योजना की जानकारी विधायक को सदन के माध्यम से दी है।

# रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो प्रखंड के बानो थाना में रामनवमी,ईद और सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी विकास कुमार ने किया।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नईममुद्दीन अंसारी,अंचल अधिकारी रवि भुषण प्रसाद व जिला परिषद सदस्य बिरजो कडुंलना उपस्थित थे।बैठक में रामनवमी,ईद और सरहुल पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में रामनवमी अखाड़े के बारे जानकारी लिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी विकास कुमार ने कहा कि पर्व के दौरान अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी मेलजोल और प्रेम भाव से सभी कोई पर्व मनाए।वहीं पर्व के दौरान किसी भी प्रकार के अफवाह नहीं फैलाने को कहा,सोशल मीडिया में भ्रामक पोस्ट बिल्कुल भी ना करें।कहीं भी किसी प्रकार का मामला होता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस प्रशासन आपके सहयोग के लिए सदैव तत्पर है इस अवसर पर एस आई जितेंद्र वर्मा, निरंजन कुमार सिंह,अजित कुमार सिंह, एएसआई शंकर बाखला, सत्यनारायण सिंह,सतीश चंद्र महतो, ललन सिंह, संजय किड़ो, विनय तिर्की, हलधर महतो, जीआरपीएफ एस आई सतारी बनरा, स्मिथ कुमार सोनी, मुखिया प्रीति बुढ़, मुखिया सीता कुमारी, मुखिया कृपा हेमरोम, कृष्ण कन्हैया लाल, विश्वनाथ बड़ाइक, फिरु बड़ाइक,लोदो सिंह, सामुएल बुढ़, सुरेन्द्र उरांव,दुति उरांव, मोहम्मद साबिर, मौ फ़ैज़ अनवर, हिराचंद सिंह, नकुल सिंह, बासुदेव सिंह, सहरु सिंह, देवेन्द्र स्वानसी,विश्वंभर सिंह के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## डीसीएलआर ने दिए अधिकारियों को निर्देश, लापरवाह कर्मियों पर गिरी गाज

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीडीओ कार्यालय में सोमवार को डीसीएलआर राजीव कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड एवं अंचल के अधिकारियों के साथ-साथ बाल विकास परियोजना विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे। डीसीएलआर ने विभागवार संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया। डीसीएलआर ने बीडीओ अरुण कुमार सिंह, सीओ अविनाश कुजूर और सीडीपीओ नीलम केरकेट्टा को अपने-अपने विभागों के लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए सख्त हिदायत दी। उन्होंने मनरेगा, पीएम आवास, अबुआ आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मईया सम्मान योजना, दाखिल-खारिज, ऑनलाइन रसीद एवं बाल विकास परियोजना की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान पीएम आवास योजना की प्रतीक्षा सूची तैयार करने को लेकर चल रहे सर्वे में लापरवाही पाए जाने पर डीसीएलआर ने प्रखंड समन्वयक को फटकार लगाते हुए शो-कॉज नोटिस जारी किया।

# कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ रामजानकी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा/कुरडेग।** कुरडेग प्रखंड के गड़ियाजोर में नवनिर्मित रामजानकी मंदिर की तीन दिनी प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ की शुरूआत सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। सैकड़ों महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा में पूर्व रामरेखा बाबा उमाकांत महाराज,समाजसेवी सह मंदिर समिति के संरक्षक सुशील श्रीवास्तव, नन्दकिशोर साव,नारायण मिश्र,अनुज गुप्ता,अशोक गुप्ता,अनुज श्रीवास्तव,सुमन्त सिंह आदि शामिल हुए।कलश यात्रा बाजे गाजे के साथ मंदिर परिसर से निकलकर गांव भ्रमण करते हुए खालीजोरा नदी पहूंची,जहाँ पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोचार में जल भरवाया गया। जल लेकर पुनः मंदिर परिसर पहूंचे। यज्ञ मंडप में कलश स्थापना के बाद पंडित सूरज बीसी अगुवाई में पंडितों एवं यजमानों के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ की शुरुआत हुई। इसके बाद कुम्भ भराई,वेदी स्थापना,अधिवास,एवं रात्रि में श्रीरामकथा।मंगलवार को सुबह अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरु होगा एवं प्राण प्रतिष्ठा तथा बुधवार को अखंड कीर्तन का समापन,शिखर पूजन,विग्रह स्थापना,पूर्णाहूति एवं भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।मौके पर अध्यक्ष नीलम्बर साय,सचिव,दुर्गेश पासी,कोषाध्यक्ष पवन मिश्र,कपिलेश साव,भूवनेश्वर साव,जसवन्त प्रधान,द्वारिका जयसवाल,भरत यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## मांग पत्र सौंप विधायक से अनुमंडल बनाने की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो को अनुमंडल और हुरदा को प्रखंड बनाने की मांग को लेकर बानो अनुमंडल मंच के पदाधिकारी ने तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया से मुलाकात किया। इस मौके पर सभी बानो अनुमंडल बनाओ मंच पदाधिकारीयो द्वारा बानो को अनुमंडल और हुरदा को प्रखंड बनाने की मांग को लेकर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया को मांग पत्र सौंपा गया।जलडेगा प्रखंड से आए प्रखंड प्रमुख जोसेफ लुगुन, लमडेगा मुखिया बिपिन बडिंग, ओढ़गा मुखिया मुकुट समद द्वारा भी इस मांग पत्र का समर्थन दिया। इस मौके पर बानो को प्रखंड बनाओ मंच के अध्यक्ष बिरजो कंडुलना, सचिव चूड़ामणि यादव साथ में सांसद प्रतिनिधि अजीत कंडुलना मंच के संरक्षक तनवीर हुसैन एवं विकास मगहिया, गौरव गौतम सिंह, जोलेन जोजो, घनश्याम सिंह, नमजान जोजो, प्रधान लुगुन,राजेश बड़ाइक,बलदेव शाहू उपस्थित थे।

# बानो थाना क्षेत्र के पास आईसर्ट अस्पताल के लैब टेक्नीशियन सड़क दुर्घटना में घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** बानो थाना क्षेत्र के सोय पुल के समीप अज्ञात बाइक सवार ने लैब टेक्नीशियन अशोक मिश्रा को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए।मिली जानकारी के अनुसार आईसर्ट अस्पताल के लैब टेक्नीशियन अशोक मिश्रा अस्पताल से सोय की ओर पैदल जा रहे थे। इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी और तेज गति से फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि बाइक सवार भी घायल हो गया लेकिन टक्कर मारकर वह भागने में सफल रहा।इधर सड़क से गुजर रहे जिला परिषद बिरजो कंडुलना, मुखिया कृपा हेमरोम और सीता कुमारी ने घायल लैब टेक्नीशियन को देखा और आईसर्ट अस्पताल को सूचित किया। तत्पश्चात ग्रामीणों के सहयोग से घायल को बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लाया गया। जहां स्वास्थ्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोरंजन कुमार की देख रेख में उनका इलाज चल रहा है।

## बोलबा थाना में मधुमक्खी के हमले से एएसआई सहित पांच पुलिसकर्मी घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**बोलबा ।** बोलबा थाना में मधुमक्खी के हमले में एसआई सहित पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कर्मियों द्वारा थाना परिसर की साफ -सफाई किया जा रहा था।इसी दौरान झाड़ी पर छत्ता बनाए मधुमक्खी ने अचानक वहाँ मौजूद पुलिस कर्मियों पर हमला कर दिया। जिसमें ए.एस.आई बी. पी. यादव, सुरेंद्र शर्मा, राम केरकेट्टा,सुमित केरकेट्टा, प्रवीण डूंगडूंग घायल हो गए। जिनका इलाज स्वास्थ्य केंद्र बोलबा में डा देबोतोष भूटिया की देख रेख में चल रहा है।

## नर्सिंग कॉलेज में मनाया गया विश्व टीबी दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग बानो में विश्व ट्यूबरक्लोसिस दिवस मनाया गया। जिसमें एएनएम एवं जीएनएम के छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ट्यूबरक्लोसिस के बारे में बताया और बताया कि टीबी जानलेवा बीमारी है और जो बचाव से इस बीमारी को दूर किया जा सकता है। छात्राओं के बीच ट्यूबरक्लोसिस दिवस के अवसर पर कंपटीशन का आयोजन किया गया था।जिसमें सभी छात्राएं शामिल हुई थी।इस दिवस के अवसर पर निदेशक डॉ. प्रहलाद मिश्रा ने कहा डॉक्टर रॉबर्ट कोच में 24 मार्च 1882 ई को इस बीमारी के बैक्टीरिया की खोज की थी।जिस बैक्टीरिया का नाम माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरक्लोसिस है । उन्हीं के जन्मदिन के सौंवे वर्ष पूरे होने पर 24 मार्च 1982 ई से पूरे विश्व में इस बीमारी से जागरूक होने के लिए ट्यूबरक्लोसिस दिवस मनाया जाने लगा। पहले भारत में ट्यूबरक्लोसिस से मरने वालों की संख्या बहुत ज्यादा था। परंतु अभी डॉक्टरों और लोगों के जागरूकता से इस जानलेवा बीमारी पर बहुत हद तक काबू पाया जा सका है । हम लोग प्रतिबद्ध होकर निवेश कर हम इस बीमारी को दूर करने का परिणाम दे सकते है। कोर्डिनेटर रविकांत मिश्रा ने भी टीबी के लक्षणों के बारे में एवं उनके बचाव के बारे में बताया। प्राचार्या एरेन बेक एवं निशि डुंगडुंग ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। आज के इस कार्यक्रम में ट्यूटर अमृता जोजो, तनु प्रिया साहू, आईभी खेस,वंदना धनवार, नीलू कुमारी लीलावती साहू, मटिलदा तिर्की, प्रिया एवं सभी छात्राएं मौजूद थी।

## आवारा कुत्तों के झुंड ने मासूम को किया घायल

**लोहरदगा।** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो गांव निवासी गणेश साहू के पांच वर्षीय पुत्र अपनी मां के पीछे पीछे घर से निकला ही था कि अचानक पांच आवारा कुत्तों के झुंड ने मासूम को अपना शिकार बना डाला जिससे बच्चा बुरी तरह से घायल हो गया । अपने मासूम को बचाने के लिए उसकी मां ने अपनी जान पर खेल कर किसी प्रकार बच्चे को कुत्तों के झुंड से अलग किया। मां का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। बच्चे को उसके पिता तुरंत सदर अस्पताल इलाज के लिए लेकर आए। अस्पताल में रैबीज का टीका उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में परिजन काफी परेशान थे। घटना की सूचना पर जय श्री राम समिति के जिला पदाधिकारी ने सदर अस्पताल में पहुंच कर उचित उपचार में मदद की। समिति के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो ने कहा गंभीर अवस्था में भी कुत्ते के काटने पर रैबीज का इंजेक्शन ना मिलना बहुत ही दुखद है। इस अवस्था में बाहर से इंजेक्शन लाकर बच्चे को दिलाया गया। ऐसी समस्या पर अस्पताल प्रशासक एवं उपायुक्त को संज्ञान लेना चाहिए।

# कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह लोहरदगा में एकदिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा वित्तपोषित विकास भारती बिशनपुर द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह लोहरदगा में एक दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया इस निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में रांची के सुप्रसिद्ध पारस हॉस्पिटल एच ई सी रांची के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कुमार अभिषेक आर्य (कंसलटेंट कार्डियोलॉजिस्ट एमबीबीएस एचडीएम कार्डियोलॉजी) के द्वारा 43 हृदय संबंधी रोगियों को परामर्श एवं ई सी जी जांच किया गया ,हड्डी जोड़ एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अवकाश (कंसलटेंट ऑर्थोपेडिक्स एमबीबीएस )के द्वारा 63 मरीज मरीज को निशुल्क परामर्श एक्स-रे आदि जांच की गई नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एस के गुप्ता (फेलोशिप अरविंद आई हॉस्पिटल मदुरई ) तमिलनाडु के द्वारा 72 मरीज का नेत्र संबंधी रोगों का परामर्श एवं आंख का पावर जांच किया गया सामान्य रोग के 35 मरीज का इलाज कल्याण अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एसके सिन्हा एमबीबीएस जनरल फिजिशियन डॉक्टर श्रवण कुमार मिश्रा जनरल फिजिशियन के द्वारा किया गया इस मेगा शिविर में कुल 56 मरीजों का ब्लड यूरिन से संबंधित 70 पैथोलॉजिकल टेस्ट एवं सिकल सेल के दो मरीजों का टेस्ट किया गया इस मेगा हेल्थ कैंप में 185रोगियों का निः शुल्क इलाज एवं औषधि वितरण किया गया।इस स्वास्थ्य जांच शिविर में निदेशक आईटीडीए सुषमा नीलिमा सोरेंग ,जिला पंचायती राज पदाधिकारी अंजना दास, दुबराज यादव द्वारा कल्याण अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर को सफल बनाने में पारस अस्पताल रांची के मार्केटिंग मैनेजर विकास कुमार मिश्रा एवं कुमार मृणाल कल्याण अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक, लाइजनिंग मैनेजर राजीव रंजन, अस्पताल के मुकेश साहू, लैब टेक्नीशियन सुखमय कुंडू, लक्ष्मी देवी, जमुना साहू, अरुण राम, फार्मासिस्ट कंचन कुमारी, एएनएम अंशु कुमारी, अनीता केरक्केटा, शांति धान, सुगेम्बर भगत, चंद्र किशोर टाना भगत, सुरेंद्र लोहरा, भजन भगत आदि का सक्रिय योगदान रहा।

## ओलावृष्टि से हजारों किसानों की फसल व आशियाना उजड़े

**भंडरा।** प्रखंड में पिछले दिनों हुये ओला वृष्टि से हजारों ग्रामीण के फ़सल व आशियाना उजड़ गया है. सभी गरीब ग्रामीण सरकार व प्रशासन से मदद की आस लगाए बैठे है. गडरपो, भौरो मसमानो जमगाई व भंडरा के किसान व आम गरीब पीड़ित परिवार क्षतिपूर्ति को लेकर भंडरा आंचल कार्यालय व स्थानीय मुखिया के पास आवेदन जमा करने पहुंच रहे है. इधर आवेदन व फोटो साफ करने के लिए स्टूडियो व प्रज्ञा केंद्र मे ग्रामीणों की भीड़ देखी जा रही है. और प्रज्ञा केंद्र व स्टूडियो संचालक फिलहाल ग्रामीणों से मनमानी पैसा वसूल रहे है. दूसरी और प्रकृतिक की इस भयानक आपदा से पीड़ित धानामुंजी गांव की एक गरीब महिला अपनी बेटी की शादी को लेकर काफ़ी परेशान व चिंतित है. धनमुंजी गांव की बंधइन उरांव का कच्चा मकान इस प्रकृतिक आपदा मे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है. घर के अनाज व अन्य सामग्री भी बुरी तरह बर्बाद हो गया है।

## झुरझुरी रुट विवाद को लेकर बैठक, नहीं बन पाई आम सहमति

# रामनवमी जुलूस के रूट को लेकर दो समुदायों में पहले से चल रहा विवाद



### क्या कहते हैं विधायक

विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि पूर्व से ही लोगों को प्रशासन ने रुट चार्ट के साथ लाईसेंस निर्गत करते आ रही है। अब प्रशासन का दायित्व है कि जुलूस को अपने दिये रुट चार्ट के अनुसार भ्रमण करायें।

### क्या कहते हैं प्रशासन

सीओ श्रवण कुमार झा और बीडीओ रोशमा डुंगडुंग ने कहा कि बैठक में दोनों पक्षों को समझाने का अथक प्रयास किया गया। लेकिन आपसी सहमति नहीं बनी जिससे वरीय अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। इसपर वरीय अधिकारियों का आदेशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।


**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** थाना क्षेत्र के झुरझुरी रुट विवाद को लेकर विगत रविवार को थाना परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से विधायक अमित कुमार यादव, सीओ श्रवण कुमार झा, बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी, बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता, झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार मौजूद थे। मौके पर रुट विवाद को लेकर दोनों समुदायों से आपसी सहमति बनाते हुए आपसी भाईचारगी बनाये रखने की अपील की गई। किन्तु दोनों पक्षों में आम सहमति नहीं बन पाई।

**क्या है मामला :** झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार ने बताया कि झुरझुरी में वर्षों से रामनवमी का त्योहार लोग मनाते आ रहे हैं। इसके लिए प्रशासन से रुट चार्ट के साथ लाईसेंस भी प्रत्येक वर्ष हमलोगों को मिलते आ रहा है। जिसमें शिव मंदिर झुरझुरी से यादव टोला होते हुए भुइयां टोला, मियां टोला होते हुए जीटी रोड तरबेचवा से होते हुए रुपाली महतो का घर होते हुए पुनः मंदिर वापस का रुट चार्ट अंकित है। लेकिन दुसरे समुदाय के लोग मियां टोला के पास जुलूस जाने पर विवाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 7 अप्रैल से शुरू होने वाले यज्ञ को लेकर बीते 18 मार्च को ध्वाजारोहण किया गया। जिसमें सैकड़ों लोग भगवा और महावीरी झंडा लेकर उसी रुट से गये उस किसी ने विवाद नहीं किया। तो रामनवमी का जुलूस पर रोक क्यों जबकि वह जीटी रोड से जोड़ने वाला सार्वजनिक रोड है।

## रामनवमी महासमिति के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन

**हजारीबाग।** बड़ा अखाड़ा चौक के पास सोमवार को रामनवमी महासमिति के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर महंत विजयानंद दास के नेतृत्व में पूजा-पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूरे विधि-विधान से पूजा संपन्न की गई। उद्घाटन समारोह की शुरूआत गौ माता के प्रवेश से हुई, जिसके बाद श्री कृष्णा गढ़ अखाड़ा कोलघट्टी के अध्यक्ष छवि गोप ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर माहौल में भक्तिमयता और उल्लास की झलक देखने को मिली। रामनवमी महासमिति के कार्यालय का उद्घाटन न केवल एक औपचारिक कार्यक्रम था, बल्कि यह हजारीबाग की सांस्कृतिक पहचान को जीवित रखने का एक प्रयास भी है। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि आने वाले समय में भी रामनवमी का यह उत्सव पूरे जोश और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। आयोजकों ने कहा कि इस साल भी रामनवमी का यह महोत्सव पूरी श्रद्धा, आस्था और परंपरा के साथ संपन्न होगा।

## पुलिस ने 50 लीटर देशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**बिरनी।** भरकट्टा ओपी पुलिस ने रामनवमी त्योहार से पहले अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 50 लीटर देशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। भरकट्टा ओपी पुलिस को सूचना मिली थी कि चिताखारो की ओर से भरकट्टा तरह एक तस्कर मोटरसाइकिल पर देशी शराब लेकर जा रहा है। सूचना के आधार पर एसआई जीतेंद्र सिंह और सशस्त्र बल की टीम ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। शक के आधार पर एक मोटरसाइकिल संख्या खल 11 3206 को रोका गया और जांच के दौरान 50 लीटर देशी शराब बरामद हुई।गिरफ्तार तस्कर नानूलाल साव उर्फ रंजीत साव,पिता भोरा साव है। *शराब और मोटरसाइकिल जब्त कर आरोपी को गिरिडीह जेल भेज दिया गया। भरकट्टा ओपी प्रभारी अमन कुमार ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि अवैध शराब तस्करी पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

## डीडीसी ने विश्व यक्ष्मा दिवस कार्यक्रम का किया शुभारंभ

# सबकी सहभागिता से ही टीबी मुक्त भारत अभियान होगा सफल




### मरीजों को सरकार की तरफ से पांच सौ रुपए की मिलती है सहायता

निक्षय पोषण योजना टीबी मुक्त भारत अभियान 2025 इत्यादि पर विस्तृत रुप से प्रकाश डाला गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 की उपलब्धियां के बारे में बताया गया कि अबतक बलगम जांच 51703 कर 3328 टीबी रोगी की खोज एवं ईलाज की गई। वर्तमान में टीबी के मरीजों को सरकार की तरफ से सहायतार्थ पांच सौ रुपए पोषाहार के लिए मुहैया कराया जाता है। टीबी रोगियों को निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज अवधि तक 1000रु प्रतिमाह के दर से एक करोड़ 18 लाख 79 हजार रु0, टीबी चिकित्सा सहयोगी को चार लाख, 25 हजार रु0, टीबी खोज एवं ईलाज हेतु निजी चिकित्सकों को दो लाख 52 हजार पांच सौ रु0 भुगतान की गई है।

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** सदर अस्पताल गिरिडीह में सोमवार को विश्व यक्ष्मा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त सहित अन्य अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया गया। जिसके उपरांत मौके पर उपस्थित उप विकास आयुक्त महोदया, सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विश्व यक्ष्मा दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने जिलेवासियों एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी को विश्व यक्ष्मा दिवस की शुभकामनाएं दी। मौके पर उन्होंने टीबी रोग को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से एजेंसियों, स्वास्थ्य विभाग की टीम, अधिकारियों एवं कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि आपके द्वारा अब तक गिरिडीह जिले को टीबी मुक्त करने के उद्देश्य जो भी कार्य किए गए हैं वह सच में सराहनीय है। लेकिन अभी हमें और भी कार्य करना है, वर्ष 2026 तक पूरे देश को टीबी मुक्त करने के लिए यह बहुत जरूरी है कि आप सभी अपना महत्वपूर्ण योगदान इसमें जरूर दें। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त ने जानकारी देते हुए कहा कि सरकारी अस्पताल में टीबी रोग का सबसे बेहतर इलाज संभव है क्योंकि किसी मरीज के टीबी से ग्रस्त होने के उपरांत ना केवल मरीज को निशुल्क दवाइयां/जांच उपलब्ध कराई जाती हैं, बल्कि महीने का 500 भी उपलब्ध कराया जाता है। वहीं अगर सही समय पर रोग की पहचान कर ली जाए और ससमय दवाइयां ली जाए तो 6 महीने के अंदर यह रोग ठीक भी हो जाता है।

## ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन में कतरास के अनंत श्रीकृष्णा सफल



**कतरास।** रानी बाजार कतरास निवासी बिजय कुमार झा एवं डॉ शिवानी झा के पुत्र अनंत श्रीकृष्णा ने ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन में सफलता हासिल की है।अनंत ₹कंप्यूटर साइंस₹ में बैंगलोर से इंजीनियरिंग करने के बाद सिंगापुर से ₹एम.बी.ए₹ करने के उपरांत बैंगलोर, हैदराबाद, मेलबोर्न ( ऑस्ट्रेलिया), शंघाई (चीन) में वर्षो तक अपनी सेवा देने के उपरांत उन्होंने एल.एल.बी. की डिग्री हासिल करने के उपरांत पहले प्रयास में ही ऑल इण्डिया बार एग्जामिनेशन में सफलता हासिल की है। उनकी इस सफलता पर डॉ विश्वनाथ चौधरी,उषा चौधरी, बी.के. मिश्रा,साधना मिश्रा,डॉ नेहा प्रियदर्शिनी, डॉ धीरज चौधरी, मनीषा मीनू, कविता झा, प्रभात मिश्रा, प्रदीप झा,सानू झा,डॉ ममता,डॉ विमल कुमार, डॉ साधना, डॉ नीतू सहाय, उदय कुमार सिंह, गौतम मंडल, दीपक मिश्रा, मुन्ना झा, धीरज सिंह,अमित पासवान, धीरेन रजवार, अभिनाश कुमार, राजू दत्ता, बीरेंद्र यादव, राकेश प्रजापति, छोटेलाल गोप, नरेश कुमार ,रंजीत लहरी, गोलू कुमार, धर्मेंद्र रोहितवाल आदि ने बधाई दी।

## शिविर लगाकर जांच में जुटे डॉक्टर

# ब्रेन मलेरिया से एक सप्ताह में 5 पहाड़िया बच्चों की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज** मंडरो प्रखंड के नगर भीठा गांव में एक सप्ताह में अब तक पांच बच्चों की मौत हो चुकी है व दर्जन भर बच्चे और युवा पीड़ित हैं। ब्रेन मलेरिया से मौत की आशंका बताई जा रही है। रविवार को नगर भीठा ग्राम प्रधान ने घटियारी गांव के झामुमो कार्यकर्ता को इसकी जानकारी दी। वहीं जानकारी मिलते ही उपायुक्त ने स्वास्थ्य टीम को नगर भीठा गांव भेजा। जहां बीमार बच्चों का टीम ने रक्त संकलन किया एवं प्राथमिक उपचार करना प्रारंभ किया। सीएचओ ने बताया कि रक्त संकलन करके उसे जांच के लिए दुमका भेजा जाएगा। फिल्हाल अभी दवा दी जा रही है।

**जिन बच्चों की हुई मौत :** जीता पहाड़िया (आयु दो वर्ष), पिता चांदु पहाड़िया, 12 मार्च को मौत, विकास पहाड़िया (आयु पांच वर्ष), पिता असना पहाड़िया, 19 मार्च को मौत, बेफरे पहाड़िया (जिसकी आयु चार वर्ष), पिता गुल्ली पहाड़िया, 20 मार्च को मौत, एतवारी पहाड़िया (आयु दो वर्ष), पिता बिजु पहाड़िया, मौत 22 मार्च, सजनी पहाड़िन (आयु तीन वर्ष), पिता सोमरा पहाड़िया, मौत रविवार 23 मार्च सुबह होने के बाद ही गांव के लोग हरकत में आए एवं घटियारी गांव के लोगों को जानकारी दी।

**गांव में बीमार बच्चे एवं अन्य लोग जिनका इलाज टीम कर रही है**

रुती पहाड़ियन 6 वर्ष, दिनेश पहाड़िया 3 वर्ष, अरुण पहाड़िया 4 वर्ष, मीना पहाड़िया 5 वर्ष, जोनी पहाड़िन 2 वर्ष, दानियाल पहाड़िया 5 वर्ष, मनोज पहाड़िया 8 वर्ष, गुलाबी पहाड़िया 8 वर्ष, पति पहाड़िया 20 वर्ष, चुनी पहाड़िन 27 वर्ष सहित दर्जन भर बच्चे एवं युवक बीमार हैं। सिविल सर्जन प्रवीण स्थालिया ने बताया कि अभी तक पांच बच्चों की मौत हो चुकी है। अन्होंने कहा कि ये मौतें ब्रेन मलेरिया से हो सकती हैं जिसकी जानकारी मिल रही है।

## बाघमारा विधानसभा युवा कांग्रेस की बैठक में किया गया संगठन विस्तार




**नवीन मेल संवाददाता। कतरास** कांग्रेस पार्टी के कतरास कार्यालय में युवा कांग्रेस के संगठन के प्रति निष्ठा और ईमानदारी रखने वाले लोगों को युवा कांग्रेस के बाघमारा विधानसभा अध्यक्ष विशाल महतो ने विभिन्न पदों से सम्मानित कर उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी।जिसमें अजय महतो को युवा कांग्रेस का बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष ,बिनोद रवानी को बाघमारा विधानसभा उपाध्यक्ष, दिलीप पांडे (बबलु पांडे) को विधानसभा महासचिव और मनोज कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं में उत्साह देखने को मिला। इस कार्यक्रम में बाघमारा विधानसभा अध्यक्ष विशाल महतो,बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो, नगर अध्यक्ष रंजीत पांडेय,अजय पासवान, विकास महतो, भोलू केशरी, दयाल महतो,योगेंद्र महतो, सोनू महतो, गणेश महतो, विवेक महतो, कमलेश पाठक सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहें। नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि युवा शक्ति को संगठित होकर सामाजिक और राजनीतिक सुधार के लिए आगे आना चाहिए।साथ ही कांग्रेस पार्टी को और मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया गया।

# सांसद के विशेष सहयोगी रूपम ओझा ने रक्तदान कर बच्चे को दी नई जिंदगी



### संस्था लोगों के सहयोग के लिए तत्पर है

संस्था समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन भी करती है ताकि जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। हजारीबाग यूथ विंग ने युवाओं से अपील की है कि वे समय-समय पर रक्तदान करें और जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आएं। संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा हम सभी का कर्तव्य है कि हम ऐसे पुनीत कार्यो में योगदान दें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं। रक्त की एक बूंद भी किसी की जान बचा सकती है, इसलिए रक्तदान को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझें और इस महादान में भागीदार बनें, हजारीबाग यूथ विंग की इस पहल ने यह साबित कर दिया कि यदि हम सब मिलकर प्रयास करें, तो समाज में किसी को भी किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। यह घटना रक्तदान के महत्व को दर्शाती है और यह संदेश देती है कि रक्तदान, जीवनदान है।

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग मानवता की सेवा और जरूरतमंदों की सहायता के लिए हजारीबाग यूथ विंग ने एक बार फिर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाई। हजारीबाग के क्षितिज अस्पताल में भर्ती 5 दिन के नवजात को तत्काल रक्त की आवश्यकता थी, लेकिन परिजनों द्वारा कई जगहों पर प्रयास करने के बावजूद उन्हें रक्त नहीं मिल पा रहा था। इस कठिन परिस्थिति में उन्होंने हजारीबाग यूथ विंग से संपर्क किया, जिसके बाद संस्था ने तुरंत पहल करते हुए रक्त की व्यवस्था करने के लिए प्रयास शुरू किए। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल के विशेष सहयोगी रूपम ओझा ने स्वयं आगे बढ़कर रक्तदान करने का निर्णय लिया और नवजात को जीवनदान दिया। इस अवसर पर मौके पर संस्था के सचिव रितेश खण्डेलवाल,सह सचिव अभिषेक पांडे एवं विकाश केशरी मौजूद रहें. इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने अपने विशेष सहयोगी रूपम ओझा को बधाई देते हुए उनके मानवता सेवा के कार्य की सराहना की। साथ ही, उन्होंने हजारीबाग यूथ विंग की सामाजिक पहल की प्रशंसा करते हुए युवाओं को ऐसे कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन एवं अध्यक्ष करण जायसवाल ने इस नेक कार्य के लिए रूपम ओझा को बधाई दी और उनके इस साहसिक कदम की सराहना की। उन्होंने कहा, रक्तदान सिर्फ एक जरूरतमंद की सहायता नहीं, बल्कि मानवता के प्रति सच्ची सेवा है। आज इस नवजात को नया जीवन मिला है, यह हमारे लिए गर्व का विषय है। हम युवाओं से अपील करते हैं कि वे रक्तदान के लिए आगे आएं, ताकि भविष्य में किसी भी जरूरतमंद को रक्त की कमी के कारण संकट न झेलना पड़े।

## एनएमएल व ईयन्तरम वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बीच हुआ करार

# ई-वेस्ट रिसाइक्लिंग प्लांट स्थापित किया जाएगा



### एनएमएल की तकनीक से खराब हो चुके प्रिंटेड सर्किट बोर्ड का होगा निष्पादन

चीन, जापान, अमेरिका, दक्षिण कोरिया सहित कई विकसित देशों की तरह अब भारत भी ई-वेस्ट का निष्पादन करेगा। इसके लिए एनएमएल ने तकनीक विकसित की है। राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल) पहले भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ई-कचरा निष्पादन के लिए तकनीक विकसित कर चुका है। ईयन्तरम रिसाइक्लिंग कंपनी में एनएमएल की तकनीक की बदौलत खराब हो प्रिंटेड सर्किट बोर्ड की रिसाइक्लिंग कर कीमती एवं बहुमूल्य धातु जैसे गोल्ड, कॉपर और अल्युमीनियम इत्यादि निकाल सकेगी। ई-कचरे का निष्पादन होगा।

**सम्माननीय वक्तव्य :** मेसर्स ईयन्तरम वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, विशाखपट्टनम, के निदेशक श्री आशीष लोहिया अपने व्यवसाय का विस्तार करते हुए अब ई-कचरा रिसाइक्लिंग के व्यवसाय में प्रवेश कर रहे हैं। सीमित प्राकृतिक संसाधनों की अत्यधिक चिंता को ध्यान में रखते हुए, श्री आशीष लोहिया ने कहा कि, प्रदूषण मुक्त समाज बनाने के साथ-साथ भावी पीढ़ी के लिए प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करके देश की सेवा करने के लिए ई-कचरा रिसाइक्लिंग तकनीक लेकर एवं सीएसआईआर-एनएमएल, जमशेदपुर का हिस्सा बनकर मुझे बहुत खुशी हो रही है।

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर** राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल), जमशेदपुर ने विशाखपट्टनम स्थित मेसर्स ईयन्तरम वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक ऐतिहासिक करार किया है, जिसके तहत तकनीकी हस्तांतरण के माध्यम से ई-वेस्ट रिसाइक्लिंग प्लांट स्थापित किया जाएगा और प्लांट में रिसाइक्लिंग के द्वारा खराब हो चुके प्रिंटेड सर्किट बोर्ड का प्रोसेसिंग करके कीमती एवं बहुमूल्य धातुओं कॉपर, अल्यूमिनियम और गोल्ड इत्यादि का निष्कर्षण करेगा। यह समझौता सोमवार को हुआ और इस करार से ईयन्तरम वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, 'जीरो वेस्ट' कंसेप्ट पर काम करेगा, जिससे पर्यावरण पर कम दबाव पड़ेगा और असंगठित क्षेत्र को संगठित करके कचड़ा उठाव एवं निस्तारण की प्रक्रिया में सुधार होगा। तकनीकी पर्यावरण अनुकूल हैं एवं इसके सही निस्पादन से पर्यावरण स्वच्छ होगा, बेरोजगार युवकों को नौकरी मिलेगी एवं असंगठित इकाई संगठित होकर कचड़ा उठाव एवं निस्पादन इस प्लान्ट के द्वारा कर सकेंगे। मुनिसिपल इकाई भी इस कंपनी से संपर्क कर कचड़ा निस्पादन कर पाएंगे। इस मौके पर एनएमएल, जमशेदपुर के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी, परियोजना प्रमुख डॉ. मनीष कुमार झा, प्रभाग प्रमुख डॉ. संजय कुमार, डॉ. झुमकी हैत, डॉ. अंकुर शर्मा एवं टीम शोधार्थी डॉ. रेखा पांडा, सुश्री करीना रानी ने करार में अपना योगदान दिया। इनके अलावा व्यापार प्रमुख डॉ. एस. के. पाल और डॉ. बीणा कुमारी तकनीकी हस्तांतरण डोकुमेंटेसन करवाने में अपना सहयोग किया। डॉ. अंजनी कुमार साहु ने एमओयू सम्बन्धित कार्यों में एवं रिसाइक्लिंग के क्षेत्र में भारत मे भावी संभावनाओं की ओर प्रेस एवं मीडिया को इंगित किया।

## रामनवमी महासमिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने सदर विधायक से की मुलाकात

**हजारीबाग।** रामनवमी महासमिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बसंत यादव ने रविवार देर शाम सदर विधायक प्रदीप प्रसाद से उनके कार्यालय परिसर में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान बसंत यादव ने विधायक प्रदीप प्रसाद को भगवा गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया। विधायक ने भी उन्हें चुनरी ओढ़ाकर बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं और मिठाई खिलाकर उनके सफल कार्यकाल की मंगलकामना की। इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान हजारीबाग में होने वाली अंतरराष्ट्रीय रामनवमी के शांतिपूर्ण, ऐतिहासिक और भव्य आयोजन को लेकर गहन चर्चा हुई। हजारीबाग की रामनवमी सिर्फ एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि शहर की सांस्कृतिक एवं सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। रामनवमी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। अध्यक्ष बसंत यादव ने कहा कि महासमिति का पूरा प्रयास रहेगा कि पर्व में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो और समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो।


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी

(खेल शाखा)

(Email ID – dsokhunti2017@gmail.com)

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि खूँटी जिलान्तर्गत खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची एवं झारखण्ड खेल प्राधिकरण द्वारा संचालित क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु प्रशिक्षु खिलाड़ियों के रिक्त स्थानों को भरने हेतु प्रतिभा चयन ट्रायल (Talent Search Trial) का आयोजन से संबंधित विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 | क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | प्रशिक्षक का नाम | प्रतिभा चयन ट्रायल की तिथि | रिपोर्टिंग समय | खेल विद्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एस0एस0 हॉकी आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र (बालक) खूँटी | श्रीमति विवियानी कोनगाड़ी, मो0–9801348069 एवं श्रीमती प्रतिमा बरवा आवासीय प्रशिक्षक, एस0एस0+2 आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र (बालक) खूँटी। मो0–9304305034 | 27.03.2025 एवं 28.03.2025 | 9 बजे पूर्वाहन से स्थान :– बिरसा मुण्डा हॉकी एस्ट्राटर्फ स्टेडियम | हॉकी |
| 2 | Center of Excellence आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र (बालिका) | श्रीमति लालमिंगकीमी खियांगते प्रशिक्षक, Center of Excellence (बालिका) हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र खूँटी। मो0–9575710945 | 27.03.2025 एवं 28.03.2025 | 9 बजे पूर्वाहन से स्थान :– बिरसा मुण्डा हॉकी एस्ट्राटर्फ स्टेडियम | हॉकी |
| 3 | डे–बोर्डिग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र जुबिलि उच्च विद्यालय, गोविन्दपुर (बालिका) कर्रा | सोम्बरा भेंगरा मो0–6207070982 | 27.03.2025 एवं 28.03.2025 | 9 बजे पूर्वाहन से | हॉकी |
| 4 | डे–बोर्डिग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र लुथेरन बालिका उच्च विद्यालय, गोविन्दपुर (बालिका) कर्रा | बेन्यामिन होरो मो0–9939174066 | 27.03.2025 एवं 28.03.2025 | 9 बजे पूर्वाहन से | हॉकी |
| 5 | डे–बोर्डिग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र उम्बुलवाहा उच्च विद्यालय, अड़की (बालिका) | एनेम डोडराय मो0–8294643367 | 27.03.2025 एवं 28.03.2025 | 9 बजे पूर्वाहन से | हॉकी |
| 6 | डे–बोर्डिग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र उम्बुलवाहा उच्च विद्यालय, अड़की (बालक) | होशियार टुटी मो0–9431300328 | 27.03.2025 एवं 28.03.2025 | 9 बजे पूर्वाहन से | हॉकी |
| 7 | डे–बोर्डिग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र संत जोसेफ उच्च विद्यालय,तोरपा (बालिका) | जोसेफ हेमरोम मो0–8210229981 | 27.03.2025 एवं 28.03.2025 | 9 बजे पूर्वाहन से | हॉकी |
| 8 | डे–बोर्डिग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र संत अन्ना उच्च विद्यालय,तोरपा (बालिका) | जसवन्ती कोनगाड़ी मो0–7295923544 | 27.03.2025 एवं 28.03.2025 | 9 बजे पूर्वाहन से | हॉकी |
| 9 | डे–बोर्डिग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रएस0एस0+2उच्च विद्यालय,खूँटी (बालिका) | सुशान्ति हेरेज मो0–9934350126 | 27.03.2025 | 9 बजे पूर्वाहन से | हॉकी |
| 10 | डे–बोर्डिग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रएस0एस0+2 उच्च विद्यालय,खूँटी (बालक) | सुशान्ति हेरेज मो0–9934350126 | 28.03.2025 | 9 बजे पूर्वाहन से | हॉकी |
| 11 | डे–बोर्डिग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र आर0सी0 उच्च विद्यालय, मरंगहादा (बालिका) खूँटी | ज्योति तोपनो मो0– 8252380736 | 27.03.2025 एवं 28.03.2025 | 9 बजे पूर्वाहन से | हॉकी |
| 12 | डे–बोर्डिग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र राजकीयकृत उच्च विद्यालय, जाते (बालिका) मुरहू | मरकस पूर्ति मो0– 7488584633 | 27.03.2025 एवं 28.03.2025 | 9 बजे पूर्वाहन से | हॉकी |
| 13 | क्रीड़ा क्रिसलय तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द | राहुल कुमार, जिला खेल समन्वयक, खूँटी। मो0– 8892337424 | 28.03.2025 | 9 बजे पूर्वाहन से स्थान :– बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम | तीरंदाजी |

**आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षुओं के नामांकन हेतु शर्त्तो एवं मानक :–**

1. खिलाड़ियों को आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश देने हेतु पात्रता का निर्धारित निम्नांकित शर्त्तो के अधीन किया जाएगा :–

(i) खिलाड़ी झारखण्ड का निवासी होना चाहिए।

(ii) खिलाड़ी ने दिनांक 01.04.2025 को 10 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिण हो एवं 14 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो। (मान्य जन्म प्रमाण पत्र/आधार कार्ड प्रस्तुत करना होगा।)

(iii) ऐसे खिलाड़ी जिनकी आयु 14 वर्ष से अधिक है, लेकिन जिन्होने कम से कम राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लिया हो अथवा राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त किया हो अथवा जिला स्तरीय चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया हो, उन्हें आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश देने हेतु विचार किया जा सकेगा।

(iv) विभाग द्वारा संचालित डे–बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र/क्रीड़ा किसलय केन्द्र के वैसे खिलाड़ी जिन्होने कम से कम राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लिया हो अथवा राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त किया हो अथवा जिला स्तरीय चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया हो, उन्हें सीधे आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश देने हेतु विचार किया जा सकेगा।

(vi) मेडिकल फिटनेस– खिलाड़ी को निर्धारित चिकित्सीय परीक्षण में उपयुक्त पाया जाना चाहिए।

**डे–बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द एव क्रीड़ा क्रिसलय तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द में प्रशिक्षुओं के नामांकन हेतु शर्त्तो एवं मानक :–**

(i) खिलाड़ी दिनांक 01.04.2025 को 08 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिया हो एवं 12 वर्ष आयु पूर्ण नहीं किया हो।

(ii) खिलाड़ी का खूँटी निवासी होना चाहिए एवं डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र से उसकी आवास की दूरी 5km में अन्दर होना चाहिए।

(iii) मेडिकल फिटनेस– खिलाड़ी को निर्धारित चिकित्सीय परीक्षण में उपयुक्त पाया जाना चाहिए।

**सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स बालिका प्रशिक्षण केन्द्र, खूँटी में प्रशिक्षुओं के नामांकन हेतु शर्त्तो एवं मानक :–**

(i) आवेदक/खिलाड़ी झारखण्ड राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए।

(ii) खिलाड़ी अपना जन्म प्रमाण पत्र (आधार कार्ड मैट्रिक उत्तीर्ण प्रमाण पत्र) लाना सुनिश्चित करेंगी।

(iii) दिनांक 01.04.2025 तक आवेदक खिलाड़ी की उम्र सीमा 16 वर्ष से कम व 22 वर्ष से अधिक न हो।

(iv) आवेदक खिलाड़ी मान्यता प्राप्त अन्तर्राष्ट्रीय/ राष्ट्रीय/राज्यस्तरीय/ऑल इंडिया इंटर युनिर्वसिटी द्वारा आयोजित खेलों में भागीदारी अथवा मेडलिस्ट हो।

प्रतिभा चयन ट्रायल (Talent Search Trial) में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी। आवेदन प्रपत्र के साथ खिलाड़ियों को स्कूल/कॉलेज बोनाफाईड प्रमाण पत्र, प्रतियोगिता का मेरिट/भागीदारी सर्टिफिकेट, माता/पिता/अभिभावक का सहमति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड का छायाप्रति या जन्मप्रमाण पत्र का छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा। आवेदन प्रपत्र khunti.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला खेल पदाधिकारी, खूँटी

PR 349122 District (24-25)_D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

आपके सच्चे व्यक्तित्व का विकास तभी शुरू होता है जब आप गहरे अंतर्ज्ञान द्वारा यह अनुभव करने में सक्षम हो जाते हैं कि आप यह ठोस शरीर नहीं बल्कि शरीर के भीतर विद्यमान जीवन एवं चैतन्य का दिव्य शाश्वत प्रवाह हैं। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

### बदलता मौसम और ऋतु विपरीत प्रकृति

आजकल मौसम में ऐसे बदलाव हो रहे हैं जो कई बार परेशानियां तो खड़े करते ही हैं साथ ही आर्थिक नुकसान के कारक भी बनते हैं । हाल ही में हुई ओला वृष्टि से किसानों को करोड़ों का नुकसान हुआ साथ ही मौसम में हुए अचानक से बदलाव से कई लोग अस्वस्थ भी हो गए । अभी लगी फसल तो बर्बाद हुई ही कई बार प्रकृति के हिसाब से फसलों के चक्र प्रभावित हो जाते हैं और जनजीवन अस्त व्यस्त हो जाता है। एस नहीं है कि यह बदलाव भारत में ही है बल्कि वैश्विक है। नरगिस के फूल खिल रहे हैं, तापमान बढ़ रहा है व दिन लंबे हो रहे हैं-ये सभी खुशगवार वसंत के लक्षण हैं। लेकिन इन्हीं दिनों एक और बदलाव दिख रहा है, जो थोड़ा कम स्वागतयोग्य है। रविवार को छुट्टी वाले दिन कई लोग अपनी घड़ियों को एक घंटा आगे बढ़ा देते हैं कि कहीं ज्यादा देर तक सोते न रह जाएं। नींद रोग विशेषज्ञ डॉ. रचेल जीग्लर कहती हैं, 'कई लोगों के लिए यह बदलाव इसलिए मुश्किल है, क्योंकि इससे हम अपनी एक घंटे की नींद का नुकसान करते हैं।'समस्या बस यही नहीं है, वह बताती हैं, 'घड़ी का यह बदलाव सूर्योदय व सूर्यास्त के समय को भी बदल देता है।इससे सोने-जागने के समय में तालमेल बिठाने में दिक्कतें आ सकती हैं।' अमेरिकन एकेडमी ऑफ स्लीप मेडिसिन के प्रवक्ता डॉ जेम्स रोली कहते हैं, इससे स्कूल, ऑफिस के समय व हमारी जैविक घड़ी के बीच का संतुलन महीनों तक बिगड़ा ही रहता है। इस बदलाव को कम असुविधाजन बनाने के लिए विशेषज्ञ कुछ सुझाव देते हैं।

*ओला वृष्टि से किसानों को करोड़ों का नुकसान हुआ साथ ही मौसम में हुए अचानक से बदलाव से कई लोग अस्वस्थ भी हो गए।*

एरिजोना यूनिवर्सिटी में नींद और स्वास्थ्य शोध कार्यक्रम के निदेशक डॉ माइकल ग्रैंडनर कहते हैं कि इस बदलाव से बचने का सबसे आसान तरीका यह है कि घड़ी क्या बता रही है, इस पर फोकस करने के बजाय सात या आठ घंटे तक पर्याप्त नींद लें। वह कहते हैं, 'समय का यह बदलाव, खासकर उन लोगों के लिए कठिन हो सकता है, जो रोज जल्दी उठते हैं, लेकिन सप्ताहांत देर तक सोते हैं, जिसे 'सोशल जेट लैग' कहा जाता है। इससे बचने के लिए जरूरी है कि ऋतु में परिवर्तन के दिनों में अपनी दिनचर्या में बड़े बदलाव करने के बजाय, उसे धीरे-धीरे बदलें। डरहम में स्लीप मेडिसिन मनोवैज्ञानिक डॉ. जेड वू कहती हैं कि 15 मिनट पहले सोने और जागने का अभ्यास करने से ऋतु परिवर्तन के काल में मदद मिलती है। डॉ वू ने कहा कि यह बदलाव उन लोगों के लिए विशेष रूप से सहायक हो सकता है, जो दिनचर्या में बदलाव से जूझते हैं, जैसे कि छोटे बच्चे और मनोभ्रंश से पीड़ित वयस्क। इसलिए विशेषज्ञ वसंत ऋतु में सप्ताहांत की नींद को नियंत्रित करते हुए रविवार का आनंद लेने की सलाह देते हैं। घूमें-फिरें, दोस्तों व परिवार के साथ समय बिताएं। यदि दिन भर व्यस्त रहेंगे, तो रविवार को नींद जल्दी आएगी, जिससे अगले दिन तरोताजा होकर अपने काम पर जाएंगे। वहीं, विशेषज्ञ नींद से होने वाली थकावट को दूर करने के लिए कॉफी या फिर शराब के सेवन से बचने की सलाह देते हैं। दिन बड़े होने पर भूख भी ज्यादा लगती है, इसलिए भोजन की मात्रा से अधिक पोषण पर ध्यान देने की भी सलाह दी जाती है।

# भारत टीबी के विरुद्ध अपनी लड़ाई को नया स्वरूप दे रहा है


इस विश्व टीबी दिवस पर, मैं इस बात पर बहुत गर्व के साथ विचार करता हूँ कि भारत टीबी के खिलाफ़ लड़ाई में किस तरह से अपनी रणनीति को फिर से लिख रहा है। हाल ही में संपन्न 100-दिवसीय सघन टीबी-मुक्त भारत अभियान ने न केवल नवाचार की शक्ति का प्रदर्शन किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि समुदायों को संगठित करना कार्यक्रम संबंधी दृष्टिकोण को बदलने जितना ही महत्वपूर्ण है। यह अभियान 7 दिसंबर 2024 को टीबी के मामलों का पता लगाने में तेज़ी लाने, मृत्यु दर को कम करने और नए मामलों को रोकने के उद्देश्यों के साथ शुरू किया गया था।

100-दिवसीय सघन टीबी-मुक्त भारत अभियान ने टीबी का जल्द पता लगाने के लिए अत्याधुनिक रणनीतियाँ पेश कीं, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि बिना लक्षण वाले लोगों की भी पहचान हो - जिनका अन्यथा निदान नहीं हो पाता - और उनका इलाज किया गया। पोर्टेबल एक्स-रे मशीनों को सीधे उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों के पास ले जाया गया, जिनमें मधुमेह, धूम्रपान करने वाले, शराब पीने वाले, एचआईवी से पीड़ित लोग, बुजुर्ग और टीबी रोगियों के घरेलू संपर्क मैं रहने वाले शामिल थे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संचालित एक्स-रे ने संदिग्ध टीबी मामलों को तुरंत चिह्नित किया, और स्वर्ण-मानक न्यूक्लिक एसिड एम्पलीफिकेशन टेस्ट (एनएएटी) का उपयोग करके पुष्टि की गई। इन प्रयासों ने सुनिश्चित किया कि संक्रामक मामलों की पहचान की गई और उनका जल्दी से इलाज किया गया, जिससे संक्रमण पर लगाम लगी और लोगों की जान बचाई गई।

यह अभियान देश के कोने-कोने तक पहुँचा, जिसमें वे लोग जिनमें टीबी का खतरा अधिक है के 2.97 करोड़ लोगों की जाँच की गई। इस गहन प्रयास के कारण 7.19 लाख टीबी रोगियों की पहचान की गई, जिनमें से 2.85 लाख मामले बिना लक्षण वाले थे और इस अभिनव दृष्टिकोण के बिना अन्यथा छूट जाते, जिससे टीबी संक्रमण की श्रृंखला टूट गई। यह सिर्फ़ एक मील का पत्थर नहीं है - यह एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

### टीबी मुक्त भारत अभियान : एक जन आंदोलन

लेकिन असली गेम-चेंजर सिर्फ़ तकनीक नहीं थी - यह समुदायों की अभूतपूर्व लामबंदी थी। टीबी उन्मूलन अब जनभागीदारी द्वारा संचालित एक जन आंदोलन है। पूरे भारत में 13.46 लाख से ज़्यादा निक्षय शिविर आयोजित किए गए, जहाँ माननीय सांसदों, विधायकों और पंचायती राज संस्थाएं और शहरी स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों सहित 30,000 से ज़्यादा निर्वाचित प्रतिनिधियों ने 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का समर्थन किया। कॉरपोरेट पार्टनर और आम नागरिक इस अभियान में शामिल हुए, जिससे यह विचार मज़बूत हुआ कि टीबी



उन्मूलन सिर्फ़ सरकार की ज़िम्मेदारी नहीं बल्कि एक सामूहिक मिशन है। और इस मिशन में जनभागीदारी का उदाहरण राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में देखा गया, जहाँ 22 संबंधित मंत्रालयों में टीबी जागरूकता, पोषण किट वितरण, टीबी मुक्त भारत के लिए शपथ लेने जैसी 35,000 से ज़्यादा गतिविधियाँ की गईं। इसी तरह सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, व्यापार संघों, व्यावसायिक संघों, स्वैच्छिक संगठनों के साथ 21,000 से अधिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं और 78,000 शैक्षणिक संस्थानों में 7.7 लाख से अधिक छात्रों ने टीबी जागरूकता और संवेदीकरण गतिविधियों में भाग लिया। जेलों, खदानों, चाय बागानों, निर्माण स्थलों और कार्य स्थलों जैसे सामूहिक स्थानों पर 4.17 लाख से अधिक संवेदनशील आबादी की स्क्रीनिंग और परीक्षण किया गया।अभियान अवधि के दौरान त्यौहारों पर 21,000 से अधिक टीबी जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें धर्म आधारित नेताओं और सामुदायिक प्रभावशाली लोगों को शामिल किया गया।

आज की बात



**जगत प्रकाश नड्डा**
केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री

हमारे माननीय प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण, जिसने जन-भागीदारी की आधारशिला रखी, न केवल पोषण के लिए बल्कि मनोसामाजिक और व्यावसायिक समर्थन के लिए रोगियों को गोद लेने के लिए व्यापक सामाजिक समर्थन जुटाया। टीबी रोगियों के लिए सहायता अब अस्पतालों तक सीमित नहीं है - यह घरों, गांवों और कार्यस्थलों पर भी हो रही है। निःक्षय मित्र पहल के माध्यम से, व्यक्ति और संगठन टीबी से पीड़ित परिवारों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान कर रहे हैं, जिसमें हज़ारों पोषण किट पहले ही वितरित की जा चुकी हैं। सिर्फ़ 100 दिनों में, 1,05,181 नए निःक्षय मित्रों को नामांकित किया गया। पोषण और टीबी से उबरने के बीच महत्वपूर्ण संबंध को पहचानते हुए, सरकार ने निःक्षय पोषण योजना के तहत वित्तीय सहायता को 500 से बढ़ाकर 1,000 प्रति माह कर दिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी टीबी रोगी इस लड़ाई को अकेले न लड़े। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भी टीबी रोगियों के लिए विभेदित टीबी देखभाल कार्यक्रम के तहत अनुकूलित और व्यक्तिगत उपचार प्रदान कर रहा है। उदाहरण के लिए, यदि किसी टीबी रोगी का वजन कम पाया जाता है (बीएमआई < 18.5 किग्रा/ मीटर2), तो उनके स्वास्थ्य सेवा प्रदाता उनके लिए अनुकूलित पोषण और उपचार योजना तैयार करेंगे और उपचार के दौरान हर महीने उनकी प्रगति की निगरानी करेंगे।

इस अभियान की गति ने यह भी दर्शाया है कि कैसे समाज और सरकार का समग्र दृष्टिकोण परिवर्तनकारी बदलाव ला सकता है। टीबी जागरूकता और सेवाओं को रोजमर्रा की जिंदगी में एकीकृत करने के लिए 22 मंत्रालयों ने मिलकर काम किया। टीबी जागरूकता झांकियां गोवा कार्निवल परेड का मुख्य आकर्षण बन गईं। देश भर के स्कूलों में, टीबी जागरूकता संदेशों को सुबह की सभाओं में शामिल किया गया। लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने हजारों आगंतुकों को मुफ्त टीबी जांच की पेशकश करने के लिए अपने क्लस्टर कार्यालयों के नेटवर्क का लाभ उठाया। इन विविध प्रयासों ने कलंक को तोड़ दिया, गलत सूचनाओं को सही किया और टीबी उन्मूलन को सार्वजनिक चेतना के केंद्र में ला दिया।

100 दिवसीय अभियान अभी शुरुआत है। भारत इन प्रयासों को पूरे देश में बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर नागरिक - चाहे वे कहीं भी रहते हों - को आधुनिक निदान, गुणवत्तापूर्ण उपचार और अटूट सामुदायिक समर्थन तक पहुँच प्राप्त हो। जिस तरह भारत ने कोविड-19 की जाँच को तेज़ी से बढ़ाया, उसी तरह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय अगली पीढ़ी के टीबी निदान में निवेश कर रहा है ताकि अंतिम छोर तक तेज़ और अधिक सटीक जाँच हो सके।

भारत ने पहले भी समुदाय द्वारा संचालित कार्रवाई की शक्ति देखी है - चाहे वह स्वच्छ भारत मिशन हो या हमारा पोलियो उन्मूलन अभियान। इसी तरह, टीबी मुक्त भारत अभियान अब लोगों के नेतृत्व वाला एक और आंदोलन बन रहा है। जब नवाचार पहुंच से मिलता है, और जब सरकारें, समुदाय और व्यक्ति एकजुट होते हैं तो असंभव वास्तविकता बन जाता है। भारत सिर्फ़ टीबी से नहीं लड़ रहा है-हम इसे हरा भी रहे हैं।

### 'क्या करें, क्या ना करें ?'

युवा अवस्था वह दौर होता है जब इंसान अपने भविष्य, करियर, रिश्ते और समाज में अपनी पहचान को लेकर सबसे ज्यादा असमंजस में होता है। आज की डिजिटल दुनिया में युवा अपने जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए अपने परिवार या शिक्षकों से ज्यादा सोशल मीडिया और इंटरनेट का सहारा ले रहे हैं। यह स्थिति चिंता का विषय है, क्योंकि गलत दिशा में लिया गया एक निर्णय पूरे जीवन को प्रभावित कर सकता है। सही विषय और करियर का चुनाव करने में युवा अक्सर भ्रमित हो जाते हैं। समाज, माता-पिता और दोस्तों की अपेक्षाओं के दबाव में वे कई बार ऐसा रास्ता चुन लेते हैं जो उनके मन के अनुकूल नहीं होता। युवाओं के लिए यह एक भावनात्मक और संवेदनशील विषय होता है। वे अपने रिश्तों में असुरक्षित महसूस करने लगते हैं और छोटी-छोटी असफलताओं को भी जीवन का अंत समझ बैठते हैं। गलत फैसले, उम्मीदों का टूटना और असफलताएं कई बार युवाओं को अवसाद की ओर धकेल देती हैं। उचित मार्गदर्शन के अभाव में वे नकारात्मकता में डूब जाते हैं। आज का युवा जीवन की वास्तविकता से अधिक सोशल मीडिया पर भरोसा करता है। वे वहाँ दूसरों की दिखावटी सफलता देखकर खुद को कमतर समझने लगते हैं। हमारे वेद, उपनिषद, गीता और अन्य धर्मग्रंथों में जीवन की उलझनों को दूर करने के कई उपाय बताए गए हैं। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कर्मयोग का उपदेश दिया था "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।" अर्थात तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने में है, फल की चिंता मत करो। युवाओं को यह समझना चाहिए कि वे केवल सही निर्णय लेकर पूरी मेहनत करें, सफलता और असफलता का विचार बाद में करें। युवाओं को चाहिए कि वह अपना मूल्यांकन खुद करें इसको लेकर आत्मचिंतन करें। कोई भी निर्णय लेने से पहले शांत मन से सोचें कि आप क्या चाहते हैं और क्यों चाहते हैं। भीड़ की नकल न करें। परिवार और शिक्षकों से संवाद करें, माता-पिता और शिक्षकों का अनुभव आपके लिए बहुत उपयोगी हो सकता है। उनसे मार्गदर्शन लें। सोशल मीडिया से दूरी बनाएँ, सोशल मीडिया से प्राप्त जानकारी को आँख बंद करके न अपनाएँ। सही और गलत की परख करें। धर्मग्रंथों का अध्ययन करें, गीता, उपनिषद, वेद और अन्य धार्मिक ग्रंथों में जीवन के हर पहलू का उत्तर मिलता है। मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें, निराशा और तनाव में किसी विशेषज्ञ की मदद लेने में झिझक महसूस न करें। माता-पिता को बच्चों की भावनाओं को समझना चाहिए और उन्हें खुलकर अपने मन की बात कहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

# हुकमि रजाई चलणा नानक लिखिआ नालि

संसार में बस उस ईश्वर का हुक्म है, उसका ही आदेश लागू है। उसने लिख रखा है। अस्तित्व उसकी ही मर्जी से चल रहा है और उसकी ही मर्जी से चलेगा, तो अनंत जीवन में हमको भी पूर्ण समर्पण के साथ उसके स्वाभाविक दिशा निर्देश का पालन करना चाहिए। उसने जो लिखा है वही होगा। यह जीवन एक झंझावात है, अगर हम अपनी इच्छा के अनुसार चलते है। एक अनवरत द्वंद्व, एक संघर्ष और उसके बाद सदैव अपूर्णता की अनभति ही हरएक पल की दास्तान है। यह अपनी इच्छा का भाव है, वह सम्मोहन है। हम यह भूल जाते है कि इस अनंत अस्तित्व में हमारी पहचान नगण्य है। फिर भी अपनी इच्छा, अपना मन, अपना विचार और अपना लक्ष्य बनाते हैं, लेकिन इसकी परिणति अपने मनोभाव के अनुसार नहीं होता है। अपनी तरफ से हमने बहुत कोशिश करके भी देख ली, क्या हुआ ? हम वैसे के वैसे रहे। जैसा उसने भेजा था उससे ज्यादा विकृत हो गए, उससे बेहतर कदापि नहीं हुए। जैसे आए थे बचपन में भोले-भाले, उतना भी नहीं बचा हाथ में। जीवन का यह सार बस इसी संघर्ष के कारण है।

आपकी बात



**डॉ मयंक मुरारी**

विश्व के महानतम किताबों में से एक " जपुजी " में गुरु नानकदेव जी कहते है कि स्लेट गंदी हो गई है, तुमने सब लिख डाला। पाया क्या है? सिवाय दुख, तनाव, संताप के क्या तुम्हारे हाथ लगा है ? छोड़ दो उस पर। जो उसने लिख रखा है वही होगा। अपनी तरफ से कुछ भी करने का उपाय नहीं है। कोई परिवर्तन नहीं हो सकता, फिर चिंता किसका? फिर बोझ किसका? नानकदेव जी कहते है- हुकमि रजाई चलणा नानक लिखिआ नालि। न जप, न तप, न ध्यान, न धारणा। एक ही साधना है--उसकी मर्जी। जैसे ही हमको खयाल आएगा उसकी मर्जी का, हम पाएंगे कि भीतर सब हलका हो जाता है। एक गहन शांति, अंदर एक अमृत वर्षा होने लगती है भीतर, जहां कोई तनाव नहीं, कोई चिंता नहीं। बस शाश्वत सुख की अनुभूति होती है।

जब हमारी कोई मर्जी चलनी नहीं है तो कैसी बेचैनी? फिर किस बात की संघर्ष? बस एक ही विधि है परमात्मा की मर्जी यानी एक ओंकार सतनाम। वह जैसा करवाए, वह जैसा रखे। श्रीमदभावगत में श्रीकृष्ण कहते हैं कि महाभारत निश्चित है, अर्जुन तू माध्यम है। इसलिए संशय छोड़, बस अपना कर्तव्य पूरा कर। श्री कृष्ण कहते है कि जब तुम हमसे राजी हो, हमारी मर्जी में राजी हो, जब तुम्हारी अपनी कोई मर्जी नहीं, तब कैसी बेचैनी! तब कैसा विचार! हम जब श्रीकृष्ण के प्रवचन को और नानकदेव जी की वाणी को अपना लेते है, तब सब हलका हो जाता है। पंख लग जाते हैं। तब हम उड़ सकते है, उस आकाश में, जिस आकाश का नाम है--इक ओंकार सतनाम। नानकजी ने एकमात्र विधि बतायी है। और वह विधि है, परमात्मा की मर्जी। वह जैसा करवाए। वह जैसा रखे। एक कथा है कि किसी राजा को एक गुलाम मिला। उसके व्यक्तित्व से प्रभावित राजा ने पूछा कि तू कैसे रहना पसंद करेगा? तो उस गुलाम ने मुस्कुरा कर कहा, मालिक की जो मर्जी। मेरा कैसा, मेरे होने का क्या अर्थ? आप जैसा रखेंगे वैसा रहूंगा। राजा ने पूछा, तू क्या पहनना, क्या खाना पसंद करता है? उसने कहा, मेरी क्या पसंद? मालिक जैसा पहनाए, पहनूंगा। मालिक जो खिलाए, खाऊंगा। राजा ने पूछा कि तेरा नाम क्या है? हम क्या नाम ले कर तुझे पुकारें? उसने कहा, मालिक की जो मर्जी। मेरा क्या नाम? दास का कोई नाम होता है? जो नाम आप दे दें। (ओशोः एक ओंकार सतनाम)। उस घटना से राजा के जीवन में क्रांति घट गई। तू मेरा गुरु है। जो जीवन का दर्शन है, सार है और संभावना है। वह कुछ पल के अंदर राजा के अंदर घटित हो गयी।

आज पूरी दुनिया में द्वंद्व है, तनाव है और चिंता है। यह द्वंद्व व्यक्ति में है, चिंता उसके मन में है और वह भविष्य बेहतर करना चाहता है। यह कैसे होगा? पश्चिम देशों की समस्या भोग की है तो हमारी समस्या गरीबी, दुख और रूग्णता की है। पश्चिम में सब है, फिर भी चिंता, तनाव! इतना तनाव है कि आदमी विक्षिप्त हालत में पहुंच गया है। हम भी ठीक उसके पीछे चल रहे है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




### आज का दोहा

वो ही स्वर, वो ही समझ, और वही अंदाज।
फिर भी क्यों भटकी लगें है युग की आवाज़।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# बांग्लादेश के बदलते सुरों को गंभीरता से लेना होगा

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने भारत और बांग्लादेश के संबंधों पर कहा कि हमारे रिश्ते बेहद मजबूत हैं। बस कुछ गलतफहमियां हैं, जिन्हें दूर करने की कोशिश की जा रही है। सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली वाली स्थिति में यूनुस किन रिश्तों के मजबूत होने की बात कर रहे हैं, कैसी गलतफहमियां और किनके द्वारा उत्पन्न गलतफहमियों की बात वे कर रहे हैं? यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार ने भारत से दूरियां बढ़ाने की कोई कसर नहीं छोड़ी, वहां हिन्दुओं एवं हिन्दू मन्दिरों पर कहर बरपाया गया, पाकिस्तान के साथ दोस्ती बढ़ाने की कवायद करते हुए भारत को डराने की कोशिशें हुई, कट्टरपंथी एवं जिहादी ताकतों को सहयोग, समर्थन और संरक्षण दिया गया है, इन सब स्थितियों को उग्र से उग्रतर बनाकर अब यूनुस किन रिश्तों की बात कर रहे हैं, वे क्यों बैंकॉक में आयोजित होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करना चाहते हैं? बांग्लादेश का भारत-विरोधी रवैया दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण बना है। भारत से पंगा बांग्लादेश को कितना महंगा पड़ रहा है, इसका अनुमान बांग्लादेश की बिगड़ती अर्थ-व्यवस्था, शांति-व्यवस्था एवं अराजकता को देखते हुए सहज ही लगाया जा सकता है। इन ज्वलंत होती स्थितियों का सबसे बड़ा कारण भारत से दुश्मनी ही है। बांग्लादेश में अराजकता, हिंसा एवं जर्जर होते हालात को मोहम्मद यूनुस सरकार नियंत्रित नहीं कर पा रही हैं। मुल्क अभी भी भीड़ की हिंसा की उन घटनाओं से उबर नहीं रहा है, जो पिछले अगस्त में शेख हसीना को सत्ता से हटाने वाले आंदोलन के बाद शुरू हुई थी। यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थी, उसमें उन्होंने मुस्लिम कट्टरपंथ को आगे करके निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार विघटनकारी, अड़ियल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है। यदि भारतीय प्रधानमंत्री बैंकाक में यूनुस से वार्तालाप करते हैं तो उन्हें उनके इरादों को लेकर सतर्क एवं सावधान रहना चाहिए।

भारत प्रारंभ से बांग्लादेश का सहयोगी एवं हितैषी रहा है, इसी कारण उसने पिछले डेढ़ दशकों में जो आर्थिक तरक्की हासिल की, छह फीसदी से अधिक दर से जीडीपी को बढ़ाया और 2026 तक विकासशील देशों के समूह में शामिल होने का सपना देखा, उन सब पर मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार के संकीर्णतावादी एवं दुराग्रही सोच के कारण काली छाया मंडराने लगी है। बांग्लादेश में भारत विरोधी वातावरण तैयार किया जा गया, वहां हिंदुओं एवं अन्य अल्पसंख्यकों पर हमले की घटनाओं पर भारत की तमाम चिंताओं के बावजूद गंभीरता नहीं दिखाई गयी और अल्पसंख्यक हिन्दुओं के दमन को रोकने के लिए वांछित कदम उठाने से इनकार किया गया है। इन सब स्थितियों के कारण आज वहां कानून-व्यवस्था के सामने समस्या पैदा हो गई है, बांग्ला राष्ट्रवाद की वकालत करने वालों पर खतरा मंडराने लगा है, प्रगतिशील मुस्लिमों एवं अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं और बंगबंधु व मुक्ति संग्राम के इतिहास को मिटाने का प्रयास हो रहा है। बांग्लादेश की यह गति इसलिए हुई है, क्योंकि मोहम्मद यूनुस सरकार आम जन की अपेक्षाओं के अनुरूप चुनौतियों से लड़ पाने में नाकाम रहे हैं और भारत से टकराव मोल लेकर उन्होंने अपने पांवों पर खुद कुल्हाडी चलाई है। बांग्लादेश के हुक्मरानों और विशेषतः यूनुस सरकार ने विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश कर दोनों देशों के आपसी संबंधों को नेस्तनाबूद किया हैं। आज वहां सांविधानिक, राजनीतिक वैधता का संकट तो गहराया ही है लेकिन लोकतांत्रिक मूल्य भी धुंधला रहे हैं।

देश की बात



**ललित गर्ग**

बांग्लादेश में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद वहां की अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे मोहम्मद यूनुस भले ही नोबेल पुरस्कार से सम्मानित हो, लेकिन उनकी सोच एवं कार्य-पद्धति में कट्टरवाद एवं भारत-विरोधी मानसिकता है। भले ही वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से वार्ता करके भारत से दोस्ती का नाटक करें। लेकिन उनके इरादों पर भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और है। चीन के खासे प्रभाव में आकर बांग्लादेश उसका सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। उसने वहां महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को वित्त पोषित किया है और वह बांग्लादेशी सेना के हथियारों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# वाराणसी में वन विभाग नाव से कराएगा डॉल्फिन सफारी

**एजेंसी। वाराणसी**

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में वन विभाग टाइगर सफारी की तर्ज पर डॉल्फिन सफारी बनाने जा रहा है। वन विभाग ने इसका प्लान तैयार किया है। देशी-विदेशी पर्यटक नाव से डॉल्फिन सफारी कर सकेंगे। डीएफओ स्वाति ने आईएएनएस से इस परियोजना को लेकर बात की। अधिकारी ने बताया कि परियोजना पर काम महीनों से चल रहा था। बोलीं, " हमारी योजना हर सुबह 6-7 बजे के बीच ये सवारी आयोजित करने की है, क्योंकि यह डॉल्फिन देखने का सबसे अच्छा समय है। अगर सुबह के वक्त में पर्यटकों का संख्या में इजाफा होगा तो इसे शाम में भी शुरू करेंगे। फिलहाल, अभी सुबह में ही पर्यटक सवारी का आनंद ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस परियोजना पर काम दो महीने पहले शुरू किया गया था। विभाग अपनी नाव से लोगों को डॉल्फिन सफारी की सैर कराएगा। आखिर सफारी की प्रक्रिया क्या होगी? इस पर उन्होंने कहा, "एक बार में 6 से 7 पर्यटक नौका में सफर कर सकते हैं। इससे पूर्व उन्हें अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा जिसके लिए विभाग की ओर से जल्द ही वेबसाइट बनाई जाएगी। उम्मीद है कि डॉल्फिन सफारी से ढकवां प्वाइंट के टूरिज्म में बढ़ोतरी मिलेगी। वाराणसी की गंगा नदी में कितनी संख्या में डॉल्फिन हैं। इस बारे में कोई पर्याप्त आंकड़ा फिलहाल मौजूद नहीं है।

स्वाति के मुताबिक काशी में डॉल्फिन की संख्या काफी बढ़ी है और इसका सीधा संबंध गंगा जल की गुणवत्ता में सुधार से है।



### गंगा में डॉल्फिन की संख्या बढ़कर 50 से ज्यादा हो गई है

वन विभाग के अनुसार, गंगाजल की गुणवत्ता में सुधार से वाराणसी शहर से दूर कैथी से ढकवां गांव के बीच गंगा में डॉल्फिन की संख्या बढ़कर 50 से ज्यादा हो गई है। डॉल्फिन परिवार को सब करीब से देख पाएंगे। डॉल्फिन सफारी के बारे में डीएफओ स्वाति ने सोमवार को न्यूज एजेंसी से बातचीत की। उन्होंने कहा कि हमने आज इस परियोजना को लॉन्च किया है और जल्द ही एक पोर्टल पेश करेंगे, जहां पर्यटक और पर्यावरण के प्रति उत्साही लोग लॉग इन कर सकते हैं और सुबह की मुफ्त डॉल्फिन सवारी का आनंद ले सकते हैं।

# पीड़ित परिवार ने की एसआईटी बनाने की मांग

## हाईकोर्ट में आरजी कर रेप-हत्या मामले में सुनवाई

**कोलकाता (आईएएनएस)**



कोलकाता हाई कोर्ट में पश्चिम बंगाल के आरजी कर बलात्कार और हत्या मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान पीड़ित पक्ष ने सीबीआई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) रैंक के अधिकारी की अध्यक्षता में एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) बनाने की मांग की। पीड़ित परिवार के वकील ने कोलकाता हाई कोर्ट से यह भी अनुरोध किया कि सीबीआई से एक स्थिति रिपोर्ट (स्टेटस रिपोर्ट) मांगी जाए। आरजी कर बलात्कार और हत्या मामले की सुनवाई करते हुए जज ने कहा, "चार्जशीट में साफ लिखा है कि जांच सीबीआई के अतिरिक्त एसपी रैंक के अधिकारी द्वारा ही की जा रही है।

## फतुहा के कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जे को लेकर एआईएमआईएम विधायक ने विरोध जताया



**पटना (आईएएनएस)।** पटना से सटे फतुहा में कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जे को लेकर एआईएमआईएम विधायक अख्तरुल ईमान ने आईएएनएस से बातचीत में अपना रोष जाहिर किया। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार के बॉडीगार्ड ने धोखे से जमीन हथियाने का आरोप लगाया। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान एआईएमआईएम विधायक अख्तरुल ईमान ने कहा कि फतुहा में कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जा किया गया है। यह कब्जा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बॉडीगार्ड द्वारा किया गया है। हम मांग करते हैं कि इसकी जांच कराई जाए और नीतीश कुमार बॉडीगार्ड के खिलाफ एक्शन लें। नीतीश कुमार की इफ्तार पार्टी को लेकर हो रही सियासत पर अख्तरुल ईमान ने कहा कि कोई सियासत नहीं हो रही है।

## पुलिस रेड के पूर्व शराब तस्करों को सूचना देने वाले चौकीदार को एसपी ने किया सस्पेंड

**पूर्वी चंपारण (हि.स.)।** पुलिस रेड के पूर्व चौकीदार और थाना की गोपनीयता भंग करने वाले आदापुर के चौकीदार अच्छेलाल कुमार को निलंबित किया गया है। थानाध्यक्ष के रिपोर्ट के बाद एसपी स्वर्ण प्रभात ने उक्त कारवाई की है। रेड छापेमारी में सहयोग नहीं करने को लेकर उक्त कारवाई की गई है। इस संबंध में जानकारी के मुताबिक कहा गया है कि शराब को लेकर रेड के पहले ही तस्करों को जानकारी मिल जाती थी जिससे पुलिस अपने मिशन में कामयाब नहीं हो पाती थी। खुफिया इनपुट मिलने के बाद थानाध्यक्ष ने चौकीदार की शिकायत पुलिस कप्तान से करते हुए स्थिति की जानकारी दे दी।

## अपराध : 16 लाख के गांजा सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण (हि.स.)।** जिला के लखौरा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना पर बरवा छठ घाट के पास से बाइक सहित दो तस्करों के साथ 16 लाख का गांजा जब्त किया है। एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर पुलिस ने यह कारवाई की है।पकड़े गये तस्करो की पहचान जितना थाना के अगरवा गांव का राजमोहन कुमार एवं ,अरविन्द कुमार बताते गए है ।जिसके पास से बाइक सहित 79 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है। जिसका अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 15.80 लाख बताया गया है।उल्लेखनीय है,कि यह सिंडिकेट नेपाल से मादक पदार्थ की तस्करी कर भारत के विभिन्न प्रदेशों में भेजते है।

# एक अप्रैल से यूनिफाइड पेंशन स्कीम की शुरुआत

## 23 लाख कर्मचारियों को मिलेगा लाभ


**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों के लिए एक नई योजना यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) ला रही है। इस योजना के तहत केंद्रीय कर्मचारी जो कि कम से कम 25 वर्षों से अपनी सेवा दे रहे हैं, 1 अप्रैल से यूपीएस के तहत रिटायरमेंट से पहले आखिरी 12 महीनों के अपने औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में पाने के पात्र होंगे। सरकार अपनी इस योजना के साथ कम से कम 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद वित्तीय सुरक्षा देने की तैयारी में है। यूपीएस खासकर उन लोगों को ध्यान में रखते हुए लाई जा रही है, जिन्हें बाजार से जुड़ी पेंशन के बजाय एक स्थिर और अनुमानित आय पसंद आती है।

नई योजना के तहत जिन कर्मचारियों ने 10 साल से अधिक लेकिन 25 साल से कम समय तक सेवा की है, उन्हें प्रति माह न्यूनतम 10,000 रुपये पेंशन मिलेगी। पेंशनभोगी की मृत्यु की स्थिति में उनके परिवार को पारिवारिक पेंशन के रूप में अंतिम पेंशन का 60 प्रतिशत मिलेगा। इसके अलावा, केंद्र सरकार के कर्मचारी, जो वर्तमान में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत हैं, वे यूपीएस पर स्विच कर सकते हैं। इस योजना को हाइब्रिड मॉडल के रूप में डिजाइन किया गया है, जिसमें ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) और नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) दोनों की विशेषताएं शामिल हैं।

एनपीएस बिना किसी निश्चित भुगतान के बाजार-आधारित रिटर्न प्रदान करता है, वहीं, एनपीएस से अलग नई योजना एक गारंटीकृत पेंशन राशि सुनिश्चित करती है। ओपीएस को 2004 में एनपीएस से बदला गया था। ओपीएस आवधिक महंगाई भत्ते संशोधनों के साथ पूरी तरह से सरकारी समर्थित पेंशन प्रदान करता था। यूपीएस की शुरुआत एनपीएस की अनिश्चितताओं के बारे में सरकारी कर्मचारियों के बीच बढ़ती चिंताओं को देखते हुए हुई है। कई सरकारी कर्मचारियों ने रिटायरमेंट के बाद वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अधिक पूर्वानुमानित पेंशन प्रणाली की मांग की।

सरकार का लक्ष्य इस नई योजना के माध्यम से कर्मचारी सुरक्षा को अपनी वित्तीय जिम्मेदारियों के साथ संतुलित करना है। यह कदम राज्य सरकारों को समान पेंशन मॉडल तलाशने के लिए भी प्रभावित कर सकता है। 25 साल से अधिक सेवा करने वालों को 50 प्रतिशत गारंटीकृत पेंशन से सबसे अधिक लाभ होगा। रिटायरमेंट के बाद स्थिर आय चाहने वाले कर्मचारियों को यूपीएस अधिक उपयुक्त लग सकता है, जबकि बाजार में उतार-चढ़ाव से सहज रहने वाले कर्मचारी संभावित रूप से उच्च रिटर्न के लिए एनपीएस को प्राथमिकता दे सकते हैं। पिछले सप्ताह, पेंशन फंड विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने एनपीएस विनियम 2025 के तहत यूपीएस के संचालन को आधिकारिक रूप से अधिसूचित किया।



**25**

साल से अधिक सेवा करने वालों को 50 प्रतिशत गारंटीकृत पेंशन से सबसे अधिक लाभ होगा

### विनियम केंद्र सरकार के कर्मचारियों की तीन कैटेगरी में बांटते हैं

- पहली कैटेगरी में 1 अप्रैल, 2025 तक सेवा में कार्यरत मौजूदा केंद्र सरकार के कर्मचारी शामिल हैं, जो एनपीएस के अंतर्गत आते हैं।
- दूसरी कैटेगरी में केंद्र सरकार की सेवाओं में नए भर्ती हुए लोग शामिल हैं, जो 1 अप्रैल, 2025 को या उसके बाद सेवा में शामिल होते हैं।
- तीसरी कैटेगरी में केंद्र सरकार के वे कर्मचारी शामिल हैं, जो एनपीएस के अंतर्गत आते थे और जो 31 मार्च, 2025 को या उससे पहले रिटायर हो चुके हैं (स्वैच्छिक रूप से रिटायर या मौलिक नियम 56(जे) के तहत रिटायर) और यूपीएस के लिए पात्र हैं या कानूनी रूप से विवाहित जीवनसाथी, जो रिटायर हो चुके हैं या यूपीएस के लिए विकल्प का प्रयोग करने से पहले जिनका देहांत हो चुका है।
- केंद्र सरकार के कर्मचारियों की इन सभी कैटेगरी के लिए एनरोलमेंट और क्लेम फॉर्म 1 अप्रैल, 2025 से वेबसाइट - https://npscra.nsdl.co.in पर ऑनलाइन उपलब्ध होंगे।

# हैदराबाद में यौन उत्पीड़न से बचने के लिए महिला ने चलती ट्रेन से लगाई छलांग

**हैदराबाद (आईएएनएस)**



हैदराबाद में यौन उत्पीड़न से बचने के लिए एक महिला ने चलती मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम (एमएमटीएस) ट्रेन से छलांग लगा दी। ट्रेन कूदने के कारण महिला घायल हो गई। रेलवे पुलिस ने सोमवार को बताया कि घटना सिकंदराबाद में हुई। एक व्यक्ति तेलापुर-मेडचल एमएमटीएस ट्रेन के महिला कोच में घुस गया और महिला के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया। यौन उत्पीड़न से बचने के लिए डरी हुई महिला चलती ट्रेन से कूद गई। महिला (23) कोमपल्ली में रेलवे पुल के पास घायल अवस्था में मिली। राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस सेवा को कॉल किया, जिसके बाद उसे इलाज के लिए गांधी अस्पताल ले जाया गया। पीड़िता आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले की रहने वाली है और हैदराबाद के बाहरी इलाके में एक निजी कंपनी में कार्यरत है। महिला ने पुलिस को बताया कि रविवार को वह अपना मोबाइल फोन ठीक कराने के लिए सिकंदराबाद आई थी। फोन ठीक कराने के बाद वह सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पहुंची। उसने जनरल टिकट लिया और तेलापुर-मेडचल एमएमटीएस ट्रेन में सवार होकर महिलाओं के लिए आरक्षित कोच में बैठ गई। उसके साथ उसी कोच में यात्रा कर रही दो महिलाएं अलवाल रेलवे स्टेशन पर उतर गईं।

## पहले नागपुर में आग लगाई और अब मुंबई में हो रही गुंडई : प्रियंका चतुर्वेदी



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का नाम लिए बिना मजाक बनाने को लेकर विवादों में घिरे स्टैंड अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को लेकर सियासत जारी है। शिवसेना (यूबीटी) की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शिवसेना कार्यकर्ताओं द्वारा तोड़फोड़ किए जाने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि उन्हें सच्चाई चुभती है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, "ये गुंडे हैं, जिन्हें सरकार में बैठाया गया है। वे दिखा रहे हैं कि वे कितने इंटॉलरेंट हैं। अगर कोई व्यंग्य के माध्यम से इनका (सरकार) मजाक बनाता है या फिर इनकी सच्चाई उजागर करता है तो उन्हें कितना चुभता है। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से पूछना चाहिए कि क्यों पहले उन्होंने नागपुर में आग लगाई और अब मुंबई में गुंडई की जा रही है? उन्होंने आगे कहा, 2014 से पहले यही कुणाल कामरा और दूसरे स्टैंड-अप कॉमेडियन नियमित रूप से उस समय की सरकार को लेकर रोस्ट करते थे।

## तेजस्वी यादव को लगा है राजनीतिक पितृदोष : नीरज कुमार



**पटना (आईएएनएस)।** बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले जेडीयू और आरजेडी में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। जेडीयू नेता नीरज कुमार ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स से एक वीडियो पोस्ट कर आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधा है। नीरज कुमार ने लिखा, यह लालू प्रसाद यादव की विचारधारा है। लालू प्रसाद यादव के आगमन के पूर्व बार बालाओं का नृत्य आयोजित किया गया। कल्याणपुर विधानसभा के कोटवा प्रखंड गांव जमुनिया में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में आरजेडी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में भीड़ जुटाने के लिए बार बालाओं के नृत्य का आयोजन किया गया। लालू प्रसाद यादव ने मंच से कहा कि बिहार में तेजस्वी को अगला सीएम बनने से कोई माई का लाल नहीं रोक सकता है। लालू के इस बयान पर नीरज कुमार ने सोमवार को न्यूज एजेंसी आईएएनएस से कहा कि तेजस्वी यादव को राजनीतिक पितृदोष लगा हुआ है।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## नागपुर हिंसा के मुख्य आरोपी फहीम के अवैध निर्माण पर कार्रवाई, बुलडोजर से तोड़ा गया घर

**नागपुर (आईएएनएस)**

नागपुर में हाल ही में हुई हिंसा के मुख्य आरोपी फहीम खान के अवैध नर्माण के खिलाफ नगर निगम की ओर से कार्रवाई की जा रही है। भारी पुलिस बल के साथ नगिम की टीम बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंची और अवैध नर्माण को ढहाने की प्रक्रिया शुरू की। यह कार्रवाई नागपुर के संजय बाग कॉलोनी में स्थित फहीम खान के दो मंजिला मकान पर हो रही है, जो उनके पत्नी जहिरुन्निसा के नाम पर पंजीकृत है। फहीम खान को नागपुर दंगों का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। वह पुलिस हिरासत में है। नगर निगम ने फहीम खान के अवैध निर्माण को लेकर उन्हें 24 घंटे का समय दिया था, लेकिन जब वह इसे खुद हटाने में विफल रहे, तो अब प्रशासन ने कार्रवाई करने का निर्णय लिया। उनके घर को ढहाने का काम सोमवार सुबह 10 बजे से शुरू हो गया है और मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है।

नगर निगम ने 21 मार्च को नोटिस जारी किया था। इसमें कहा गया था कि 86.48 वर्ग मीटर में बना यह घर अवैध है, इसका नक्शा पास नहीं कराया गया है।

# कुणाल कामरा के दफ्तर में तोड़फोड़, 11 गिरफ्तार



**मुंबई (आईएएनएस)**

स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के दफ्तर में तोड़फोड़ के मामले में 11 शिव सैनिकों को गिरफ्तार किया गया है। खार पुलिस ने इन आरोपियों को कुछ समय पहले बांद्रा कोर्ट में पेश किया, वहीं मामले में शिवसेना युवा सेना के जनरल सेक्रेटरी राहुल कनाल को भी पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया गया है, हालांकि उन्हें अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस ने राहुल कनाल को सोमवार को खार पुलिस स्टेशन बुलाया था, जहां से वह थोड़ी देर बाद बाहर निकल गए, लेकिन उन्हें फिर से 11 बजे पूछताछ के लिए बुलाया गया। खार पुलिस ने इस मामले में कुल 19 लोगों को नामजद किया था और 15 से 20 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### कामरा के खिलाफ केस दर्ज, महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर की थी टिप्पणी

**मुंबई (आईएएनएस)।** कॉमेडियन कुणाल कामरा का महाराष्ट्र की राजनीति पर तंज और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का बिना नाम लिए किए गए कमेंट के बाद बवाल मच गया है। कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ मुंबई के एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। मुंबई पुलिस के मुताबिक, एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 353(1)(बी), 353(2) और 356(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिवसेना के विधायक मुरजी पटेल ने एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया है। इससे पहले एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता राहुल कनाल के खिलाफ मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। मुंबई के खार स्थित द यूनिकॉन्टिनेंटल ऑफिस में शिव सैनिकों के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया था।

# 6 वर्षों में 12.3 करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों को पीने के पानी का कनेक्शन मिला

**एजेंसी। नई दिल्ली**


केंद्र सरकार ने सोमवार को संसद को बताया कि अगस्त 2019 में लॉन्च की गई जल जीवन मिशन (जेजेएम)-हर घर जल स्कीम के तहत 17 मार्च तक 12.3 करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों को पीने के पानी का कनेक्शन दिया जा चुका है। जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में बताया कि देश में पीने के पानी का कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवारों की संख्या अगस्त 2019 में 3.23 करोड़ (16.7 प्रतिशत) से बढ़कर 17 मार्च 2025 तक 15.53 करोड़ हो गई है, जो भारत के कुल ग्रामीण परिवारों का 80.2 प्रतिशत है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि शेष 3.83 करोड़ परिवारों के लिए कार्य संबंधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश द्वारा योजना के अनुसार किया जा रहा है।

मिशन का प्रारंभिक अनुमानित व्यय 3.60 लाख करोड़ रुपये था, जिसमें से केंद्र का हिस्सा 2.08 लाख करोड़ रुपये था। मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत संपूर्ण केंद्रीय हिस्सा लगभग खर्च किया जा चुका है।सोमन्ना ने कहा कि इसके अलावा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण 2025-26 में जल जीवन मिशन को 2028 तक बढ़ाने की घोषणा की है। साथ ही, इस योजना के कुल व्यय में वृद्धि की गई है। केंद्र, राज्यों के साथ साझेदारी में जल जीवन मिशन योजना का संचालन कर रहा है, जिससे देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को गुणवत्ता पूर्ण जल, नियमित और दीर्घकालिक आधार पर कनेक्शन के माध्यम से उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि पानी राज्य का विषय है, इसलिए पेयजल आपूर्ति योजनाओं की योजना, अनुमोदन, कार्यान्वयन, संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकारों की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को कई समीक्षा बैठकों, क्षेत्रीय दौरों आदि के माध्यम से सलाह दी गई है कि वे जेजेएम मानकों के अनुसार, आपूर्ति किए जाने वाले पानी की गुणवत्ता सहित अन्य बातों के साथ-साथ प्रदान किए गए नल जल कनेक्शनों की कार्यक्षमता सुनिश्चित करें। सोमन्ना ने कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को समय-समय पर जल की गुणवत्ता की जांच करने और जहां भी आवश्यक हो, सुधारात्मक कार्रवाई करने की सलाह दी गई है।



# पीएम आवास योजना के तहत 75,295 परिवारों को 40,000 रुपए की पहली किस्त जारी

**एजेंसी। पटना**



बिहार सरकार में ग्रामीण विकास विभाग के कार्यालय में सोमवार को विभागीय मंत्री श्रवण कुमार ने ग्रामीण क्षेत्र के 75,295 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण के लिए 40,000 रुपये की पहली किस्त जारी की। इसके तहत 75,295 लाभार्थियों के लिए प्रथम किस्त की सहायता राशि 301.18 करोड़ रुपये जारी किया गया। इस मौके पर मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बिहार में 7,24,230 परिवारों को आवास की स्वीकृति हुई है। अब तक 6,300,49 लाभार्थियों को आवास योजना की प्रथम किस्त जारी कर दी गई है। जबकि तीनों किस्त अब तक 1,21,539 लाभार्थियों को जारी कर दी गई है। अब तक 50,409 आवास पूर्ण हो गए हैं। आज 75,295 लाभार्थियों को आवास योजना का प्रथम किस्त जारी किया गया है। समय-समय पर और दो किस्त जारी कर दिया जाएगा। आवास योजना के तहत कुल 1.20 लख रुपये की तीन किस्त में राशि आवास निर्माण की प्रगति के साथ दी जाती है। प्रथम किस्त जारी होने के 100 दिनों के भीतर आवास निर्माण की प्रगति के आधार पर दोनों की जारी कर दिए जाएंगे।

मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि इसके अलावा लाभार्थियों को मनरेगा के माध्यम से 90 दिनों के कुशल मजदूरी के रूप में 22,050 रुपये भी दिए जाते हैं। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत इन आवासों में शौचालय निर्माण के लिए अलग से 12,000 की सहायता राशि भी दी जाती है।



25 मार्च
गुजरात टाइटन्स VS पंजाब किंग्स
समय- 7:30बजे
अहमदाबाद



# पंजाब और गुजरात के मैच में अय्यर और गिल के बीच होगी कप्तानी की रोचक जंग

**अहमदाबाद।** पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मंगलवार को यहां होने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल के बीच कप्तानी की भी रोचक जंग देखने को मिलेगी। अय्यर आईपीएल के सफल कप्तानों में शामिल है। उनके नेतृत्व में कोलकाता नाइट राइडर्स ने पिछले साल खिताब जीता था। इससे चार साल पहले 2020 में दिल्ली कैपिटल्स ने उनकी कप्तानी में फाइनल में जगह बनाई थी। अब उनका लक्ष्य पंजाब का आईपीएल खिताब जीतने का 18 साल लंबा इंतजार खत्म करना होगा। पंजाब आईपीएल 2018 के सेमीफाइनल में पहुंचा था जबकि उसने 2014 में फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन पिछले चार वर्षों में शीर्ष पांच में भी जगह नहीं बना सका। किंग्स इलेवन पंजाब से पंजाब किंग्स बनने के बावजूद इस टीम को अब भी अपने पहले आईपीएल खिताब का इंतजार है। लेकिन अब अय्यर के रूप में नया कप्तान और रिकी पोंटिंग के रूप में नया मुख्य कोच मिलने के बाद पंजाब की टीम नए सिरे से शुरूआत करने के लिए तैयार है।



## पंजाब किंग्स

**श्रेयस अय्यर** (कप्तान), प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, हरनूर सिंह, जोश इंग्लिस, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, आरोन हार्डी, मार्को जानसन, ग्लेन मैक्सवेल, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, प्रवीण दुबे, लॉकी फर्ग्यूसन। हरप्रीत बराड़, कुलदीप सेन, विजयकुमार वैश्य, यश ठाकुर

## गुजरात टाइटंस :

**शुभमन गिल** (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, शेरफेन रदरफोर्ड, साई सुदर्शन, एम शाहरुख खान, राशिद खान, करीम जनत, महिपाल लोमरोर, ग्लेन फिलिप्स, निशांत सिंधु, मानव सुथार, राहुल तेवतिया, वाशिंगटन सुंदर, अरशद खान, गेराल्ड कोएत्जी, गुरनूर बराड़, कुलवंत खेजरोलिया, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कगिसो रबाडा। साई किशोर, ईशांत शर्मा, जयंत यादव।



# क्रिकेटर केएल राहुल और अथिया शेट्टी के घर आई नन्हीं परी

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** बॉलीवुड अभिनेत्री अथिया शेट्टी और भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल के घर खुशियों ने दस्तक दी है। यह जोड़ी अब एक प्यारी सी बेटी के माता-पिता बन गई है। कपल ने यह खुशखबरी सोशल मीडिया के माध्यम से अपने फैंस के साथ साझा की। राहुल और अथिया दोनों ने अपने-अपने सोशल मीडिया पोस्ट में अपने माता-पिता बनने की जानकारी साझा की। इन दोनों ने अपने इंस्टाग्राम और एक्स अकाउंट पर एक ग्राफिक्स फोटो शेयर किया है। इस तस्वीर में ब्लेस्ड विद बेबी गर्ल लिखा हुआ है। अथिया शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा, हम एक बेटी के पेरेंट्स बन चुके हैं। इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी और उनके फैंस और बॉलीवुड सेलेब्रिटीज उन्हें बधाई दे रहे हैं। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल आईपीएल-2025 के सीजन में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से अपना पहला मैच नहीं खेला। दिल्ली कैपिटल्स ने सोमवार को आईपीएल-2025 के अपने पहले मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स का सामना किया, लेकिन इस मुकाबले में राहुल को टीम में शामिल नहीं किया गया। इसके पीछे की वजह अब सामने आई है। केएल राहुल पिता बन गए हैं और परिवार के इस खास पल को साझा करने के लिए उन्होंने आईपीएल-2025 के पहले मैच में खुद को अलग कर लिया। आपको बता दें कि अथिया शेट्टी ने भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल से साल 2023 में शादी की थी। इस शानदार शादी में कई बॉलीवुड और क्रिकेट जगत की हस्तियों ने शिरकत की थी। अब शादी के दो साल बाद कपल के नन्हीं परी आई है।

# दिल्ली ने लखनऊ को एक विकेट से हराया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स को 210 रन का टारगेट दिया है। विशाखापट्टनम में दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। लखनऊ ने 8 विकेट खोकर 209 रन बनाए। मिचेल मार्श ने 72 और निकोलस पूरन ने 75 रन बनाए। दिल्ली ने 19.2 ओवर में 9 विकेट पर 205 रन बना लिए हैं। आशुतोष शर्मा और कुलदीप खेल रहे हैं। मिचेल स्टार्क (2 रन) रवि बिश्नोई ने पंत के हाथों कैच कराया। विपराज निगम (39 रन) को दिग्वेश राठी ने एम सिद्धार्थ के हाथों कैच कराया। ट्रिस्टन स्टब्स (34 रन) को एम सिद्धार्थ ने बोल्ड किया। इससे पहले स्टब्स ने उनके ओवर में लगातार दो छक्के मारे थे। सिद्धार्थ ने समीर रिजवी (4 रन) को भी आउट किया। फाफ डु प्लेसिस (29 रन) और कप्तान अक्षर पटेल (22 रन) बनाकर आउट हुए। शार्दूल ठाकुर ने पहले ओवर में जैक फ्रेजर मैगर्क और अभिषेक पोरेल को कैच कराया। छरॠसे मार्श और पूरन के बीच 87 रनों की अहम साझेदारी हुई। डेविड मिलर ने नाबाद 27 रन का योगदान दिया। दिल्ली से मिचेल स्टार्क ने 3 विकेट झटके। कुलदीप यादव ने 2 विकेट लिए।

## दोनों टीमों की प्लेइंग

**दिल्ली कैपिटल्स:** अक्षर पटेल (कप्तान), जैक फ्रेजर-मैगर्क, फाफ डु प्लेसिस, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा और मुकेश कुमार।

**लखनऊ सुपर जायंट्स:** ऋषभ पंत (कप्तान), ऐडन मार्करम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, डेविड मिलर, प्रिंस यादव, दिग्विजय राठी, शाहबाज अहमद, शार्दूल ठाकुर, और रवि बिश्नोई।

## मचेल मार्श ने 72 और निकोलस पूरन ने 75 रन बनाए

# बांग्लादेश टीम के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को मैच के दौरान पड़ा दिल का दौरा



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को सोमवार को ढाका प्रीमियर लीग (डीपीएल) के एक मुकाबले के दौरान दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। 36 वर्षीय तमीम इकबाल मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब की ओर से शाइनपुकुर क्रिकेट क्लब के खिलाफ बीकेएसपी मैदान में खेले जा रहे मैच में टीम की अगुवाई कर रहे थे, जब उन्हें अचानक सीने में तेज दर्द महसूस हुआ। मैदान पर ही उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया।बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के मुख्य चिकित्सक देबाशीष चौधरी ने इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा, तमीम ने सीने में दर्द की शिकायत की थी, जिसके बाद उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी जांच की गई और ईसीजी किया गया। रिपोर्ट में थोड़ी समस्या पाई गई, लेकिन इस तरह की स्थिति में तुरंत कुछ समझ पाना मुश्किल होता है।

# डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह यूडब्ल्यूडब्ल्यू-एशिया ब्यूरो सदस्य चुने गए



**अम्मान (आईएएनएस)।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह को यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू)-एशिया का ब्यूरो सदस्य चुना गया है। यह चुनाव अम्मान में आयोजित यूडब्ल्यूडब्ल्यू-एशिया आम सभा के दौरान हुआ, जहां सिंह ने 38 में से 22 वोट हासिल किए, जो एशियाई कुश्ती समुदाय से मजबूत समर्थन को दशार्ता है। इस प्रतिष्ठित पद के लिए सिंह का चुनाव अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय कुश्ती के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उनकी नियुक्ति से भारतीय पहलवानों को यूडब्ल्यूडब्ल्यू-एशिया की निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में अधिक प्रतिनिधित्व मिलने और देश में खेल के विकास के लिए नए अवसर खुलने की उम्मीद है।

सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं यूडब्ल्यूडब्ल्यू-एशिया के ब्यूरो सदस्य के रूप में चुने जाने पर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह सिर्फ एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारतीय कुश्ती के विकास और पहचान का प्रमाण है।

# पुर्तगाल ने डेनमार्क को हराकर नेशंस लीग सेमीफाइनल में बनाई जगह



**लिस्बन।** पुर्तगाल के फ्रांसिस्को ट्रिनकाओ ने बेंच से उतरकर दो गोल किए, जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने भी शानदार प्रदर्शन किया, जिससे पुर्तगाल ने रविवार को अतिरिक्त समय में डेनमार्क को 5-2 से हराकर कुल 5-3 के अंतर से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ पुर्तगाल ने यूईएफए नेशंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बना ली, जहां उसका मुकाबला जर्मनी से होगा।

- **रोनाल्डो की अगुवाई में मिली जीत**

रोनाल्डो ने भले ही शुरूआती पेनल्टी मिस कर दी हो, लेकिन उन्होंने अपनी टीम की वापसी में अहम भूमिका निभाई। हालांकि, उन्हें अतिरिक्त समय में बेंच पर बैठना पड़ा, फिर भी उन्होंने दर्शकों को लगातार उत्साहित किया और पुर्तगाल ने आखिरकार डेनमार्क की मजबूत रक्षात्मक पंक्ति को भेदने में सफलता पाई।

पहले चरण में डेनमार्क ने कोपेनहेगन में हुए मुकाबले में रासमस होजलुंड के गोल की बदौलत 1-0 की बढ़त बनाई थी। वहीं, डेनमार्क के मुख्य डिफेंडर जोआकिम माएले के कैंप छोड़ने से टीम को झटका लगा, क्योंकि उन्हें अपने बच्चे के जन्म के लिए जाना पड़ा। उनकी जगह खेलने आए पैट्रिक डोर्गु ने शुरूआत में ही पुर्तगाल को पेनल्टी दे दी, जब उन्होंने रोनाल्डो को तीसरे मिनट में बॉक्स में गिरा दिया।

- **शुरूआती संघर्ष और पुर्तगाल की वापसी**

रोनाल्डो ने खुद पेनल्टी ली, लेकिन डेनमार्क के गोलकीपर कैस्पर श्माइकल ने शानदार बचाव कर उन्हें गोल करने से रोक दिया। इसके बाद 17वें मिनट में भी रोनाल्डो को नूनो मेंडेस के शानदार क्रॉस पर हेडर लगाने का मौका मिला।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# जनवरी में ईएसआईसी से जुड़े 18.19 लाख नए सदस्य: केंद्र

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) से इस साल जनवरी में 18.19 लाख नए सदस्य जुड़े हैं। यह जानकारी सोमवार को श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा दी गई। जनवरी में जुड़े नए सदस्यों में 8.67 लाख या 47.66 प्रतिशत 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के हैं, जो दिखाता है कि देश में नौकरियों के अवसर बढ़ रहे हैं और अर्थव्यवस्था की स्थिति अच्छी बनी हुई है। जनवरी 2025 में 27,805 नए संस्थाओं को भी ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया है, जिससे अधिक वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी। पेरोल डेटा का लिंगवार विश्लेषण दिखाता है कि इस साल जनवरी में 3.65 लाख महिला सदस्यों का पंजीकरण हुआ है। इसके अलावा, समीक्षा अवधि में 85 ट्रांसजेंडर सदस्यों ने ईएसआईसी की योजना के तहत पंजीकरण कराया है। ईएसआईसी के जनवरी पेरोल में वृद्धि दिसंबर 2024 में जोड़े गए 17.01 लाख नए कर्मचारियों की तुलना में अधिक है, जो अर्थव्यवस्था में रोजगार के बढ़ते ट्रेंड को दशार्ता है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने कहा कि माह के दौरान जोड़े गए कुल 17.01 लाख सदस्यों में से 8.22 लाख कर्मचारी, जो कुल पंजीकरण का लगभग 48.35 प्रतिशत है, 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के हैं। पिछले हफ्ते कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की ओर से जारी किए गए आंकड़ों में बताया गया था कि इस साल जनवरी में संगठन से 17.89 लाख सदस्यों के जुड़े हैं। यह आंकड़ा दिसंबर 2024 के मुकाबले मासिक आधार पर 11.48 प्रतिशत अधिक है। ईपीएफओ के आधिकारिक बयान के अनुसार, पेरोल में जनवरी 2024 के मुकाबले 11.67 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

यह दिखाता है कि कर्मचारी फायदों को लेकर पहले के मुकाबले जागरूकता बढ़ी है। जनवरी 2025 में ईपीएफओ से करीब 8.23 लाख नए सब्सक्राइबर्स जुड़े हैं, जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 1.87 प्रतिशत अधिक है। आंकड़ों में गौर करने वाली बात यह है कि 18-25 आयु वर्ग का प्रभुत्व लगातार बना हुआ है। जनवरी 2025 में इस आयु वर्ग के 4.70 लाख नए सदस्य जुड़े हैं, जो समीक्षा अवधि में जोड़े गए कुल नए सदस्यों का 57.07 प्रतिशत है। इस महीने में जोड़े गए 18-25 आयु वर्ग के नए सदस्यों की संख्या पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 3.07 प्रतिशत अधिक है।



# भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में गतिविधियां मार्च में रही मजबूत : एचएसबीसी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत में बिजनेस गतिविधियां मार्च में मजबूत रही हैं। इस दौरान मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की बिक्री और उत्पादन में विस्तार देखा गया है। इसकी वजह मांग का बढ़ना था। यह जानकारी सोमवार को जारी हुए एचएसबीसी फ्लैश इंडिया सर्वेक्षण में दी गई।

एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कम्पोजिट आउटपुट इंडेक्स मार्च में 58.6 पर स्थिर रहा है जो कि फरवरी में 58.8 पर था। यह आंकड़ा लंबी अवधि के औसत 54.7 से अधिक है, जो कि मजबूत ग्रोथ को दशार्ता है।

सर्वेक्षण में बताया गया कि एचएसबीसी फ्लैश इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई मार्च में बढ़कर 57.6 हो गई है, जो कि फरवरी में 56.3 थी। यह दशार्ता है कि मार्च में देश में मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशंस में सुधार हुआ है। मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई के पांच मुख्य घटकों में से मार्च में तीन में - आउटपुट, नए ऑर्डर और स्टॉक में बीते महीने के मुकाबले बढ़त देखने को मिली है। सर्वेक्षण में निजी क्षेत्र की कंपनियों ने उत्पादन में वृद्धि का मुख्य कारण बढ़ती मांग को माना है। साथ ही, नए ऑर्डरों में और वृद्धि हुई। सर्वेक्षण में माल उत्पादकों ने मार्च में फरवरी की तुलना में तेज वृद्धि का संकेत दिया और यह सेवा प्रदाताओं के लिए दर्ज की गई वृद्धि दर से अधिक थी।

# भारतीय शेयर बाजार लगातार छठे दिन हरे निशान में बंद



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को हरे निशान में बंद हुआ। यह लगातार छठा दिन था, जब शेयर बाजार में तेजी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,078.87 अंक या 1.40 प्रतिशत की तेजी के साथ 77,984.38 और निफ्टी 307.95 अंक या 1.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,658.35 पर था।

बाजार की तेजी का नेतृत्व बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक इंडेक्स 1,111.40 अंक या 2.20 प्रतिशत चढ़कर 51,704.95 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, एसबीआई, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, एचडीएफसी बैंक,मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, टीसीएस और आईसीआईसीआई बैंक टॉप गेनर्स थे। टाइटन, इंडसइंड बैंक,जोमैटो, एमएंडएम, भारती एयरटेल, नेस्ले इंडिया और इन्फोसिस टॉप लूजर्स थे।

लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 673.30 अंक या 1.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 52,524.05 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 178.75 अंक या 1.10 प्रतिशत बढ़कर 16,363.70 पर बंद हुआ।

सेक्टोरल आधार पर बैंकिंग के अलावा ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फार्मा, एफएमसीजी, रियल्टी, इन्फ्रा और एनर्जी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। केवल कंजम्पशन इंडेक्स ही लाल निशान में बंद हुआ।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,499 शेयर हरे निशान में, 1,639 शेयर लाल निशान में और 160 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। एलकेपी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार, रूपक दे का कहना है कि निफ्टी में तेजी का दौर जारी है और यह अपने रुकावट के स्तर 23,600 को पार कर बंद हुआ है। जब तक इंडेक्स 23,500 के ऊपर बना रहेगा, मजबूत स्थिति में है। अगर यह इस स्तर से नीचे आता है तो इसमें गिरावट देखने को मिल सकती है।

# भारत को सर्विस से प्रोडक्ट आधारित मॉडल की तरफ शिफ्ट होना चाहिए : नीति आयोग

नई दिल्ली, 24 मार्च (आईएएनएस)। भारत को सर्विस आधारित मॉडल से प्रोडक्ट आधारित मॉडल की तरफ शिफ्ट होना चाहिए। यह बयान नीति आयोग के सदस्य (साइंस और टेक्नोलॉजी) वीके सारस्वत ने दिया। उन्होंने गुजरात के गांधीनगर में गिफ्ट सिटी में आयोजित एक नेशनल वर्कशॉप में कहा कि भारत को इनोवेशन के क्षेत्र में स्वयं को मजबूत करना होगा। सारस्वत ने डीपटेक स्टार्टअप को सपोर्ट करने के महत्व पर जोर देते हुए कहा, ₹भारत को सर्विस आधारित से प्रोडक्ट आधारित इंडस्ट्री मॉडल की ओर बदलाव करना चाहिए। इसके अतिरिक्त, सारस्वत ने देश में रिसर्च, इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही पहलों के बारे में बताया। वर्कशॉप का उद्देश्य सरकारी अधिकारियों, अकादमिक लीडर्स, औद्योगिक विशेषज्ञों, स्टार्टअप संस्थापकों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों सहित प्रमुख पक्षकारों के बीच संवाद और नॉलेज शेयरिंग को सुविधाजनक बनाना था। विभिन्न क्षेत्रों में तालमेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित वर्कशॉप में अनुसंधान एवं विकास में निवेश, इनोवेशन पर राज्य की नीतियां, ग्लोबल इनोवेशन ट्रेंड और एंटरप्रेन्योरशिप जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त सारस्वत ने कहा कि भारत में इनोवेशन को बढ़ाने में सरकारी संस्थाओं, अकादमी और उद्योगों की अहम भूमिका होगी। वहीं,आईएएस मोना खंडार ने नीतिगत पहलों द्वारा संचालित एक मजबूत इनोवेशन इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए गुजरात की प्रतिबद्धता के बारे में बात की। उन्होंने आगे साइंस, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन नीति, गुजरात सेमीकंडक्टर नीति, गुजरात इलेक्ट्रॉनिक्स नीति और गुजरात ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) नीति सहित विभिन्न रणनीतिक नीतियों के माध्यम से स्टार्टअप और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की पहलों के बारे में बताया।

# नगर उंटारी स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव शुरू, सांसद ने दिखाई हरी झंडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर 12453/12454 रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का रविवार रात्रि से ठहराव शुरू हो गया। पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। गौरतलब है कि उक्त ट्रेन के ठहराव के लिए श्री बंशीधर नगर, गढ़वा की जनता द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। स्टेशन पर रात्रि 9:47 बजे ट्रेन के आगमन होते ही सांसद ने हरी झंडी दिखाई जिसके बाद ट्रेन संख्या 12453 का नगर उंटारी स्टेशन पर ठहराव प्रारम्भ हो गया। इस ट्रेन के श्री बंशीधर नगर स्टेशन पर ठहराव होने से यात्रियों का आवागमन सुगम होगी।



इसके लिए सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि वे नगर उंटारी रेलवे स्टेशन का नाम बाबा वंशीधर के नाम पर बंशीधर नगर रेलवे स्टेशन करने के लिए भी प्रयासरत हैं, जल्द ही इसकी अधिसूचना जारी की जाएगी।

उन्होंने यह भी बताया कि पलामू एवं गढ़वा जिले के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बनारस गोरखपुर एवं लखनऊ के अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिसके लिए वे इन जगहों पर रेलवे पहुंच सुलभ हो इसके लिए प्रयासरत्त हैं। जल्द हीं इन जगहों के लिए भी ट्रेन परिचालन के कार्यों में सफलता प्राप्त करेंगे।

उन्होंने बताया कि देश की राजधानी दिल्ली से पलामू एवं गढ़वा के लोगों की कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए अपने संसदीय क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों से प्रतिदिन ट्रेन का परिचालन करवाने का कार्य करेंगे। बताया कि 200 कि.मी. लम्बी बारवाडीह-अंबिकापुर चिरमिरी रेल लाइन का डी.पी.आर बन रहा है, तदोपरान्त आगे की कार्रवाई करते हुए रेल लाइन निर्माण का कार्य भी किया जायेगा।

इस मौके पर एडीआरएम विनीत कुमार, बीजेपी के गढ़वा जिला वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय, रघुराज पांडेय, गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, लक्ष्मण राम, मथुरा पासवान, महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता, राजीव रंजन तिवारी, शिव नारायण चन्द्रा, विनय चौबे, मुकेश चौबे, मंडल अध्यक्ष विकास पाण्डेय, मिथलेश तिवारी, शिव कुमार मिश्रा, अनुज पाण्डेय, भोला पाण्डेय, पंकज तिवारी, धीरेन्द्र चौबे, कौशल झा, अभिषेक चौरसिया, पियूष तिवारी, चैंबर ऑफ कॉमर्स, रेलवे के पदाधिकारी एवं भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन ने राज्यसभा सांसद से की नई ट्रेन सेवाओं की मांग



**हैदरनगर।** झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन की टीम ने सोमवार को नई दिल्ली में भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश से मिलकर पलामू सहित पूरे झारखंड में नई रेल सेवाओं में वृद्धि कराने की मांग की है। जिसमें रांची से इंदौर (वाया डाल्टनगंज - चोपन - सिंगरौली - भोपाल - उज्जैन) और रांची से देहरादून तक नई ट्रेन सेवाएं चालू कराने की मांग शामिल है। जो डालटनगंज, हैदरनगर, जपला, वाराणसी, अयोध्या, लखनऊ और हरिद्वार जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक व पर्यटक स्थलों का लाभ यात्रियों को मिल सके। इन मार्गों पर यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या को देखते हुए इन ट्रेन सेवाओं की प्रमुखता बताया गया है। इसके साथ ही टीम ने देवघर से चोपन तक जो धनबाद, बरकाकाना और डालटनगंज होते नई ट्रेन सेवा शुरू करने और ट्रेन संख्या 03397/ 98 (धनबाद - नासिक रोड) के विस्तार तक विस्तार से मुंबई तक यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सकेगा। टीम ने ट्रेन संख्या 18629 / 30 (रांची - गोरखपुर एक्सप्रेस) का भी मुद्दा उठाते हुए कहा कि वर्तमान में यह ट्रेन धनबाद होकर चलती है, पर इसका रेक हाटिया यार्ड में रविवार से लेकर गुरुवार तक खड़ा रहता है। जिसे एक दिन लोहरदगा, टोरी, डलटनगंज, हैदरनगर और सासाराम होते हुए चलाने का सुझाव दिया है। जबकि हैदरनगर में रेल फाटक संख्या 50 सी पर तीन वर्ष से लंबित आरओबी निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है। राज्यसभा सांसद ने मिलने वालों में एसोसिएशन के अध्यक्ष कुमार अभिषेक के अलावे सचिव नैयर इमाम, उप सचिव ऋतिक राज, कोषाध्यक्ष छोटी कुमारी, प्रवक्ता सत्यम श्रीवास्तव और सदस्य अंकू सिंह राणा शामिल हैं। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने इन मांगों को गंभीरता से लेकर रेलवे मंत्रालय से विचार - विमर्श करने का आश्वासन टीम को दिया है।

### हैदरनगर में मवेशी तस्करी का भंडाफोड़

# 3 गिरफ्तार, 14 मवेशी बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने मवेशी तस्करी की एक बड़ी साजिश नाकाम करने में सफलता हासिल की है। हैदरनगर के भाई बिगहा के समीप हड्डीखाना के पास रविवार देर शाम अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी संतोष कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु आईपीएस दिव्यांश शुक्ला ने दलबल की साथ कार्रवाई करते हुए मवेशी तस्करी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें मो. साल्दीन पिता गुड्डू कुरैशी, अदनान पिता फिरोज अहमद और मुदस्सर हुसैन शामिल हैं। पुलिस ने सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। हैदरनगर पुलिस को मिली गुप्त सूचना पर भाई बिगहा के समीप कुछ मवेशियों को अवैध रुप से काटने की योजना यह त्वरित कार्रवाई की गई है। सूचना मिलते ही प्रशिक्षु आईपीएस दिव्यांश शुक्ला ने तुरंत एक विशेष टीम गठित कर छापेमारी के दौरान पुलिस के पहुंचते ही वहां अफरातफरी मच गई। लेकिन पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए तीनों आरोपी तस्करों को धर दबोचा। साथ ही चौदह मवेशियों को बरामद किया। साथ ही हड्डीखाना से खून युक्त मांस बरामद किया। पुलिस की प्राथमिक जांच में पता चला कि पकड़े गए आरोपी अवैध रुप से मवेशियों की तस्करी और प्रतिबंधित मांस के कारोबार से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की आगे भी गहन जांच जारी है। मवेशी तस्करी और अवैध कटाई किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह की अवैध गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि अगर कहीं भी ऐसी संदिग्ध गतिविधियां दिखें, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। प्रशिक्षु आईपीएस के आने के बाद हैदरनगर थाना क्षेत्र में पुलिस लगातार अवैध पशु तस्करी और प्रतिबंधित मांस कारोबार पर नजर बनाए हुए है। कुछ दिन पूर्व ही मवेशियों से लदे ट्रक को पकड़ा गया था। जिस पर पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई से मवेशी तस्करों में हड़कंप मच गया है।

## नेशनल हाईवे निर्माण कंपनी की मनमानी के खिलाफ पूर्व मंत्री ने उठाई आवाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** नेशनल हाईवे 39 का निर्माण कर रही कंपनी की मनमानी को लेकर पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने रैयतों के साथ सोमवार दोपहर12 बजे तक डालटनगंज के सिंगरा से सतबरवा तक विरोध किया। सिंगरा से आंदोलन की शुरूआत हुई। पूर्व मंत्री ने यहां अपने कार्यकताओं के साथ पहुंच कर निर्माण कार्य रोक दिया। इस आंदोलन में पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर का भी समर्थन मिला। वे भी इस आंदोलन में शामिल रहे। मौके पर श्री त्रिपाठी ने कहा कि रैयतों को भुगतान किए बैगर कंपनी नेशनल हाईवे 39 का निर्माण कर रही है। मनमाने ढंग से कार्य करने का भी आरोप लगाया। कई कमियां गिनाई और कंपनी के अधिकारियों को वार्ता करने के लिए कहा। त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीणों के साथ वार्ता होने के बाद निर्माण कार्य शुरू करायें। नेशनल हाईवे के निर्माण से कई जगहों पर परेशानी उत्पन्न हुई है। कहीं ग्रामीण सड़क का संपर्क कट गया है तो कहीं नेशनल हाईवे पर आने का अप्रोच पथ तक नहीं है। कैनाल काट दिया गया है। फ्लाईएस जहां-तहां पड़े हुए हैं। सड़क बंद हो जाने से कई गांव के लोग कैद होकर रह गए हैं। निर्माण एजेंसी परेशानियों को दूर करने के बजाय ग्रामीणों को डराने धमकाने में लगी हुई है। पुलिस का गलत इस्तेमाल कर रही है। लगातार शिकायत मिलने के बाद उन्होंने इस तरह का आंदोलन चलाया। हम ग्रामीणों के साथ हैं और जब तक परेशानी का निदान नहीं हो जाता, तब तक निर्माण कार्य बंद रखा जाएगा। इस मौके पर काफी संख्या में रैयत सहित कई नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 5.5 लाख की लागत से हेल्थ सब सेंटर भवन और चहारदीवारी का होगा निर्माण




**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राजनडीह स्थित हेल्थ सब सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) के भवन और चहारदीवारी का निर्माण 5.5 लाख की लागत से होगा। इसकी पुष्टि करते हुए जिला पार्षद प्रतिनिधि सह युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह के कार्यकाल में ही इसकी निविदा भी हो चुकी है। इस पर खुशी व्यक्त करते हुए ग्रामीणों ने इसके कुल रकबा 1.13 एकड़ भूमि के अधिकांश भाग को अतिक्रमण मुक्त कराकर संरक्षित करने साथ ही पहले चहारदीवारी तब भवन निर्माण कराने की जरूरत बताया है। कहा जाता है कि अतिक्रमण के कारण भवन का क्षेत्रफल मात्र 2-3 डिसमिल में ही सिमटकर रह गया है। लगातार स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन के बाद भी इसकी अतिक्रमित भूमि को इससे मुक्त कराने की दिशा में कदम नहीं उठाया गया है। इसकी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर बाउंड्री कराने से इसके पूरे क्षेत्रफल को सुरक्षित कर इसमें अलग से भवन बनाकर बच्चों की पाठशाला अथवा आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित किया जा सकता है। जिसको चुनाव में मतदान केंद्र के रूप में उपयोग में लिया जा सकता है। ऐसा होने से झरीवा ,राजनडीह और रामनगर के बच्चों को रेलवे लाइन पार कर स्थानीय दैनिक बाजार क्षेत्र के सरकारी अथवा निजी स्कूलों में आने जाने में जोखिम उठाने की जरूरत नहीं रह जाएगी। रेलवे लाइन इस पार के उक्त टोले के मतदाताओं को बूथ की सहज रूप से सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

# स्कॉर्पियो लूट कर भाग रहे 3 गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** पुलिस ने स्कॉर्पियो लूट की वारदात में शामिल तीन अपराधी पकड़े गए हैं। पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के धोबीडीह गांव के पास यह घटना हुई थी। जानकारी के अनुसार रविवार देर रात श्रेया स्टोन के मालिक रामाशीष सिंह की स्कॉर्पियो उनका ड्राइवर छतरपुर से महुअरी ले जा रहा था। रास्ते में बाइक सवार बदमाशों ने स्कॉर्पियो को ओवरटेक कर उसके सामने बाइक गिरा दी। स्कॉर्पियो रूकते ही बदमाशों ने चालक से चाबी और मोबाइल छीन लिया।

चालक और रसोइया ने पास के एक घर में मदद मांगी, लेकिन बदमाशों ने खुद को टीपीसी नक्सली बताते हुए घर जलाने की धमकी दी। डर के मारे घर का व्यक्ति अंदर चला गया। इसके बाद बदमाश स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गए।

घटना के बाद चालक ने रामाशीष सिंह को सूचना दी। उन्होंने पुलिस को जानकारी देकर अपने लोगों के साथ घटनास्थल की ओर निकले। रास्ते में उन्हें दो संदिग्ध मिले, जिन्हें पकड़ लिया गया। आगे बढ़ने पर सिलदाग गांव स्थित बांकी नदी के पास से लूटी गई स्कॉर्पियो पलटी मिली। वहां से भाग रहे एक और बदमाश को भी पकड़ लिया गया। पुलिस को दो घंटे के अंदर यह कामयाबी मिली।

पूछताछ में पता चला कि पकड़े गए तीनों अपराधी लूट में शामिल थे। गैंग का मुख्य सरगना स्कॉर्पियो से उतरकर भाग निकला। पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है। वाहन मालिक रामाशीष सिंह ने सोमवार को बताया कि छतरपुर निजी ऑफिस से चालक राजेश कुमार को रात में स्कॉर्पियो (जेएच 03 डब्लू 9999) से नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के महुअरी भेजा था। देवताही-बटाने डैम रोड में धोबीडीह गांव के समीप पहले से घात लगाए चार अपराधियों ने स्कॉर्पियो वाहन रूकवाकर हमला कर दिया। अपराधी वाहन को लूटकर छतरपुर से मेदिनीनगर की ओर भाग रहे थे।

प्रभारी थाना प्रभारी अनिल कुमार रजक ने बताया कि क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो को बरामद करते हुए और तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। अपराधियों की पहचान इसी थाना क्षेत्र के बाघामढ़ा-गूर्दी के दीपक विश्वकर्मा, जंघवल के प्रवेश यादव और मंसूरिया पिपरा के नागेन्द्र कुमार के रुप में की गयी हैं।

### अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

# योजनाओं व राजस्व संग्रहण समेत अन्य विषयों की भी हुई समीक्षा, दिए गए कई दिशा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु सोमवार को समाहरणालय गढ़वा स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। यह बैठक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार डीएसपी यशोधरा, एसडीपीओ नीरज कुमार, जिला खनन पदाधिकारी राजेंद्र उरांव समेत कई वरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया। जबकि वर्चुअल रूप से वी.सी. के जरिये अनुमंडल पदाधिकारी रंका रूद्र प्रताप, जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल



अधिकारी एवं सभी थाना प्रभारियों ने भी भाग लिया। जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम को लेकर बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा कर उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण से संबंधित शिकायत प्राप्ति पर त्वरित मामले की गहन जांच कर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करें।

उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने को कहा। सभी संबंधित पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी को सतत निगरानी रखते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अवैध रूप से बालू ढुलाई की सूचना पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारी को लीगल बालू ढुलाई को ना रोकने का निर्देश दिया गया एवं निर्गत रसीद देखने को कहा गया। रात्रि के समय पैनी नजर रखते हुए अवैध ढुलाई पर कार्रवाई का निर्देश दिया गया एवं रात्रि में बालू ढुलाई हेतु चालान निर्गत नहीं करने के निदेश दिए गयें। विभिन्न स्थानों पर चेकपोस्ट आदि के माध्यम से भी इसकी जांच करने को कहा गया। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन न हो यह संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी सुनिश्चित करें, जिससे जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर पूर्णतः प्रतिबंधित किया जा सके। इस बाबत अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरोध कृत कार्यवाही से अवगत कराया गया।

मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक श्री पाण्डेय द्वारा भी सभी थाना प्रभारियों को अंचल अधिकारी से समन्वय बनाते हुए बालू घाटों की निगरानी में आवश्यक सहायता हेतु निदेशित किया गया। साथ ही अवैध रूप से खनन, भंडारण व परिवहन पर अंकुश लगाने का निदेश दिया गया। वहीं जिला खनन पदाधिकारी श्री उरांव द्वारा नोर्थ कोयल बालू घाट-08, मौजा - बकोईया, अंचल मझिऑव से संबंधित आम सूचना एवं बालू की ऑनलाइन बुकिंग की प्रकिया से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि बालू की ऑनलाइन बुकिंग हेतु सर्वप्रथम आवेदक को झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम के पोर्टल पर अपना पंजीयन कराना होगा, अर्थात आईडी बनाना होगा। पंजीयन के पश्चात आवेदक अपना पूर्ण विवरणी बालू की मात्रा, अपने वाहन का नम्बर तथा निर्धारित राशि (बालू की मात्रा) के अनुसार ऑनलाइन भुगतान करने के पश्चात एक टोकन जनरेट होगा, जिसकी वैधता 45 दिनों की होगी है। आवेदक टोकन लेकर बालू स्टॉक यार्ड से बालू प्राप्त कर सकते हैं। से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी प्राप्त करने हेतु मोबाईल नम्बर- 7480014033 एवं 7050189348 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## पेज एक के शेष

### सरकार ओबीसी आरक्षण...

याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को आदेश दिया गया था कि 16 मई 2025 तक राज्य में निकाय चुनाव कराए जाएं। विधायक सरयू राय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेशों के मुताबिक, ट्रिपल टेस्ट के बिना भी चुनाव कराए जा सकते हैं। वहीं, मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि भाजपा ने ही ओबीसी के आरक्षण में कमी की थी और फाइनेंस कमीशन से बड़ा धनराशि रोक रखा है। उन्होंने कहा कि यदि 16 मई तक ट्रिपल टेस्ट की रिपोर्ट प्राप्त हो जाती है, तो चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। लेकिन, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो सरकार उच्च न्यायालय से और समय की मांग करेगी।

### पुलिस में 4919...

राष्ट्रीय स्तर के हिसाब से पुलिस बल की संख्या कम नहीं, बल्कि ज्यादा है। साथ ही, 4919 पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही नियुक्ति करके पुलिस कर्मियों की जो कमी महसूस हो रही है, उसे पूरा कर लिया जाएगा।इस पर भाजपा विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि पिछले डेढ़ साल से प्रक्रिया चल रही है, लेकिन सवाल है कि आखिर यह कब पूरा होगा। इस पर जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि पिछले दिनों उत्पाद (एक्साइज) सिपाही की नियुक्ति में दुखद घटना घटी, जिसमें कई युवाओं की जान चली गई। पिछले दिनों कैबिनेट से नियमों को बदला गया। अब प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। आठ घंटे से अधिक काम विधि व्यवस्था उत्पन्न होने पर लिया जाता है। ऐसे आठ घंटे ही काम लिया जाता है।

### प्राइवेट स्कूलों की...

सवाल का सदन में जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने बताया कि प्राइवेट स्कूल की मनमानी रोकने के लिए शुल्क समिति का गठन स्कूल में किया जाता है। इसमें परिजन के साथ-साथ स्कूल के शिक्षकों को भी रखा जाता है। इसके अलावा, जिला में भी कमेटी बनाई जाती है। जिला कमेटी में उपायुक्त, सांसद और विधायक रहते हैं। मंत्री ने कहा कि कमेटी चाहे तो स्कूल प्रबंधन पर ढाई लाख तक का जुमार्ना लगा सकती है।

### सदन में ₹1 लाख...

ऊर्जा विभाग में 989435.53 लाख रुपए, उत्पाद में 5583.61 लाख रुपए, वित्त में 34228.30, व्याज में 635466.32 लाख रुपए, रिपेमेंटऑफ लोन 938468.51 लाख रुपए, पेंशन में 1017311.58 लाख रुपए, अंकेक्षण में 787.63 लाख रुपए, वाणिज्यकर में 17405.04 लाख रुपए, खाद्य आपूर्ति में 286349.22 लाख रुपए, वन पर्यावरण में 138199.30 लाख रुपए, स्वास्थ्य में 747050.86 लाख रुपए, उच्च शिक्षा में 192222.28 लाख रुपए, गृह विभाग में 807545.48 लाख रुपए, उद्योग में 48631.61 लाख रुपए, सूचना जनसंपर्क विभाग में 34704.72 लाख रुपए, सांस्थिक वित्त में 2118.12 लाख रुपए, श्रम में 108574.46, विधि में 84750.27, हाईकोर्ट 20984.61 में, खान में 7288.73 लाख रुपए, अल्पसंख्यक कल्याण में 37691.60 लाख रुपए, संसदीय कार्य में 179.02 लाख रूपए, विधानसभा में 18144.30 लाख रुपए, कार्मिक में 4439.17 लाख रुपए, जेपीएससी में 4672.83 लाख रुपए, योजना विकास में 41435.23 लाख रुपए, राजभाषा प्रभाग में 222147.47 लाख रुपए, निबंधन में 2304.95, आपदा प्रबंधन में 184149.14 लाख रुपए, राजस्व भूमि में 75897.31 लाख रुपए, पथ निर्माण में 580089.28 लाख रुपए, ग्रामीण विकास में 984141.61 लाख रुपए, तकनीकी शिक्षा 48698.88 लाख रुपए, साक्षरता प्रभाग में 683.89 लाख रुपए, सूचना प्रौद्योगिकी में 30398.72 लाख रुपए, पर्यटन में 15555.07 लाख रुपए, परिवहन में 31143.30 लाख रुपए, नगर विकास में 347599.34 लाख रुपए, जल संसाधन में 191171.06 लाख रुपए, लघु सिंचाई में 34574.49 लाख रुपए, एससी-एसटी वर्ग विभाग में 300754.37 लाख रुपए, कला संस्कृति में 18109.38 लाख रुपए, मत्स्य में 19808.08 लाख रुपए, डेयरी में 41147.61 लाख रुपए, ग्रामीण कार्य में 457630.73, पंचायती राज में 214478.14 लाख रुपए, आवास प्रभाग में 10169.57 लाख रुपए, माध्यमिक शिक्षा में 484506.97 लाख रुपए, प्राथमिक शिक्षा में 1034664.44 लाख रुपए, महिला बाल विकास 2202333.85 लाख रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है।

### शैक्षणिक संस्थानों में...

सुप्रीम कोर्ट ने पिछली सुनवाई के दौरान अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित दो छात्रों के माता-पिता की ओर से दायर याचिका पर नोटिस जारी किया था। उन्होंने अपनी याचिका में एफआईआर दर्ज करने और एक केंद्रीय एजेंसी से इन मौतों की जांच की मांग की। हालांकि, इस याचिका को वर्ष 2024 में दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। गौरतलब है कि वर्ष 2023 में आईआईटी-दिल्ली के दो दलित छात्रों की कैंपस में ही मौत हो गई थी। दोनों आईआईटी दिल्ली में बीटेक के छात्र थे। मृत छात्रों के परिजनों ने आरोप लगाया कि दोनों छात्र अनुसूचित जाति से आते थे। इस वजह से उन्हें भेदभाव का सामना करना पड़ता था। दोनों याचिकाकताओं ने याचिका में छात्रों की हत्या की आशंका जताई है। इसके अलावा, याचिका में यह भी कहा गया कि कई बार शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

### डीजीपी नियुक्ति मामले...

जबकि उनका कार्यकाल 14 फरवरी 2025 तक था। मरांडी की ओर से दायर अवमानना याचिका में सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का भी हवाला दिया गया है, जिसके अनुसार डीजीपी के चयन के लिए राज्य सरकार के भेजे गए आईपीएस अधिकारियों के पैनल से यूपीएससी तीन बेहतर छवि और कार्यकाल वाले नामों का चयन करता है और इसके बाद राज्य की सरकार इनमें से किसी एक की कम से कम दो वर्ष के लिए डीजीपी पद पर नियुक्ति करती है। इसी नियम के तहत राज्य सरकार ने 14 फरवरी 2023 को अजय कुमार सिंह को डीजीपी बनाया था, लेकिन उन्हें बिना किसी आरोप के कार्यकाल पूरा होने के पहले ही पद से हटा दिया गया। याचिका में प्रकाश सिंह बनाम भारत सरकार के मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से पारित आदेश को दरकिनार करने और कोर्ट के आदेश की अवमानना का आरोप लगाया गया है। यह भी कहा गया है कि राज्य सरकार ने डीजीपी की नियुक्ति के लिए जो चयन समिति बनाई है, उसमें एक संघ लोक सेवा आयोग व एक झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) का नामित सदस्य रखना अनिवार्य है, लेकिन सरकार ने अपने ही इस नियम का अनुपालन नहीं किया। जिस चयन समिति ने डीजीपी पद पर नियुक्ति के लिए अनुराग गुप्ता के नाम की अनुशंसा की, उसकी बैठक में यूपीएससी और जेपीएससी का कोई सदस्य नहीं था। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 16 जून को निर्धारित की है।

### अमन के गुर्गों...

अमन एक पुलिसकर्मी का हथियार छीनकर भाग रहा था। डीआईजी संजीव कुमार ने कहा कि एसआईटी ने अपराधियों की मूवमेंट को ट्रैक करते हुए अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर इन्हें गिरफ्तार किया। वारदात का मुख्य शूटर मिंटू पासवान उर्फ छोटा छत्री था। जिस बाइक पर वह सवार था, उसे राहुल मुंडा उर्फ मिरिंडा चला रहा था। डीजीएम की रेकी मनोज माली ने की थी, जबकि हथियार की सप्लाई अजय यादव ने की थी। पुलिस ने इनके पास से 7.65 बोर की पिस्टल, तीन कारतूस, वारदात में इस्तेमाल की गई लाल रंग की बिना नंबर की पल्सर बाइक, नकद रुपए, पांच मोबाइल फोन और वारदात के दौरान पहने गए कपड़े बरामद किए हैं। इन अपराधियों से पूछताछ में यह भी सामने आया कि कोयला माफिया लंबे समय से इलाके में अपना वर्चस्व कायम करने के लिए खौफ का माहौल बना रहा था। लेवी वसूली के लिए अपराधियों को हर महीने मोटी रकम दी जाती थी। वारदात के दौरान पकड़े न जाने के लिए अपराधियों को खास मोबाइल ऐप से निर्देश दिए गए थे, ताकि पुलिस उनकी कॉल या लोकेशन ट्रैक न कर सके। मुख्य साजिशकर्ता अजय यादव पहले से कई संगीन मामलों में वांछित था और इस घटना के पीछे भी उसका बड़ा रोल रहा।

### 15 लाख रुपए...

एनएचएआई के अधिकारी पटना स्थित अपने आवास के पास रिश्वत की रकम ले रहे थे। सीबीआई को इस बात की जानकारी मिली थी कि एनएचएआई के जेनरल मैनेजर एक निजी कंपनी से रिश्वत लेने वाले हैं। इस सूचना के सत्यापन के दौरान पाया गया कि निजी कंपनी के लोगों ने रिश्वत की रकम की व्यवस्था करने के बाद एनएचएआई के अधिकारी से संपर्क किया था।संबंधित अधिकारी ने रिश्वत की रकम लेने के लिए निजी कंपनी के लोगों को पटना में बुलाया था। सीबीआई की टीम सूचना एकत्रित करने के बाद घात लगाए बैठी थी। रिश्वत की रकम लेते ही सीबीआई अधिकारियों के दल ने एनएचएआई के जेनरल मैनेजर और निजी कंपनी के तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

## सना में अमेरिकी हवाई हमले में एक व्यक्ति की मौत, 15 घायल



**सना (आईएएनएस)।** यमन की राजधानी सना में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाकर किए गए अमेरिकी हवाई हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने रविवार को हूती नियंत्रित स्वास्थ्य अधिकारियों के एक सूत्र के हवाले से बताया कि शुरुआती आंकड़ों से पता चला है कि सना के पश्चिमी उपनगर असर में हुए हमले में घायल हुए लोगों में तीन बच्चे और दो महिलाएं शामिल हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय निवासियों ने हमले को बहुत हिंसक बताया। उनका कहना है कि बचाव दल अभी भी मलबे के नीचे संभावित जिंदा लोगों की तलाश कर रहे हैं। अमेरिकी सेना ने अभी तक कोई टिप्पणी जारी नहीं की है।

## पाक-अफगान सीमा से घुसपैठ की कोशिश कर रहे 16 आतंकवादी ढेर



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान ने सोमवार को दावा किया कि उसने पाक-अफगान बॉर्डर से घुसपैठ की कोशिश कर रहे कई आतंकवादियों को मार गिराया। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब इस्लामाबाद-काबुल रिश्तों को सामान्य बनाने की कोशिशें दोनों तरफ से की जा रही हैं। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ( आईएसपीआर ) की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, खुफिया जानकारी से पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के गुलाम खान कल्ले इलाके के पास आतंकवादियों की गतिविधि का पता चला। यहां अफगानिस्तान के आतंकवादी घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की कोशिश नाकाम कर दी और कई घुसपैठियों को मार गिराया।

## कैबिनेट ने अटॉर्नी जनरल गली बहारव-मियारा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को दी मंजूरी

**यरूशलम (आईएएनएस)।** इजरायल के कैबिनेट ने देश के अटॉर्नी जनरल गली बहारव-मियारा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसे उनकी बर्खास्तगी की दिशा में उठाया गया पहला कदम माना जा सकता है। एक सरकारी अधिकारी ने रविवार को मीडिया को बताया कि मंत्रियों ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। यह कदम सरकार की कई कार्रवाइयों में से एक था, जिसे सरकार के आलोचकों ने राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में देखा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, अधिकारी ने रविवार को कहा कि मंत्रियों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।यह कदम सरकार की कई कार्रवाइयों में से एक था, जिसे विरोधियों ने सरकार के आलोचकों के खिलाफ राजनीतिक बदला लेने के रूप में देखा।

### जेएमबी-एचयूटी सदस्यों की घुसपैठ को लेकर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

# बांग्लादेशी आतंकी संगठन कर रहे घुसपैठ की कोशिश

### छोटे समूहों में मुर्शिदाबाद के रास्ते भारत में प्रवेश करने की बना रहे योजना...

**कोलकाता (हि.स.)**

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास स्थित गांवों में सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। खुफिया सूत्रों से मिले इनपुट के बाद यह कदम उठाया गया है। इनपुट में बताया गया है कि बांग्लादेश के प्रतिबंधित आतंकी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) के सदस्य भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, जेएमबी और एचयूटी के कई सक्रिय सदस्य बांग्लादेश के राजशाही और चपाई नवाबगंज जिलों से छोटे समूहों में मुर्शिदाबाद के रास्ते भारतीय सीमा में प्रवेश करने की योजना बना रहे हैं। इनका मकसद यहां पहले से मौजूद स्लीपर सेल को फिर से सक्रिय करना है। खुफिया एजेंसियों को इन आतंकी संगठनों के खिलाफ इनपुट तब मिला, जब सीमा पार से कुछ संदिग्ध इंटरनेट चैटिंग और संचार को ट्रैक किया गया। जांच में सामने आया है कि जेएमबी और एचयूटी के सदस्य मुर्शिदाबाद में अपने स्थानीय संपर्कों के साथ इंटरनेट के जरिए संपर्क में थे। इन स्थानीय संपर्कों में से कुछ 'खारिजी' (गैर-मान्यता प्राप्त) मदरसों से जुड़े हैं, जो भारत-बांग्लादेश सीमा के पास स्थित गांवों में संचालित हो रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि इन संगठनों का मकसद न केवल स्लीपर सेल को सक्रिय करना है।



पहले से मौजूद स्लीपर सेल को फिर से सक्रिय करना है इनका मकसद

### किराए पर कमरा देने से पहले पहचान की जांच करें

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को भी बांग्लादेशी आतंकी संगठनों के सदस्यों की घुसपैठ के खतरे की जानकारी दी गई है। साथ ही, मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों में सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों ने सीमा से सटे गांवों के मकान मालिकों को सख्त निर्देश दिया है कि वे किसी भी बाहरी व्यक्ति को किराए पर कमरा देने से पहले उसकी पहचान की अच्छी तरह से जांच करें और नए किराएदारों की सूचना स्थानीय पुलिस को दें।

### शुभेंदु की सुरक्षा बढ़ाई गई

कुछ महीने पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी की सुरक्षा को लेकर भी अलर्ट जारी किया था। खुफिया इनपुट में यह खुलासा हुआ था कि जेएमबी और एचयूटी के आतंकियों के निशाने पर शुभेंदु अधिकारी भी हैं। नवंबर 2024 तक शुभेंदु अधिकारी को सिर्फ पश्चिम बंगाल में 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी, लेकिन खतरे को देखते हुए अब उन्हें पूरे भारत में 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

## आठ वर्षों में यूपी का परसेप्शन पूरी तरह बदला : सीएम योगी

**लखनऊ (हि. स.)**



● सुरक्षा, सुशासन, समृद्धि और सनातन संस्कृति के क्षेत्र में प्रदेश की बनी है पहचान, उसका एहसास कर रहा पूरा भारत

प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में अपनी सरकार के विकास कार्यों का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया। इस दौरान आठ वर्षों में यूपी में सरकार के कामकाज पर "एक झलक" रिपोर्ट कार्ड डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई और पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा और 25 करोड़ प्रदेशवासियों के समवेत प्रयास से आज यह उत्तर प्रदेश, भारत के 'श्रम शक्ति पुंज से अर्थ शक्ति पुंज' बनने की ओर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश वही है, लेकिन बीते आठ वर्षों में परसेप्शन पूरी तरह से बदल चुका है। सुरक्षा, सुशासन, समृद्धि और सनातन संस्कृति के क्षेत्र में जो पहचान बनी है, उसका एहसास उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरा भारत कर रहा है। उन्होंने कहा कि आठ वर्ष पहले बीमारू राज्य की पहचान रखने वाला उत्तर प्रदेश आज देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है।

## सांसदों व पूर्व सांसदों के वेतन, भत्ते, पेंशन में वृद्धि

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सांसदों व पूर्व सांसदों के वेतन, दैनिक भत्ते पेंशन में बढ़ोतरी कर दी।इस बारे में संसदीय कार्य मंत्रालय की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक, 1 अप्रैल 2023 से यह संशोधित वेतनमान लागू होगा। सरकार ने महंगाई को ध्यान में रखते हुए संसद सदस्य वेतन, भत्ते व पेंशन अधिनियम, 1954 के तहत वेतन और पेंशन में संशोधन किया है।पहले संसद के सदस्यों को वेतन 1,00,000 रुपये मिलता था , लेकिन अब यह बढ़ाकर 1,24,000 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह दैनिक भत्ते में भी बढ़ोतरी हुआ है। यह 2,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये कर दिया गया है। संसद के वर्तमान सदस्यों व पूर्व सदस्यों के लिए मासिक पेंशन 25,000 रुपये से बढ़ाकर 31,000 रुपये कर दिया गया है। एडिशनल पेंशन जो पहले 2,000 प्रति माह थी, उसको बढ़ाकर 2,500 प्रति महीने कर दिया गया है।यह संशोधन संसद के चालू बजट सत्र के दौरान किया गया है। सांसदों के वेतन, भत्ते और पेंशन में आखिरी बार अप्रैल 2018 में बदलाव किया गया था। इस बढ़ोतरी से राजकोष पर वित्तीय असर पड़ने के आसार हैं, क्योंकि 543 लोकसभा सांसद, 245 राज्य सभा सांसद और बहुत से पूर्व सांसद हैं जिन्हें बढ़ी हुई पेंशन का फायदा होगा। वेतन व भत्तों के अलावा, सेवारत सांसदों को कई और सुविधाएं मिलती हैं। सांसदों को अपने निर्वाचन क्षेत्र में काम करने के लिए 70,000 रुपये हर महीने निर्वाचन क्षेत्र भत्ता मिलता है और कार्यालय खर्च के लिए 60,000 रुपये प्रति माह मिलते हैं। इसमें कर्मचारियों का वेतन, फोन व स्टेशनरी शामिल है।सांसदों को अपने व अपने परिवार के लिए हर साल 34 फ्री हवाई यात्राएं करने का भी फायदा मिलता है। इसके अलावा उनको कुछ जगहों पर बिना किराए के आवास भी मिलता है। जो लोग आधिकारिक आवास नहीं लेना चाहते, वे 2 लाख रुपये मासिक आवास भत्ते का दावा कर सकते हैं। इन सभी के अलावा और भी कई फायदे मिलते हैं। इसमें 50 हजार यूनिट फ्री बिजली, परिवार के सदस्यों के लिए केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के तहत स्वास्थ्य देखभाल कवरेज भी शामिल हैं।

### विटकॉफ का बड़ा बयान

## पुतिन चाहते हैं शांति : अमेरिकी राजदूत

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

अमेरिकी राजदूत स्टीव विटकॉफ ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध को खत्म करना चाहते हैं। यह बात उन्होंने सऊदी अरब में सोमवार को होने वाली एक अहम बैठक से पहले कही, जिसमें अमेरिका, रूस के अधिकारी हिस्सा लेंगे।

विटकॉफ ने फॉक्स न्यूज से कहा, "मुझे लगता है कि वह (पुतिन) शांति चाहते हैं। उनका मानना है कि इस बैठक से कुछ अच्छे नतीजे निकल सकते हैं, जैसे काला सागर में जंग को सीमित करना। विटकॉफ हाल के हफ्तों में दो बार पुतिन से मिले हैं। ये मुलाकातें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस प्लान का हिस्सा हैं, जिसमें वे यूक्रेन और रूस के बीच जंग को खत्म करना चाहते हैं। विटकॉफ को भरोसा है कि सऊदी अरब में होने वाली बातचीत से शांति की दिशा में कदम बढ़ेगा। उन्होंने सीएनएन को बताया, "मुझे लगता है कि आप सोमवार को सऊदी अरब में कुछ वास्तविक प्रगति देखेंगे। यूरोप में इस बात को लेकर चिंता जताई जा रही है कि ट्रंप पुतिन पर बहुत ज्यादा भरोसा कर रहे हैं। लेकिन विटकॉफ का कहना है कि पुतिन सचमुच शांति चाहते हैं। उन्होंने कहा, "मुझे नहीं लगता कि वह पूरे यूरोप पर कब्जा करना चाहते हैं। यह द्वितीय विश्व युद्ध की तुलना में बहुत अलग स्थिति है।" विटकॉफ का मानना है कि पुतिन के इरादों को समझने में पश्चिमी देशों को थोड़ी नरमी बरतनी चाहिए। रविवार को सऊदी अरब में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने मॉस्को और कीव के बीच संभावित आंशिक युद्धविराम पर यूक्रेनी अधिकारियों के साथ बातचीत की। इसके बाद अमेरिका और रूसी अधिकारी सोमवार को सऊदी अरब में ही बातचीत करेंगे। टिकॉफ को उम्मीद है कि इन बातचीतों से काला सागर में जहाजों की लड़ाई रुक सकती है, और फिर धीरे-धीरे पूरी जंग खत्म हो सकती है।



"मुझे नहीं लगता कि वह पूरे यूरोप पर कब्जा करना चाहते हैं, यह द्वितीय विश्व युद्ध की तुलना में बहुत अलग स्थिति है

## प्रकृति का अनोखा खजाना 'कचनार' बीमारियों से लड़ने में कारगर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** 'कचनार' को अगर प्रकृति का अनोखा खजाना कहा जाए तो ऐसा कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा। इसमें ऐसे अनगिनत फायदे छिपे हैं, जो जोड़ों के दर्द से लेकर थायराइड, गांठों की समस्या से लेकर पेट के पाचन को दुरुस्त करने तक 'कचनार' का जादू हर बीमारी पर असर दिखाता है। आइए जानते हैं इससे जुड़े फायदों के बारे में। 'कचनार' का पौधा अपनी खूबसूरत फूलों की वजह से जाना जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम 'बौहिनिया वैरीगेटा' है, यह चीन से लेकर दक्षिण-पूर्व एशिया और भारतीय उपमहाद्वीप तक पाया जाता है। भारत में खास तौर पर पहाड़ी इलाकों में इसे बहुत पसंद किया जाता है।

## महरंग बलूच पर आतंकवाद का आरोप, वकील से मिलने की भी अनुमति नहीं

**क्वेटा (आईएएनएस)।** पाकिस्तान ने बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) की प्रमुख महरंग बलूच और कई अन्य कार्यकर्ताओं पर आतंकवाद का आरोप लगाया है। महरंग ने जबरन गायब किए गए लोगों के रिश्तेदारों की अवैध गिरफ्तारी और अवैध पुलिस रिमांड के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। महरंग वर्तमान में 150 अन्य लोगों के साथ क्वेटा जिला जेल में बंद हैं। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को बताया कि प्रदर्शनकारियों पर आतंकवाद, हत्या और हत्या का प्रयास, हिंसा-विद्रोह को भड़काना, अव्यवस्था पैदा करना, नस्लीय घृणा को बढ़ावा देना और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे आरोप लगाए गए। इस बीच, बलूचिस्तान के कई शहरों में लगातार दूसरे दिन भी हड़ताल देखी गई। वहीं क्वेटा और आसपास के इलाकों में इंटरनेट सेवाएं रविवार को लगातार चौथे दिन भी बंद रहीं। पाकिस्तान के प्रमुख दैनिक 'डॉन' से रविवार को बात करते हुए महरंग की बहन अस्मा बलूच ने कहा कि 24 घंटे से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन महरंग को अदालत में पेश नहीं किया गया और न ही उसे कानूनी सलाहकार से मिलने दिया जा रहा। अस्मा ने कहा, "क्वेटा जिला जेल के अधिकारियों ने हमें मेरी बहन से मिलने की अनुमति नहीं दी और हमें उसे भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुएं पहुंचाने की भी अनुमति नहीं दी गई।

### केसरी चैप्टर 2

### कहानी फिल्म जगत की

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार एक बार फिर स्क्रीन पर देशभक्ति की एक अनूठी कहानी सुनाने जा रहे हैं। 2019 में आई फिल्म 'केसरी' की सफलता के बाद अब अक्षय फिल्म के सीक्वल 'केसरी चैप्टर 2' के जरिए फैंस का दिल जीतने जा रहे हैं।

**दर्शकों को एक भी फ्रेम देखने से पहले ही जकड़ लेता है**

अक्षय कुमार सर सी शंकरन नायर की भूमिका में हैं, जो एक निडर वकील हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय त्रासदी के बाद ब्रिटिश साम्राज्य से लड़ने का साहस किया। टीज़र की शुरुआत 30 सेकंड के ऑडियो से होती है क्योंकि "दृश्य इतने भयानक हैं कि उन्हें दिखाया नहीं जा सकता"। गोलियों की आवाज़, और चीखें बढ़ता तनाव एक ऐसा गहन माहौल बनाता है।



## केसरी चैप्टर 2 में अक्षय ने ब्रिटिश साम्राज्य की बखिया उधेड़ी

1. **फिल्म 18 अप्रैल को रिलीज होगी :** 'केसरी चैप्टर 2' की रिलीज डेट पहले ही घोषित की जा चुकी है। करण सिंह त्यागी द्वारा निर्देशित और धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा अनन्या पांडे और आर माधवन भी अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे।

2. **अक्षय कुमार का वर्कफ्रंट :** वर्कफ्रंट की बात करें तो अक्षय कुमार आखिरी बार फिल्म 'स्काई फोर्स' में नजर आए थे। 'केसरी चैप्टर 2' के अलावा उनके पास 'भूत बंगला', 'हाउसफुल 5', 'जॉली एलएलबी 3' और 'वेलकम 3' जैसी फिल्में लाइन में हैं।

